संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरूवार, 11 मई 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 128 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com **हरियाणा संस्करण** दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



कर्नाटक चुनाव में शादी से पहले वोटिंग देने पहुचे दूल्हा-दुल्हन।

## कर्नाटक एग्जिट पोल में कांग्रेस की सरकार, बीजेपी की करारी हार

**टीम एक्शन इंडिया/बंगलुरू/नई दिल्ली**

**सांप,** नालायक, बजरंग दल बैन से लेकर बजरंगबली की जय और चुनाव आयोग तक पहुंचे कर्नाटक की संप्रभुता जैसे बयान खत्म। कर्नाटक की 224 सीटों पर वोटिंग भी पूरी। वोट 66% पड़े। अब इंतजार रिजल्ट का। पर उससे पहले एग्जिट पोल। इस बार 5 में से एक एग्जिट पोल में भाजपा की सरकार बन रही है। एक में वो सबसे बड़ी पार्टी है। वहीं तीन पोल में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनती नजर आ रही है। यानी बहुमत के आंकड़ों से 5 से 10 सीट दूर। कुल 4 सर्वे में हंग असेंबली है। 4 सर्वे जेडीएस को 21 से 33 सीट के साथ किंगमेकर बता रहे। यानी 2018 की तरह एक बार फिर जेडीएस के बिना कांग्रेस या भाजपा की सरकार नहीं बनेगी। पोल ऑफ पोल्स के मुताबिक, भाजपा 98, कांग्रेस 99, जेडीएस 24 और अन्य को 3 सीट मिलने का अनुमान है। ये सब अभी का हिसाब-किताब है। बस




**13 मई को नतीजे...**

**● 5 में से एक एग्जिट पोल में भाजपा की सरकार बन रही है। एक में वो सबसे बड़ी पार्टी है। वहीं तीन पोल में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनती नजर आ रही है**

दो दिन रुकिए, नतीजे 13 मई को आएंगे। सरकार बनाने के लिए 113 विधायक चाहिए।

**इंडिया टीवीः किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं:** पोल के मुताबिक, कांग्रेस 105 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बन सकती है। भाजपा 85 और जेडीएस 32 सीटें जीत सकती है। यानी बहुमत किसी को नहीं। सर्वे 6 मई को हुआ था। इसमें 112 सीटों के 11 हजार 200 लोगों से बातचीत की गई थी।

**एबीपी न्यूज-सी वोटरः कांग्रेस की सरकारः** सर्वे में कांग्रेस को 110 से 122, भाजपा को 73 से 85 और जेडीएस को 21 से 29 सीटें मिलने का अनुमान है। सर्वे में 73 हजार लोगों का फीडबैक है।

## सुनवाई करते समय सेंसिटिव और अलर्ट रहें जजः हाईकोर्ट




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने जजों से कहा कि गवाहों के बयान दर्ज करने और बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न के मामलों की सुनवाई करते समय सेंसिटिव हार्ट और अलर्ट माइंड रखने की जरूरत है।

जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा, राज्य सरकार व प्रशासन कोर्ट को जरूरी और मॉडर्न इन्फ्रास्ट्रक्चर तो दे सकता है, लेकिन जज को संवेदनशील दिल नहीं दे सकता। जज को खुद ही सेंसिटिव हार्ट डेवलप करना होगा, ताकि यौन उत्पीड़न के दौरान बयान दर्ज करते समय दिमाग सतर्क हो। इससे मुकदमे को एक ही डायरेक्शन में न मोड़ा जा सके। ऐसा उन्होंने 15 साल पुराने यौन उत्पीड़न के मामले में ट्रायल कोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए कहा।

## राहुल-केजरीवाल के खिलाफ झूठे बयान देने का आरोप



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राहुल** गांधी और अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि दोनों नेताओं ने उद्योगपतियों के 8 लाख करोड़ रुपए के कर्ज माफ होने के झूठे बयान दिए हैं। कर्ज माफी को लेकर झूठी खबरें भी फैलाई हैं। याचिका में कहा गया है कि इनके बयान दो बड़े मीडिया संस्थानों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हैं, जिन्हें हटाया जाए। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने याचिकाकर्ता को केस से जुड़े डॉक्यूमेंट्स जमा करने का आदेश दिया है। यह याचिका किसान और सामाजिक कार्यकर्ता होने का दावा करने वाले सुरजीत सिंह यादव ने दायर की है।

## कट्टरपंथी इस्लामिक हिज्ब-उत-तहरीर के सदस्यों की धरपकड़



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**मध्यप्रदेश** और तेलंगाना एटीएस की टीम ने मंगलवार सुबह भोपाल और छिंदवाड़ा में दबिश दी। दोनों जगह से 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन हिज्ब-उत-तहरीर से जुड़े होने के सबूत मिले हैं। देशभर में कुल 16 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। भोपाल से 10, छिंदवाड़ा से 1, तेलंगाना से 5 सदस्यों को पकड़ा गया है। गिरफ्तार लोगों में भोपाल गैस त्रासदी एक्टिविस्ट का रिश्तेदार भी शामिल है। इंजीनियर से लेकर टीचर भी इस संगठन से जुड़े हुए हैं। मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा, एमपी एटीएस ने पकड़े गए सदस्यों के पास से आपत्तिजनक साहित्य भी बरामद हुआ है। इस संबंध में काफी समय से इनपुट मिल रहा था, इसके बाद यह कार्रवाई की गई।

## 'आप डॉक्टरों की रक्षा नहीं कर सकते तो अस्पतालों को बंद कर दें'



**कोल्लम (केरल):** केरल उच्च न्यायालय ने एक महिला डॉक्टर की हत्या का स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार और पुलिस को कड़ी फटकार लगाई है। उच्च न्ययालय राज्य पुलिस प्रमुख को 11 मई को ऑनलाइन पेश होने को कहा है और मामले में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति देवन रामचंद्रन और न्यायमूर्ति कौसर एडप्पागथ की खंडपीठ ने राज्य से कहा, यदि आप डॉक्टरों की रक्षा नहीं कर सकते हैं, तो अस्पतालों को बंद कर दें। दरअसल, कोट्टारक्कारा के एक तालुक अस्पताल में इलाज के लिए लाए गए एक व्यक्ति ने बुधवार को 22 वर्षीय एक महिला डॉक्टर वंदना दास की चाकू मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी।

# मोदीमय हुई मरूधरा

## देश का सबसे बड़ा फ्रॉड गरीबी हटाओ का नारा, मेडिकल कॉलेज बनाते तो डॉक्टर कम नहीं पड़ते: पीएम, गुजरात से आगे निकल गया राजस्थान: सीएम गहलोत

**साधा निशाना**

**● यह कैसी सरकार है, जहां सीएम को अपने विधायकों पर भरोसा नहीं है, विधायक को अपने सीएम पर भरोसा नहीं**

**टीम एक्शन इंडिया/माउंट आबू**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के माउंट आबू में जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य में कांग्रेस की अंदरूनी कलह पर कटाक्ष किया पीएम ने कहा कि यह कैसी सरकार है, जहां मुख्यमंत्री को अपने विधायकों पर भरोसा नहीं है, विधायक को अपने मुख्यमंत्री पर भरोसा नहीं है। पीएम ने आगे कहा, "यहां हर कोई एक दूसरे पर इल्जाम लगा रहा है। जब कुर्सी पर ही संकट रहेगा तो विकास की किसे चिंता होगी।" राजस्थान में कानून-व्यवस्था पूरी तरह तबाह हो चुकी है प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज कांग्रेस शासन में राजस्थान में कानून-व्यवस्था पूरी तरह तबाह हो चुकी है। जिस राजस्थान में गंभीर अपराध कम ही सुनने को मिलते थे, वहां आज अपराधी बेखौफ होकर घूम रहे हैं और वोट बैंक की



गुलामी कर रही कांग्रेस कार्रवाई करने से डर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक जिस तरह की राजनीति की है उसमें दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज का सबसे ज्यादा अहित हुआ है। आदिवासी समाज ने बरसों तक कांग्रेस पर भरोसा किया, लेकिन क्या मिला? सिर्फ अभाव।

**'कांग्रेस की हर गारंटी के साथ इनके नेता और अमीर हो जाते हैं...':** पीएम ने कहा कि आजादी के बाद से ही सबसे अधिक पार्टियां सामाजिक न्याय के नाम पर बनी, लेकिन इन पार्टियों ने देश को क्या दिया? इन्होंने देश को सिर्फ जातिवाद, घोर परिवारवाद और भ्रष्ट इकोसिस्टम दिया। पीएम ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में सबसे बड़ा घोटाला, जनता की भावनाओं पर एक जबरदस्त धोखा 50 साल पहले हुआ था।

कांग्रेस द्वारा 50 साल पहले देश में गरीबी हटाओ की गारंटी दी थी। कांग्रेस की हर गारंटी के साथ कांग्रेस के नेता और अमीर हो जाते हैं और देश का नागरिक और गरीब हो जाता है।

### मोदी-गहलोत ने एक-दूसरे पर कसा सियासी तंज



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक ही मंच से एक-दूसरे पर सियासी तंज कसा है। गहलोत ने प्रधानमंत्री से विपक्ष का सम्मान करने की बात तो मोदी ने कांग्रेस के शासनकाल में रुके विकास कार्यों का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोग देश में अच्छा होते हुए देखना ही नहीं चाहते। उन्हें केवल विवाद खड़ा करना अच्छा लगता है। यदि पहले ही मेडिकल कॉलेज बना दिए जाते तो देश में डॉक्टर्स की कमी नहीं होती। वहीं, मुख्यमंत्री ने मोदी के सामने एक बार फिर ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट को पूरा करने की मांग रखी और कहा कि सरकार कोई भी हो उसे विपक्ष का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि बिना विपक्ष के सत्ता पक्ष कुछ नहीं है। दरअसल, प्रधानमंत्री एक दिन के राजस्थान दौरे पर पहुंचे। उन्होंने नाथद्वारा में भगवान श्रीनाथजी के दर्शन के बाद रेलवे लाइन सहित पांच हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। नाथद्वारा में भगवान श्रीनाथजी के दर्शन के बाद जनसभा को संबोधित किया।



द केरल स्टोरी की टीम यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट करती हुई।

## जालंधर में आप विधायक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/जालंधर**

**जालंधर** में अमृतसर के बाबा बकाला से आम आदमी पार्टी (आप) विधायक दलवीर सिंह टोंग को गिरफ्तार कर लिया गया है। जालंधर में लोकसभा उपचुनाव के लिए वोटिंग हो रही थी इसी दौरान विधायक टोंग शाहकोट इलाके में घूम रहे थे। चुनाव आयोग के नियमों के मुताबिक मतदान खत्म होने के 40 घंटे पहले तक कोई भी बाहरी व्यक्ति लोकसभा क्षेत्र में नहीं घूम सकता। इसके बावजूद वह शाहकोट में घूम रहे थे। तभी शाहकोट से कांग्रेस विधायक हरदेव सिंह लाडी ने उन्हें घेर लिया। लाडी ने मौके पर पुलिस बुला ली। लाडी ने आरोप लगाया कि विधायक टोंग समर्थकों के साथ यहां आकर वोटरों को प्रभावित कर रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व आईपीएस भट्ट की याचिका खारिज की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने** गुजरात के पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट की याचिका पर जस्टिस एमआर शाह को सुनवाई से अलग करने की मांग खारिज कर दी है। दरअसल, संजीव भट्ट ने गुजरात हाई कोर्ट में दाखिल की गई अपील में अतिरिक्त साक्ष्य पेश करने की इजाजत देने की मांग वाली याचिका पर जस्टिस एमआर शाह को सुनवाई से अलग करने की मांग की थी। इस मामले में गुजरात हाई कोर्ट में दोषसिद्धि के खिलाफ सुनवाई तब तक टालने की मांग की गई थी, जब तक कि अतिरिक्त सबूत पेश करने की याचिका पर फैसला नहीं



हो जाता। याचिका में कहा गया था कि वर्तमान याचिका कि विषय वस्तु पर पहले जस्टिस शाह ने फैसला किया था, जब वह गुजरात हाई कोर्ट के जज थे। भट्ट को गुजरात के जामनगर में सेशंस कोर्ट ने नवंबर 1990 में जामजोधपुर निवासी प्रभुदास वैष्णानी की हिरासत में मौत के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

## नार्को टेस्ट करवाएं बृजभूषणः साक्षी मलिक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** जंतर-मंतर पर पहलवानों का धरना-प्रदर्शन जारी है। इस बीच 2016 रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को चुनौती दी है। उन्होंने बृजभूषण को नार्को टेस्ट कराने और खुद को निर्दोष साबित करने की चुनौती दी है। साक्षी ने कहा कि अगर चीफ बृजभूषण को सात पहलवानों द्वारा उनके खिलाफ लगाए यौन उत्पीड़न के आरोप के बाद बेगुनाह साबित होने का भरोसा है, तो वह लाई डिटेक्टर नार्को टेस्ट करवाएं। विरोध करने वाले पहलवानों ने यह भी कहा कि अगर बृजभूषण के कामों में अभी भी शामिल हैं, तो वे प्रतियोगिताओं के आयोजन का विरोध करेंगे।

## पाकिस्तान में उबालः पूरे देश में आगजनी व हिंसा

### पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी का हिंसक विरोध, सेना मुख्यालय में घुसे प्रदर्शनकारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी का हिंसक विरोध बढ़ता ही जा रहा है। पूरे देश में आगजनी व हिंसा की घटनाएं कल से भी ज्यादा तेज हो गयी हैं। बुधवार को हालात इतने बदतर हो गए हैं कि रावलपिंडी स्थित सेना मुख्यालय में प्रदर्शनकारी घुस गए हैं। तीन प्रांतों में इंटरनेट सेवा रोकी गई है और सभी सरकारी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। अल कादिर ट्रस्ट मामले में इमरान खान की मंगलवार को हुई गिरफ्तारी की वजह से आगजनी व हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। आरोप



है कि इमरान खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी और उनकी पार्टी के कई अन्य नेताओं ने इस्लामाबाद की रियल स्टेट कंपनी बाहरिया टाउन से करीब पांच अरब रुपये और सैकड़ों कनाल जमीन ली थी। आरोप है कि यह जमीन दान के रूप में गैर-लाभार्थी संगठन अल कादिर ट्रस्ट को दी गई। खास बात ये है कि इस ट्रस्ट में बस दो ही ट्रस्टी इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी हैं। आरोप है कि इस समझौते के चलते देश के खजाने को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है।

**पाक बंद का ऐलान**

**● अल कादिर ट्रस्ट मामले में इमरान खान की मंगलवार को हुई गिरफ्तारी की वजह से आगजनी व हिंसा की घटनाएं हो रही**

इमरान की गिरफ्तारी के बाद से पाकिस्तान सुलग रहा है। बताया गया कि इमरान खान को रावलपिंडी भेजा गया है। इमरान खान की गिरफ्तारी को गैर कानूनी ठहराने से जुड़ी याचिका इस्लामाबाद हाईकोर्ट से खारिज होने के बाद आक्रोश और मुखर हो गया।

## अब एमपी में द केरल स्टोरी पर लगेगा टैक्स

**भोपालः** मध्यप्रदेश सरकार ने द केरल स्टोरी का टैक्स फ्री स्टेटस वापस ले लिया है। छह मई को राज्य सरकार के वाणिज्यिक कर विभाग ने आदेश जारी कर फिल्म को टैक्स फ्री किया था। दस मई को नया आदेश जारी कर पुराने को निरस्त कर दिया गया। वाणिज्यिक कर विभाग में उप-सचिव आरपी श्रीवास्तव ने दस मई को आदेश जारी कर कहा कि विभाग के आदेश क्रमांक 1145/2023/05 (सेक्शन-1) दिनांक 06.05.2023 को राज्य शासन 10 मई 2023 के प्रभाव से निरस्त करता है।

राज्य सरकार के फैसले पर सवाल उठ रहे हैं क्योंकि निरस्ती का आदेश उस दिन आया है। जब कर्नाटक में वोटिंग हुई।

**रिश्ते मजबूत होंगे** व्हाइट हाउस ने जारी किया बयान, जून में अमेरिका दौरे पर जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

## पीएम मोदी के लिए डिनर होस्ट करेंगे बाइडेन

**टीम एक्शन इंडिया/वॉशिंगटन**

**नरेंद्र मोदी** जून में अमेरिका दौरे पर जा रहे हैं। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन मोदी के लिए 22 जून को ऑफिशियल डिनर होस्ट करेंगे। यह जानकारी बुधवार शाम व्हाइट हाउस ने एक बयान में दी। व्हाइट हाउस ने कहा- मोदी के इस दौरे से भारत और अमेरिका के रिश्ते मजबूत होंगे। दोनों देश स्ट्रैटेजिक पार्टनर हैं और हमें उम्मीद है कि दुनिया के दो महान लोकतंत्र एक नए युग की शुरूआत करेंगे।

**हिंद महासागर पर फोकसः** बयान में कहा गया है कि मोदी के इस दौरे से हिंद महासागर में सिक्योरिटी के लिहाज से एक नई शुरूआत होगी। इस दौरे पर टेक्नोलॉजी और डिफेंस से जुड़ी बेहद अहम बातचीत हो सकती है। अमेरिका चाहता है कि एजुकेशन और क्लाइमेट चेंज जैसे अहम ग्लोबल इश्यूज पर भी दोनों देश मिलकर काम करें। इसके अलावा पीपुल टू पीपुल कॉन्टैक्ट्स भी बढ़ाया जाना चाहिए। इसके लिए भी पॉलिसी तैयार की जा रही है।



**विश्व योग दिवस पर कार्यक्रमः** न्यूयॉर्क में पीएम मोदी यूएन मुख्यालय में विश्व योग दिवस कार्यक्रम के शामिल होंगे। इसके बाद शिकागो में भारतीय समुदाय के साथ मोदी एक बड़े कम्युनिटी कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इस मीटिंग से पहले पीएम मोदी और राष्ट्रपति बाइडेन मई में ऑस्ट्रेलिया में होने वाली क्वाड मीटिंग के दौरान भी मिलेंगे। क्वाड देशों की इस बैठक में जापान और ऑस्ट्रेलियाई लीडर्स भी मौजूद रहेंगे।

## धर्म से जुड़ी राजनीतिक पार्टियों के नाम पर हुई सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली हाई कोर्ट** ने धर्म से जुड़ी राजनीतिक पार्टियों का रजिस्ट्रेशन रद करने की याचिका पर केंद्र को अपना पक्ष बताने के लिए चार हफ्ते का समय दिया है। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने दिया है। कोर्ट का कहना है 2019 में जनहित याचिका पर नोटिस जारी करने के बावजूद केंद्र सरकार ने अभी तक जवाब दाखिल नहीं किया है। मामले की अगली सुनवाई 9 अगस्त को होगी।

## राजस्थान समलैंगिक विवाह के पक्ष में नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सेम सेक्स** मैरिज को मान्यता देने वाली 20 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को 9वें दिन सुनवाई चली। मामले पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एसके कौल, जस्टिस रवींद्र भट, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस हिमा कोहली की संवैधानिक बेंच दलीलें सुनीं। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि सभी राज्यों को पत्र लिखे गए थे। उनमें से मणिपुर, आंध्रप्रदेश, यूपी, महाराष्ट्र, असम, सिक्किम और राजस्थान से जवाब मिले हैं। राजस्थान इसके विरोध में है। बाकी राज्यों का कहना है कि इस पर बहस की जरूरत है। इधर सुनवाई के दौरान एक इंटरवीनर एंसन थॉमस चीफ जस्टिस को सेम सेक्स मैरिज की सुनवाई से हटाने की याचिका लेकर पहुंचा, जिसे खारिज कर दिया गया



**सेम सेक्स मैरिज**

**● जस्टिस डीवाई, जस्टिस एसके, जस्टिस रवींद्र, जस्टिस नरसिम्हा और जस्टिस हिमा की संवैधानिक बेंच दलीलें सुनी**

**केंद्रः** तुषार मेहता ने कहा, "सुप्रीम कोर्ट को बेकर के केस की जानकारी होगी। उसने सेम सेक्स कपल के लिए केक बनाने से इनकार कर दिया था। उस पर केस कर दिया गया। अमेरिका में भी ऐसा हुआ था।

जब एक पादरी ने सेम सेक्स मैरिज कराने से इनकार कर दिया गया था। उस पर केस कर दिया गया। इसके बाद पादरी की सुरक्षा के लिए कानून बनाना पड़ा। ऐसी स्थिति की कल्पना करिए कि आपने सेम सेक्स मैरिज का कानून बना दिया। आप ने नियम की रूपरेखा की घोषणा नहीं की।

# पुलिस ने तोड़ा नूंह में साइबर ठगों का जाल

## देशभर में साइबर ठगी का फैला रखा था मकड़जाल, इन महाठगों के पकडे.जाने से देशभर में साइबर ठगी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** पुलिस द्वारा जिला नूंह में साइबर जालसाजों के ठिकानों पर एक साथ की गई रेड के बाद जांच में अब तक देश भर में लगभग 100 करोड़ रुपये की साइबर ठगी का खुलासा हुआ है। ये महाठग फर्जी सिम, आधार कार्ड इत्यादि द्वारा देशभर के लोगों से ठगी करते और फर्जी बनाए बैंक खातों में राशि डलवा देते ताकि पुलिस इन तक ना पहुंच सके। इल जालस-ाजों द्वारा हरियाणा से राष्ट्रीय राजधानी, दिल्ली और यूपी से लेकर अंडमान निकोबार तक लोगों को निशाना बनाया जा चुका है। इनके पकड़े जाने से देशभर में साइबर ठगी के लगभग 28,000 केस ट्रेस हुए हैं। नूंह पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला ने आज नूंह में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि 27/28 अप्रैल की मध्यरात्रि को 5000 पुलिसकर्मियों की 102 टीमों ने जिले के 14 गांवों में एक साथ छापेमारी की थी। इस दौरान करीब 125 संदिग्ध हैकर्स को हिरासत में लिया गया था। इनमें से 66 आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। सभी को अदालत में पेशकर 7 से 11 दिन की रिमांड




पर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पूरे मामले का पदार्फाश करने के लिए हरियाणा के पुलिस महानिदेशक श्री प्रशांत कुमार अग्रवाल ने इन साइबर अपराधियों से पूछताछ के लिए पूरे हरियाणा से 40 साइबर विशेषज्ञों की एक टीम तैयार की। इस प्रकार साइबर विशेषज्ञों की मदद से पकड़े गए साइबर अपराधियों से निरंतर पूछताछ की गई और साइबर धोखाधड़ी द्वारा अपनाई जा रही कार्यप्रणाली के साथ-साथ फर्जी सिम और बैंक खातों के स्त्रोतों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। छापे के दौरान जब्त किए गए मोबाइल फोन और सिम कार्ड की भी तकनीकी रूप से जांच की गई और टीएसपी/आईएसपी, बैंक, एनपीसीआई, यूपीआई इंटरमीडियरीज, यूआईडीएआई, डीओटी, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, व्हाट्सएप, ओएलएक्स आदि से संबंधित जानकारी भी मांगी गई। साथ ही, केंद्रीय गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की सहायता से भी इन साइबर ठगों द्वारा उपयोग किए जाने वाले फर्जी बैंक खातों, सिम, मोबाइल फोन आदि को देश भर में प्राप्त साइबर अपराध की शिकायतों से जोड़ने का अनुरोध किया गया था। इस विश्लेषण के दौरान यह बात सामने आई है कि साइबर ठगों ने अब तक देश भर के 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से करीब 28000 भोले-भाले लोगों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी को अंजाम दिया है। पकडे.गए इन साइबर जालसाजों के खिलाफ देशभर में पहले से ही 1346 प्राथमिकी दर्ज होनी पाई गई हैं। ऐसे ठगों की संलिप्तता तय करने के लिए इन साइबर अपराधियों का विवरण राज्यों के संबंधित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भेजा जा रहा है। जांच में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के 219 खातों और 140 यूपीआई खातों के बारे में भी जानकारी सामने आई, जिनका इस्तेमाल साइबर धोखाधड़ी करने के लिए किया जा रहा था। ये बैंक खाते मुख्य रूप से ऑनलाइन सक्रिय पाये गये और नौकरी देने के बहाने लोगों को धोखा देकर और फिर आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाइल नंबर और ऑनलाइन केवाईसी करवाकर ठगी की जा रही थी।

# मांगों को लेकर नंबरदार एसोसिएशन के पदाधिकारी डिप्टी सीएम से मिले



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार)**
हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन अंबाला के पदाधिकारी डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के निवास चंडीगढ़ पर मिले । डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने हमारी सभी मांगों पर गौर फरमाये और समीक्षा की। एफसीआर चंडीगढ़ को हमारा लेटर फॉरवर्ड किया और हमारी सभी मांगो की समीक्षा और हमें आश्वासन दिया इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष आजाद सिंह, प्रदेश महासचिव विजेंद्र संधू, जिला

**▶▶ डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने हमारी सभी मांगों पर गौर फरमाये और समीक्षा की। एफसीआर चंडीगढ़ को हमारा लेटर फॉरवर्ड किया**

प्रधान जिंदर पाल शर्मा, तहसील प्रधान रामचंद्र शर्मा, जॉन प्रधान दविंदर राणा और मीडिया प्रभारी अंबाला सुरेश नंबरदार उपस्थित रहे।

# देश और प्रदेश में आने वाली अगली सरकार कांग्रेस पार्टी की: एडवोकेट मनोज गोहाना

**टीम एक्शन इडिया/सोनीपत**
**प्रदेश** महासचिव राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हरियाणा कांग्रेस के एडवोकेट मनोज गोहाना ने आज गोहाना हल्के के गांव खानपुर की हरिजन चोपाल में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत राहुल गांधी की चिट्ठी सभी उपस्थित साथियों को दी। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मनोज गोहाना ने कहा कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए गए जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के तहत भाजपा सरकार द्वारा लोकतंत्र पर किए जा रहे हमले और अडानी घोटाले और राहुल गांधी की गैरकानूनी तरीके से सदस्यता खत्म करने के बारे में विस्तार से बताया ।
मनोज गोहाना ने कहा कि भाजपा सरकार से जनता का मोहभंग हो चुका है। देश और प्रदेश में आने वाली अगली सरकार कांग्रेस पार्टी की होगी।



जिससे देश व परदेश में बेरोजगारी व महंगाई, से जनता परेशान है। कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर महंगाई व बेरोजगारी पर लगाम लगाने का काम किया जाएगा। जिसे जनता को राहत मिल सके इस मौके पर जगदीश चंद्र, करतार सिंह,दिलबाग सिंह, सुभाष,चरण दास, सूरजभान, कुलदीप, कपूर सिंह, बुधराम, सतवीर, रमेश, राजबीर, अमित, रामकेश, दिनेश, बिट्टू , सतपाल आदि मौजूद रहे ।

# ब्राह्मण संगठनों ने कार्तिकेय शर्मा का आभार जताया



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पहरावर की जमीन के ऐतिहासिक फैसले पर ब्राह्मण समाज अंबाला के सदस्यों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे लोकप्रिय युवा राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा के अथक प्रयास का फल है की हरियाणा कैबिनेट ने कल की मीटिंग में इस जमीन की लीज गौड़ ब्राह्मण संस्था के नाम कर दी है व इस जमीन की लीज मियाद को बढ़ाकर 33 साल तक कर दिया है जो कि एक सराहनीय कदम है। गौरतलब है कि विगत 11 दिसंबर को कर्ण की नगरी करनाल की पावन धरा पर भगवान परशुराम महाकुंभ का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्यातिथि थे। इस महाकुंभ के आयोजन में सांसद कार्तिकेय शर्मा की अहम भूमिका थी, उन्होंने प्रदेश के ब्राह्मण समाज की भावनाओं को आगे रखते हुए उक्त जमीन की लीज के मसले को भगवान परशुराम महाकुंभ मुख्यमंत्री के सामने उठाया था।

# पार्क की सुंदरता बढ़ाने और बेहतर व्यवस्थाएं करने की दिशा में करे कार्य: योगेशपाल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
शहर को साफ और सुंदर बनाने के लिए पार्कों का निर्माण किया गया था, पर्यावरण के साथ-साथ और लोग अपने शरीर को स्वस्थ रख सकें। निगम को पार्कों के रखरखाव की जिम्मेवारी दी गई है,लेकिन बात शहर के पार्को की करें, तो इन दिनों शहर के शनि मंदिर के सामने बने पार्क की हालत बद से बदतर होती जा रही है। नगर निगम के अफसरों की उदासीनता के चलते पार्क अपना अस्तित्व ही खो रहा है। पार्क में शौचालय और सफाई व्यवस्था बद से बदतर हो चुकी है, डस्टबिन टूट चुके है। बेंच क्षतिग्रस्त हो चुके है। ऐसे में अब हालात ये बन गए है कि पार्क में आने वालों की संख्या अब कम होने लगी



है ।स्थानीय निवासियों ने पार्क की बदहाली की समस्या के बारे में भाजपा के जिला महामंत्री योगेश पाल अरोड़ा को अवगत करवाया। अरोड़ा ने स्थानीय निवासियों के साथ पार्क का निरीक्षण किया और मौके पर ही हॉर्टिकल्चर के एम०ई० अभिषेक और ठेकेदार को बुलाया और पार्क में हुई अव्यवस्थाओं के बारे में बताकर उन्हें उचित रखरखाव के लिए सख्त निर्देश दिए और कहा की पार्क की सुंदरता बढ़ाने और बेहतर व्यवस्थाएं करने की दिशा में कार्य करे। इस मौके पर यशपाल मदान,महेश कुमार,श्री कृष्ण,राम लक्ष्मण ठकराल,सुमित कुमार,नरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# न्यू रामनगर में रिटायर्ड प्रोफेसर के घर लाखों की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी में चोरों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। गत दिवस एक परिवार मोहाली अपनी रिश्तेदारी में गया हुआ था। पीछे से शातिर चोरों ने रसोई के बर्तन तक नहीं छोड़े। परिवार जब वापस लौटा तो घर के दरवाजों के ताले टूटे मिले और सामान बिखरा पड़ा था। चोरी महेश नगर थाना एरिया के न्यू राम नगर में हुई है। न्यू राम नगर निवासी रिटायर्ड प्रोफेसर रमिंदर कौर ने बताया कि वह 2 मई को मोहाली अपनी रिश्तेदारी में गई थी। 9 मई की शाम को जब वापस लौटी तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। मकान के अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था।
रमिंदर कौर ने बताया कि रसोई और बाथरुम में पानी की फिटिंग टूटी हुई मिली। दोनों जगह लगी लगभग 2 लाख रुपए की टोटियां चोरी हुई मिली। यही नहीं, चोरों ने बाथरुम और रसोई में अन्य सामान को भी नुकसान पहुंचाया है।

# सेंट जोसफ ने धूमधाम से मनाया मदर्स-डे

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर स्थित सेंट जोसफ स्कूल में मदर्स-डे का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया ' कार्यक्रम में पहुँची सभी मदर्स को विद्यार्थियों ने तिलक कर व प्यार भरे संदेश से परिपूर्ण बैज लगाकर उनका स्वागत किया ' ह्यमदर्स-डेह्न का शुभारंभ पवित्र ज्योति प्रज्जवलित करके किया गया ' कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए छात्रों द्वारा डांस,संगीत व नृत्य प्रस्तुत किए गए ' इस अवसर को रोमांचक बनाने के लिए इसमें



विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे मॉडलिंग, टैलेंट राउंड व डांसराउंड के साथ-साथ बेस्ट हिंदी, बेस्ट साड़ी पल्लू और कई 1 मिनट के खेल खिलवाए गए, जिसमें सभी मदर्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व अपनी अपनी बहुमुखी प्रतिभा व कला का प्रदर्शन किया ' कार्यक्रम में विजेता माताओं को प्रमाण पत्र व उपहार भेंट-स्वरूप दिए गए ' श्रीमती मिसप्रीतिको एस जे एस मॉम के खिताब से नवाजा गया। इसके पश्चात डायरैक्टर किरण बैनर्जी, प्रिंसीपल अमिता सचदेवा व अन्य मदर्स ने मिलकर केक कटिंग की तथा एक दूसरे को ह्यमदर्स-डेह्न की बधाई दी ' अंत में डायरैक्टर किरण बैनर्जी, आशिमा किरण बैनर्जी,सीनियर मैनेजर अभिजीत व अमिता सचदेवा ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि बच्चों को अपने जीवन में माँ के महत्व को समझना चाहिए क्योंकि माँ ही है जो बिन कहे, बिन बोले अपने बच्चों की हर बात को समझ जाती है ।

# वेतन ना मिलने पर पीडब्ल्यूडी वर्कर्स यूनियन में भारी रोष



**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला(मनीष कुमार)** हरियाणा गवर्नमेंट पी डब्ल्यू डी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 41 संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच कैंप कार्यालय करनाल की शाखा जन स्वास्थ्य अंबाला शहर की हरियाणा कौशल निगम द्वारा लगभग 325 कर्मचारियों को 3 माह से वेतन न देने के बारे में अति आवश्यक मीटिंग एस टी पी मॉडल टाउन अंबाला शहर पर जिला प्रधान सरदार इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला प्रधान सरदार इंद्रजीत सिंह ने बताया कि कौशल निगम में लगे कर्मचारियों को अभी तक मार्च तथा अप्रैल माह का वेतन नहीं मिला और हरियाणा सरकार की नीति के अनुसार कौशल निगम में लगे कर्मचारियों को हर माह की 7 तारीख तक वेतन मिलना चाहिए। इस विषय पर कर्मचारियों में रोष व्याप्त है और कर्मचारियों को वेतन ना मिलने के बारे में कार्यकारी अभियंता अंबाला शहर को मौखिक रूप से मिलकर कई बार बताया गया ऐसा प्रतीत होता है कि जानबूझकर वेतन को लटकाया जाता है। सरकार की तरफ से बजट भी आने के बावजूद वेतन नहीं दिया गया ऐसा करके कर्मचारियों के बीच में सरकार को बदनाम करने का काम किया जा रहा है। इस विषय को लेकर कर्मचारियों द्वारा मीटिंग के बाद जुलूस की शक्ल में रोष प्रकट करते हुए तथा नारेबाजी करते हुए एसटीपी मॉडल टाउन से कार्यकारी अभियंता कार्यालय गए यदि इस बात को गंभीरता से लेते हुए कार्यकारी अभियंता द्वारा शीघ्र अति शीघ्र वेतन ना दिया तो कार्यकारी अभियंता को चेतावनी दी गई कि संस्था द्वारा 1 सप्ताह के बाद कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य अंबाला शहर के कार्यालय के समक्ष शीघ्र अति शीघ्र अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा तथा अन्य मांगों को लेकर भी कर्मचारियों में भारी रोष है।

# बधोली गांव में शरारती तत्व पर मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला के निकटवर्ती गांव बधोली में शरारती तत्वों ने सरकारी स्कूल में डॉ. इफ अंबेडकर की फोटो पर कालिख पोत दी। यही नहीं, बॉयज टॉयलेट की सीटें भी तोड़कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। प्रिंसिपल ने पुलिस को सौंपी शिकायत में कहा है कि 8 मई की सुबह स्कूल खुलने पर स्टाफ ने देखा कि स्कूल परिसर में डॉ. अंबेडकर की फोटो पर किसी शरारती तत्व ने कालिख पोत दी है। यही नहीं, हाल ही में बनाए बॉयज टॉयलेट की भी सीट को तोड़ दिया है।

# प्रथम स्वतंत्रता संग्राम पर कार्यक्रम हुआ आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**10 मई** 1857 को भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम शुरू हुआ था। देश की आजादी में लाखों लोगों ने अपना बलिदान दिया। केंद्र सरकार द्वारा भी आजादी का 75 वां महोत्सव मनाया जा रहा है। आज 1857 की क्रांति में बलिदान देने वालों को याद करते हुए अंबाला छावनी के सिख सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
प्रसिद्ध इतिहास का डॉ यूवी सिंह ने बताया कि 1857 में आज ही के दिन पहला भारत का स्वतंत्रता संग्राम शुरू हुआ था। उन्होंने आज के दिन बलिदानियों को सच्ची श्रद्धाजलि दी जाती है और बच्चों को बताया जाता है कि आजादी के संघर्ष में कितने बलिदान के बाद हमें यह आजादी मिली और आज हमारा देश प्रगति कर रहा है। इस प्रगति




का महत्व तभी होता है। जब हम पुराने सेनानियों को समय-समय पर याद करें। इसी को ध्यान में रखते हुए आज यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि 10 मई को सुबह 10बज कर 50 मिनट पर अंबाला से ही प्रथम स्वतंत्रता संग्राम शुरू हुआ तथा सरदार मेहर सिंह, राम प्रसाद बेरागी, कदून सिंह, गुलाम नवी, गुलाब सिंह, हरि सिंह अबदुला, अजायब खान, भगवान सिंह, देव सिंह को विद्रोह के चलते अंबाला सैंटर जेल के आसपास उन दिनों घने जगल में वृ क्षों पर लटकार कर फांसी दे दी गई थी। 60वीं व 5वीं रैजिमेंट नेटिव इनफैंट्री के बहादुर सिपाहियों ने इस आदोनल को शुरू किया था। सबसे पहले 5 जून को मेहर सिंह को फांसी दी गई।
वहीं प्राचार्य सुखजिंदर कौर ने बताया कि आज इतिहास में एक बहुत बड़ा दिन है। इस आजादी में हरियाणा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंबाला में भी प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। गौरतलब है कि अंबाला में करोड़ो रुपए की लागत से शहीदी समारक का निर्माण किया जा रहा है। 1857 की क्रांति के वीरों की याद में लंबें समय से यहां पर शहीद समारक की मांग उठ रही थी।

# पहलवानों के समर्थन में कांग्रेस पार्टी ने बृजभूषण का पुतला फूंका

## रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बीजेपी एमपी ब्रिज भूषण शरण सिंह के पर महिला खिलाड़ियों के साथ यौन शोषण का आरोप है

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कैसरगंज से बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण के विरोध में अंतरराष्ट्रीय पहलवान दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दे रहे हैं। पहलवानों के समर्थन में कांग्रेस पार्टी द्वारा अंबाला शहर मानव चौक पर कांग्रेस पार्टी युवा नेता सोनू राणा, अर्जुन धीमान, प्रितपाल अंटाल ने अपने समर्थकों के साथ प्रदर्शन कर बृजभूषण का पुतला फूंका।
युवा नेता सोनू राणा ने कहा कि रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बीजेपी एमपी ब्रिज भूषण शरण सिंह के पर महिला खिलाड़ियों के साथ यौन शोषण का



आरोप है। महिला खिलाड़ियों ने तंग आकर 18 जनवरी 2023 को जंतर मंतर पर बृजभूषण की निष्कासन एवं उन पर एफआईआर करने की मांग को लेकर धरना दिया था। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने उचित कार्रवाई का भरोसा दिला कर धरना खत्म करवा दिया था। लेकिन 3 महीने हो गए अभी तक कुछ भी कार्रवाई नहीं हुई। जिसके कारण महिला खिलाड़ी फिर से जंतर-मंतर पर पिछले 5 दिनों से धरना दे रहीं हैं। उनकी एक ही मांग है पीएम मोदी अपने सांसद बृजभूषण चरण सिंह को निष्कासित करें और उन पर कार्रवाई करावाएं। लेकिन केंद्र सरकार इसके ऊपर चुप्पी साधे बैठी है। सोनू राणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक वाशिंग मशीन है। इसमें सभी भ्रष्टाचारी बलात्कारी आरोपी पाक साफ हो जाते हैं। जिससे वह बहुत बहुत ज्यादा अहंकारी हो जाता है। जिस के परिणाम स्वरूप ये लोग महिलाओं का यौन शोषण करते हैं। केंद्र सरकार से अपील है कि तुरंत कार्रवाई करें। सोनू राणा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सहानुभूति खिलाड़ियों के साथ है।

# कलेक्ट्रेट दोगुना करने बारे छावनी तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला प्रॉपर्टी डीलर्स एंड बिल्डर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों सदस्यों, राजनीतिक पार्टियों के अध्यक्षों सहित टूंडला व कलरेहडी, डिफेंस कॉलोनी में अन्य क्षेत्रों की तुलना में लगभग दोगुना कलेक्ट्रेट किए जाने पर एक मेमोरेंडम तहसीलदार छावनी सुरेश कुमार को सौंपा। गौरतलब है कि हाल ही में जिला प्रशासन ने कलेक्ट्रर रेटों को रिवाइज किया, लगभग सभी क्षेत्रों में 10% से लेकर 20% तक के रेट बढ़ाये गये। लेकिन दूसरी तरफ टूंडला व कलरेहड़ी मैं बसी डिफेंस कॉलोनी के रेट जो कि 5100 सौ रुपए प्रति वर्ग थे ,वह बढ़ाकर दस



हजार रुपए प्रति वर्ग गज गज कर दिए गए हैं ।जोकि पिछले रेटो से बढ़ाकर दोगुना कर दिया गए ।जिसके चलते आमजन में बहुत अधिक रोष है,उसी के चलते प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन व बिल्डर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष महिंद्र सेठी ,चेयरमैन अशोक गोयल, मुख्य संरक्षक ओंकार नाथी भाजपा ग्रामीण मंडल के प्रधान किरण पाल चौहान ,बलबीर सिंह ,पुनीत , काका ,बंटी रजनीश कपिल, मान,सूद ,आदि सबने जनहित में उपरोक्त क्षेत्रों में कलेक्टर घटाने की मांग की ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# 275 करोड़ रुपये की खरीद व कॉन्ट्रेक्ट को मंजूरी

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में हुई हाई पावर परचेज कमेटी व हाई पावर वर्क्स कमेटी की हुई बैठक

**नेगोशिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 7 करोड़ 7 लाख रुपये की बचत की गई फैसला लेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) और विभाग उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) तथा हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक में लगभग 275 करोड़ रुपये की खरीद व कॉन्ट्रेक्ट को मंजूरी दी गई। बैठक में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल और श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक भी मौजूद रहे। बैठक के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए मनोहर लाल ने बताया कि बैठक में सिंचाई, पुलिस, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए), उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कुल 26 एजेंडा रखे गए थे, जिसमें से 18 एजेंडे को मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि विभिन्न कंपनियों से नेगोशिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 7 करोड़ 7 लाख रुपये की बचत की गई है।

**पशु बीमा योजना के तहत किसानों को दिया गया 70 करोड़ रुपये का क्लेम:** मुख्यमंत्री ने कहा कि बैठक में पशु बीमा के लिए भी इंश्योरेंस कंपनी के साथ

## 13 से 15 मई तक सिरसा में चतुर्थ जन संवाद-मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम के तहत 13 से 15 मई तक सिरसा में चतुर्थ जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके तहत जिला सिरसा के कई गांवों के लोगों से सीधे रूबरू होकर संवाद किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह जानकारी गत देर सायं पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। उन्होंने सीएम ग्रीवेंसिंज रिड्रेशल एण्ड मॉनिटरिंग सिस्टम जन संवाद पोर्टल का भी लोकार्पण किया। इस पोर्टल पर जन संवाद कार्यक्रम के तहत आने वाली समस्याओं एवं सुझावों को अपलोड कर पूरा लेखा जोखा रखा जाएगा। इसके बाद संबंधित अधिकारी इन समस्याओं का समाधान भी सुनिश्चित करेंगे और शिकायतकर्ता के पास समस्या बारे संदेश भी जाएगा। उन्होंने कहा कि राइट टू सर्विस एक्ट के तहत 600 से अधिक सेवाएं आती हैं। इनके अलावा आने वाली सभी समस्याओं को अधिकारी समयबद्ध ढंग से निदान सुनिश्चित करेंगें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के साथ संवाद करते समय सरकार के समक्ष आने वाली सभी समस्याओं को कार्यान्वित करने के लिए जिला एवं मुख्यालय स्तर पर इन समस्याओं को पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों समस्याओं का निदान के लिए शहरी स्तर पर नगर दर्शन पोर्टल एवं गांव स्तर पर ग्राम दर्शन पोर्टल बनाए गए है।

# संवासियों पर चर्चा, छह की वेरिफिकेशन के निर्देश

**विकास विभाग की निदेशक मोनिका मलिक एवं सामाजिक न्याय अधिकारिता व स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि शामिल हुए**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**महिला आश्रम** रोहतक में 13 वर्ष से अधिक समय से रह रही संवासियों के भविष्य पर गंभीरता से मंथन उपरांत हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने छह संवासियों को रहने की अनुमति प्रदान की तथा बाकी छह संवासियों की उपायुक्त के माध्यम से वेरिफिकेशन करवाते हुए आगामी निर्णय लेने के निर्देश दिए। बुधवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती ढांडा ने हरियाणा सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में महिला आश्रम, रोहतक के संबंध में एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक मोनिका मलिक एवं सामाजिक न्याय अधिकारिता व स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि शामिल हुए। राज्यमंत्री ने अकेली रह रही व ऐसी संवासी, जिनके केवल बेटियां हैं, उन्हें महिला आश्रम में रहने की अनुमति को मंजूरी प्रदान की। उन्होंने छह संवासियों की विस्तृत रिपोर्ट एवं आमदनी स्त्रोत की जानकारी संबंधित उपायुक्त के माध्यम से वेरिफिकेशन करवाते हुए मंगवाने के निर्देश दिए, ताकि उन संवासियों के महिला आश्रम में रहने बारे निर्णय लिया जा सके। राज्यमंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने अधिकारियों से रोहतक के साथ-साथ करनाल महिला आश्रम में संवासियों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली।

# 'सीएम पर गलत टिप्पणी करके ओछी राजनीति ठीक नही'



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता** रमन मलिक ने कहा कि प्रदेश का समग्र और समान विकास कर रहे मुख्यमंत्री मनोहर लाल को लेकर विपक्षी नेताओं द्वारा की गई और की जा रही गलत बयानबाजी प्रदेश का माहौल खराब करने का प्रयोग है। यह इन नेताओं का नया प्रयोग है। ऐसे नेताओं को जनता ही सबक सिखाएगी। पहले भी जनता ने ही इन नेताओं को सत्ता से बाहर बिठाया है। यहां जारी बयान में रमन मलिक ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की तुलना आवारा पशु से करके अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है। उन्होंने उस पद की गरिमा भी नहीं रखी, जिस पद पर वे स्वयं रह चुके हैं। बेशक वे मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करके चंद लोगों की तालियां बटोर ले गये हों, लेकिन सामाजिक दृष्टि से उनका यह कथन बेहद ही भद्दा कहा जा रहा है। उन्हें अपनी इस बात पर माफी मांगनी चाहिए। रमन मलिक ने कहा कि चौटाला से पहले दीपेंद्र हुड्डा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बारे में गलत बोला था। वर्ष 2016 में कांग्रेस में ही हुड्डा के करीबी नेता प्रो. वीरेंद्र ने मुख्यमंत्री को पाकिस्तानी कहा था। ओलंपियन खिलाड़ी विजेंद्र सिंह बॉक्सर ने भी जातिवाद की राजनीति का सहारा लेते हुए बयान दिया कि गुड़ खाने वालों के साथ रहोगे या गुटका खाने वालों के। देश को आजाद हुए 75 साल हो गए विभाजन हुए भी 75 साल हो गए, लेकिन आज भी कुछ लोगों के मस्तिष्क और हृदय में पल रही घृणा उनके जहन में बैठी है। मलिक ने तीखे अंदाज में कहा कि बेशक यह पंजाबी वह लोग हैं, जो भारत के विभाजन की कीमत बनकर खर्च कर दिए गए थे। यह वह लोग हैं जिनके परिवारों में से 20-25 लाख लोगों को विभाजन की अग्नि में भस्म कर दिया था। अनगिनत माताएं बहने और बेटियों ने अपनी इज्जत बचाने के लिए जान दे दी। रमन मलिक ने कहा कि पंजाबी भले ही पाकिस्तान से आए हों, लेकिन उन्होंने यहां आकर कड़ी मेहनत करके खुद को स्थापित किया है।

## 'कामयाबी के लिए जुनून होना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
सपने देखने से कुछ नहीं होता, कामयाबी के लिए जुनून होना चाहिए। यह कहना है, कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू का, जो कि मंगलवार देर शाम को क्रिकेट व फुटबॉल के विद्यार्थियों से मुलाकात करने यहां एक निजी एकेडमी में पहुंचे थे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा दुनिया में दो चीजें ऐसी हैं, जो कि बांटने से बढ़ती हैं, एक प्यार है और दूसरा ज्ञान। उन्होंने कहा कि बचपन में बच्चों को ऐसी चीजें सिखाएं जो आपने मुश्किल में हासिल की हैं, तो बच्चों को इसका लाभ होता है। उन्होंने कहा कि इंसान को मेहनत से अपना मुकद्दर खुद बनाना होता है। हर कार्य के लिए जनून होना चाहिए। अकेले सपने देखने से कुछ नहीं होता।

# 'जिला नगर आयुक्त, महेन्द्रगढ़ के विरुद्ध की जाएगी विभागीय कार्यवाही'

## कर्तव्यों की अवहेलना करने पर जिला नगर आयुक्त, महेंद्रगढ़ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की सिफारिश की है

**ये मामले अधिसूचित सेवा के दायरे में थे और इन पर भीतर कार्रवाई की जानी चाहिए थी**

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने अधिकारियों पर सख्ती बरतते हुए हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के तहत अपने कर्तव्यों की अवहेलना करने पर जिला नगर आयुक्त, महेंद्रगढ़ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की सिफारिश की है। सेवा का अधिकार आयोग के सचिव हितेन्द्र कुमार ने इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि ये मामले अधिसूचित सेवा के दायरे में थे और इन पर एक निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई की जानी चाहिए थी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा 1 सितंबर, 2021 को ऑटो अपील सिस्टम (एएएस) शुरू किया गया था, जो यह सुनिश्चित करता है कि नागरिक सेवाओं के वितरण में देरी के मामले में, अपील स्वचालित रूप से शिकायत निवारण प्राधिकरण और बाद में आयोग के पास की जाती है। हितेन्द्र कुमार ने कहा कि आयोग को महेंद्रगढ़ के शहरी स्थानीय निकाय से संबंधित सेवाओं के लिए ऑटो अपील सिस्टम पर 15 अपीलें प्राप्त हुईं, जो कि नामित अधिकारियों द्वारा लंबित और विचाराधीन दिखा रही थीं। जब शिकायत निवारण प्राधिकरण होने के नाते डीएमसी महेंद्रगढ़ के साथ देरी के लिए ऑटो अपील प्रणाली पर अपील की गई, तो वह उस पर कोई कार्रवाई करने में भी विफल रहे, जिसके कारण मामले को आयोग के पास ले जाया गया। आयोग ने मामले पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उन्हें एक पत्र जारी किया। एचआरटीएससी के सचिव ने मामले की अधिक जानकारी देते हुए बताया कि डीएमसी महेंद्रगढ़ से कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। तत्पश्चात, डीएमसी, महेंद्रगढ़ को आयोग के समक्ष सुनवाई के लिए बुलाया गया। सुनवाई के दौरान, उन्होंने कहा कि इन सभी मामलों को सुलझा लिया गया है लेकिन पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है।

हालांकि, वह इसे साबित करने के लिए आयोग के सामने कोई सबूत पेश करने में विफल रहे। सुनवाई के बाद भी, डीएमसी, महेंद्रगढ़ लंबित मामले के संबंध में आयोग को कोई संतोषजनक उत्तर देने में विफल रहे। हालांकि, आयोग ने उन्हें मामलों पर अपना रुख साबित करने के लिए पर्याप्त समय दिया। राज्यभर के नगर निगमों और डीएमसीज के अन्य आयुक्तों को भी इसी तरह के नोटिस जारी किए गए थे, जिनमें से अधिकांश ने डीएमसी महेंद्रगढ़ के विपरीत आयोग को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। आयोग ने इससे पहले भी नोटिस जारी किए थे और एचआरटीएसए, 2014 के तहत अधिसूचित नागरिक सेवाओं के 199 मामलों के संबंध में डीएमसी, महेंद्रगढ़ के साथ सुनवाई भी की थी।

ताकि उन मामलों का समाधान सुनिश्चित किया जा सके और हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के तहत शिकायत निवारण प्राधिकरण में उनके कर्तव्यों के बारे में उन्हें संवेदनशील बनाया जा सके। हालांकि, उसके बाद भी वर्तमान स्थिति उत्पन्न हुई। सेवा का अधिकार आयोग के सचिव ने कहा कि सरकारी सेवा में कार्यरत कोई भी कर्मचारी चाहे वह किसी भी पद पर क्यों न हो, उसे लोक सेवा के लिए समर्पित रहना चाहिए और उनके समय के मूल्य का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आयोग बिना किसी पक्षपात के सार्वजनिक कार्य के प्रति अपने दृष्टिकोण में ढिलाई बरतने वाले अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करता रहेगा।

# वंचितों, पिछड़ों तथा महिलाओं को राजनीतिक आरक्षण देना ऐतिहासिक निर्णय: डिप्टी स्पीकर

**डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि शहरी स्थानीय निकायों में अभी तक पिछड़ा वर्ग के लोगों का प्रतिनिधित्व काफी कम था, लेकिन अब सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय से अति पिछड़ा वर्ग के लोगों को नेतृत्व के पर्याप्त अवसर मिलेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने हरियाणा में पंचायती राज व्यवस्था के बाद शहरी स्थानीय निकायों में पिछड़ा वर्ग-ए को आरक्षण देने के निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल और मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है। यहाँ जारी बयान में गंगवा ने कहा कि यह पहली बार हो रहा है कि प्रदेश सरकार ने वंचितों, पिछड़ों तथा महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के लिए राजनीतिक आरक्षण की व्यवस्था लागू की है। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि अति पिछड़ा वर्ग की ओर से पिछले काफी समय से राजनीति में प्रतिनिधित्व देने की मांग उठाई जा रही थी। इसके लिए उन्होंने स्वयं भी मुख्यमंत्री से वार्ता की, जिसके बाद प्रदेश में पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया और पंचायतराज व्यवस्था व शहरी स्थानीय निकाय में बीसी-ए वर्ग को आरक्षण देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि अब शहरी स्थानीय निकायों में मेयर तथा चेयरमैन के कुल पदों में 8 प्रतिशत बीसी-ए के लिए आरक्षित होंगे। इसके अलावा, जिस भी निकाय में बीसी-ए की आबादी कम से कम 2 प्रतिशत होगी वहां कम से कम एक सीट के लिए आरक्षण लागू होगा। डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि शहरी स्थानीय निकायों में अभी तक पिछड़ा वर्ग के लोगों का प्रतिनिधित्व काफी कम था, लेकिन अब सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय से अति पिछड़ा वर्ग के लोगों को नेतृत्व के पर्याप्त अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल राज्य के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने सभी वर्गों का ख्याल रखा है तभी पिछड़े समाज को भी उचित प्रतिनिधित्व देकर आगे बढ़ने का अवसर दिया है।

# 10वीं की फर्जी मार्कशीट देकर बना सरपंच, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
जिले के रतिया खंड के गांव लांबा में सरपंच द्वारा 6 माह पहले हुए पंचायती चुनाव में फर्जी शिक्षा प्रमाण पत्र नामांकन पत्र के साथ जमा करवाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सीएम फ्लाइंग की जांच के आधार पर सरपंच गुरदेव सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रतिया सदर पुलिस को दी शिकायत में सीएम फ्लाइंग टीम के सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि फतेहाबाद जिले में हुए सरपंची चुनाव में नामांकन के दौरान फर्जी शिक्षा प्रमाण पत्र देकर गलत तरीके से सरपंच पद हासिल करने के बारे में सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर जांच पड़ताल की गई तो जांच के दौरान रतिया बीडीपीओ कार्यालय, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी व माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्राप्त रिकॉर्ड का अवलोकन हुआ। इसमें पाया गया कि रतिया के गांव लांबा पंचायत से गुरदेव सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद से प्रमाण पत्र जमा करवाया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के रिकॉर्ड अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद द्वारा संचालित किसी भी परीक्षा को भिवानी बोर्ड की किसी भी परीक्षा के समकक्ष मान्यता प्राप्त नहीं है।

# हनुमान चालीसा पाठ का आंकड़ा 1 लाख 30 हजार के पार



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**सीएसआर ट्रस्ट** हरियाणा के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी की हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम ने 1 लाख 30 हजार के आंकड़े को पार कर गया है। श्री मां वैष्णो देवी दरबार गढ़ी-हरसरू में श्री हनुमान चालीसा के पाठ का प्रारंभ डॉ. अल्का शर्मा के अनुरोध पर सायं 4 बजे पंडितों के पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। मंदिर की संचालिका पूनम माता जी द्वारा पूजन किया गया। उनका साथ मंदिर की सह-संचालिका डॉ. अलका शर्मा ने दिया। मंदिर के प्रांगण में हनुमान चालीसा के पाठ का भव्य आयोजन किया गया। पूजन के पश्चात गजेंद्र गोसाई द्वारा व्यास पीठ को प्रणाम कर सर्वप्रथम गणेश वन्दना की। उसके पश्चात बोधराज सीकरी द्वारा लिये गये संकल्प के बारे में बताया। गोसाईं द्वारा सुंदर गायकी के साथ हनुमान चालीसा के पाठ का 21 बार उपस्थित 200 से अधिक संगत के साथ बड़े ही मधुर स्वर में पाठ किया गया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में कंवर भान वधवा, राम लाल ग्रोवर, रमेश चुट्टानी, सुभाष डुडेजा, सुभाष गांधी, सुभाष नागपाल, किशोरी लाल डुडेजा, केसर दास ग्रोवर, धर्मेन्द्र बजाज, रमेश कामरा, ओमप्रकाश कालड़ा, सुरेंद्र बरेजा, द्वारका नाथ, ओमप्रकाश गाबा, ज्योत्सना बजाज, रचना बजाज, ज्योति वर्मा उपस्थित रहे। कंवरभान वधवा ने कहा कि बोधराज सीकरी के प्रति दिल से आभार व्यक्त किया। धर्मेंद्र बजाज ने कहा कि बोधराज सीकरी द्वारा जो मुहिम हनुमान चालीसा के रूप में शुरू की गई है, उसकी पूरे गुरुग्राम में चर्चा है। माता मंदिर के अतिरिक्त हनुमान चालीसा का पाठ सुशांत लोक मॉर्निंग वॉकर और जामपुर शिव मंदिर में भी चला। तीन स्थानों की संख्या लगभग पांच हजार रही। इस प्रकार कुल संख्या अभी तक की 1 लाख 30 हजार हो गई है। समापन पर आरती और प्रसाद का वितरण किया गया।

# इंस्पेक्टर के नाम पर 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते दलाल को पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो ने सिरसा जिले के बड़ागुडा पुलिस स्टेशन में एसएचओ के पद पर तैनात एक इंस्पेक्टर के नाम पर 40 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में एक दलाल को पकड़ा है।

ब्यूरो के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि जिला सिरसा निवासी राजकुमार ने शिकायत की थी कि बाड़ागुड़ा पुलिस स्टेशन के एसएचओ इंस्पेक्टर काशी राम ने उसे बड़ागुड़ा पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में न फंसाने के एवज में दलाल सुखराज उर्फ राजा के माध्यम से 40 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत के आधार पर एसीबी की टीम ने तथ्यों की जांच के बाद रेड करने के लिए टीम का गठन किया और स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में शिकायतकर्ता से 40 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए दलाल सुखराज को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में एसीबी थाना हिसार में दोनों आरोपितों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में आगे की जांच चल रही है।

# गुरुग्राम: घटते भू-जलस्तर व जल संरक्षण पर सरकार का विशेष फोकस

## धान की खेती छोड़ अन्य फसल लेने वाले किसानों को 21 लाख से अधिक की प्रोत्साहन राशि




**योजना के तहत किसान भाइयों को धान की जगह अन्य फसल लेने पर प्रति एकड़ सात हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि**

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**प्रदेश में** विभिन्न क्षेत्रों में घटते भू-जलस्तर व जल संरक्षण के मद्देनजर हरियाणा सरकार द्वारा मेरा पानी मेरी विरासत योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत किसान भाइयों को धान की जगह अन्य फसल लेने पर प्रति एकड़ सात हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। यह जानकारी डीसी निशांत कुमार यादव ने बुधवार को दी। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जिला में 314.10 एकड़ क्षेत्र में ही किसानों ने धान छोड़ कर अन्य फसल लगाई थी, जिसके लिए किसानों को 21 लाख 97 हजार 781 रुपये की प्रोत्साहन राशि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा दी गई थी। डीसी यादव ने बताया कि जिला गुरुग्राम में सबसे अधिक धान खण्ड सोहना में 4760 एकड़, पटौदी में 2620 एकड़, गुरुग्राम में 2680 एकड़ तथा फरूखनगर में 1422 एकड़ भूमि पर होती है। ऐसे में वर्ष 2022 की भूजल रिपोर्ट अनुसार गुरुग्राम का भूजल स्तर 36.3, फरूखनगर का 22.04, पटौदी का 38.39 व सोहना का 25.56 मीटर दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी आने वाली पीढि ?ों को पानी की कमी न हो इसके लिए हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है कि भू-जल का दोहन न करें, जिसके लिए हमें सभी विकल्पों को ध्यान में रखना होगा, क्योंकि सबसे ज्यादा पानी की खपत कृषि में ही होती है। उन्होंने बताया कि पानी की बचत के लिए मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत किसान धान के बजाए अन्य फसल जैसे तेल, दलहन, चारा, मक्की इत्यादि का फसल करता है या खेतों को पूर्ण रूप से खाली रखता है या बागवानी में फसल लगाता है तो 7000 रुपये प्रति एकड़ के अनुसार प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस राशि से धान की फसल से होने वाली अधिक बचत व अन्य कोई बोई गई फसल की कम बचत के बीच अंतर की भरपाई हो जाती है। पृथ्वी पर मौजूद किसी भी जीवन के लिए पानी बेहद आवश्यक है। ऐसे में भविष्य में पानी से जुड़ी चिंताओं को ध्यान रखते हुए हम सभी को इसके संरक्षण की दिशा में कार्य करना होगा। अधिक जानकारी के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग व बागवानी विभाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

# गुरुग्राम में कैंसर के नकली इंजेक्शन बेचने का मास्टर माइंड नोएडा से गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
गुरुग्राम के सेक्टर-52 में निजी अस्पताल के बाहर कैंसर के नकली इंजेक्शन बेचने के मास्टर माइंड को मुख्यमंत्री उड ?दस्ता व ड्रग्स विभाग की टीम ने दबोचा है। उसे सेक्टर-62 नोएडा से गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम कनिष्क राजकुमार है, जो 28 अप्रैल 2023 को गुरुग्राम के नामी अस्पताल के बाहर से पकड़े गए आरोपी मोतीउर रहमान अंसारी के लिए काम करता था। प्राथमिक पूछताछ में उसने बताया है कि उनके पास दवाइयां खरीदने, बेचने की कोई कंपनी नहीं है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री उड ?दस्ता को गुप्त सूचना मिली थी कि सेक्टर-52 में निजी अस्पताल के आसपास कैंसर के नकली इंजेक्शन बेचने का गिरोह सक्रिय है। टीम ने पुख्ता इनपुट जुटाकर इस पर कार्रवाई को आगे बढ़ाया। बीती 21 अप्रैल 2023 को मुख्यमंत्री उडनदस्ता व ड्रग्स विभाग की टीम ने सेक्टर-52 से ही कैंसर के नकली इंजेक्शन बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। पता चला कि वह एक इंजेक्शन के लिए कैंसर पीड़ित मरीज से ढाई लाख रुपये लेता था। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम संदीप बताया था। उसके पास से कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाले डेफीब्रोटाइड इंजेक्शन भी मिले, जो कि नकली थे। आरोपी संदीप मूलरूप से कोलकाता का रहने वाला था, इस समय वह दिल्ली में न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में किराए पर रहता था। आरोपी संदीप ने पूछताछ में खुलासा किया था कि वह मोतीउर रहमान अंसारी नामक व्यक्ति के लिए काम करता है। तभी से पुलिस व ड्रग्स विभाग की टीम उसकी तलाश में थी। बीती 28 अप्रैल को मुख्य आरोपित मोतीउर रहमान अन्सारी ने भी आत्मसमर्पण कर दिया था। अब बुधवार को इस पूरे प्रकरण के मास्टर माइंड को भी नोएडा से दबोच लिया गया। उसका नाम कनिष्ठ राजकुमार है। कनिष्क राजकुमार को मुख्यमंत्री उडनदस्ता, ड्रग्स विभाग व अपराध शाखा की सांझा टीम की ओर से नोएडा के सेक्टर-62 से गिरफ्तार किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### सरकारी कॉलेज के सामने हथियार लेकर हंगामा करने वाले तीन आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सैक्टर-14** स्थित पण्डित चिरंजीलाल सरकारी कॉलेज के सामने 25 अप्रैल को लाठी, डण्डे व गंडासी आदि लेकर भय का माहौल पैदा कर हंगामा करने के मामले में थाना सिविल लाईन की सेक्टर-13 की टीम द्वारा तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, आरोपियों के कब्जे से एक तलवार, एक गंडासी और एक डंडा बरामद किया गया है। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गोरीशंकर पुत्र सहेन्द्र सिंह वासी शिव कालोनी करनाल, बादल पुत्र बिमल साहनी वासी बिहार हाल शिव कालोनी करनाल व बीरू पुत्र टोनी वासी दराबी लाईन करनाल को न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया। पुलिस के गिरफ्तार करने से पहले ही तीनों आरोपियों ने न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। आरोपियों को मामले में शामिल जांच करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।
इस मामले के संबंध में एएसआई रणधीर पुलिस चौकी सेक्टर-13 के ब्यान पर तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद थाना सिविल लाईन में 4 मई को भारतीय दंड संहिता की धारा 148, 149, 283, 290 के तहत दर्ज किया गया था। इस मामले में चौथे आरोपी की भी संलिप्तता की जांच जारी है, जिसको भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इससे पहले भी 5 अप्रैल को सरकारी कॉलेज में हुई घटना में 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। उनमें यह तीनों आरोपी भी सम्मिलित थे और फिलहाल जमानत पर बाहर चल रहे थे।

### सरकार मैरिट के आधार पर दे रही है नौकरियां : भगवत दयाल शर्मा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** सरकार के नवनियुक्त असिस्टेंट एडवोकेट जनरल भगवत दयाल शर्मा का चोचड़ा के सरकारी स्कूल में फूलमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार मैरिट के आधार पर नौकरियां दे रही है, जो कि अपने आप में एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ईमानदार और नेक दिल इंसान है। ऐसा मुख्यमंत्री मिलना हरियाणा के लिए गौरव की बात है। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवाएं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाएं, ताकि बच्चे टैस्ट पास करके बिना खर्चे और बिना पर्ची के नौकरी पा सकें। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में मैरिट के आधार पर नौकरियां दी जा रही हैं।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर सिंह
(मो. नं. : 94162 71181)

# चालू बिलों पर भी दी गई है 10 प्रतिशत की छूट, छूट का लाभ उठाएं नागरिक

## सम्पत्ति करदाताओं के लिए 31 जुलाई तक बकाया प्रॉपर्टी टैक्स एकमुश्त भरने पर ब्याज में मिलेगी 30 प्रतिशत की छूट : अभिषेक मीणा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सम्पत्ति कर** दाताओं के लिए खुशी की खबर है। समस्त बकाया टैक्स को आगामी 31 जुलाई तक एकमुश्त जमा करवाने पर 30 प्रतिशत ब्याज में छूट मिलेगी। सरकार के इस एलान से बकायादारों को भारी फायदा होगा। दूसरी ओर सम्पत्ति कर के चालू बिलों पर भी 10 प्रतिशत की छूट पहले से ही दी गई है, नागरिक इनका लाभ उठा सकते हैं। सम्पत्ति कर भरने के लिए नगर निगम के नागरिक सुविधा केन्द्र में काउंटर बनाए गए हैं, कोई भी नागरिक इन खिड़कियों पर आकर टैक्स जमा करवा सकता है। यदि कोई नागरिक सम्पत्ति कर को ऑनलाईन भरना चाहता है, तो वह एनडीसी पोर्टल- ह्वद्घष्द्धड्ढ4ठ्ठह्म्4.शह्म्द पर जाकर अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. दर्ज करने के बाद, मेक माई पेमेंट ऑप्शन पर जाकर ऑनलाईन पेमेंट कर टैक्स भर सकते हैं।
नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की सम्पत्ति कर की डिमांड 30 करोड़ रुपए की है। अब तक 65 लाख रुपए की टैक्स राशि निगम के खजाने में आ चुकी है। अब उम्मीद है कि सरकार की ओर से छूट की घोषणा के बाद निगम के खजाने में ज्यादा राशि आएगी।



उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी टैक्स के बिल-कम-नोटिस बांटने के लिए निगम की ओर से पहले एक टैण्डर लगाया गया था, जिसमें कोई एजेंसी शर्तों को पूरा नहीं कर पाई। अब इस मकसद के लिए दूसरा टैण्डर लगाया गया है। जिस एजेंसी के नाम टैण्डर खुलेगा, उसे बिल वितरित करने की जिम्मेदारी दी जाएगी, लेकिन नागरिक बिल का इंतजार न करके अपनी आई.डी. से प्रॉपर्टी टैक्स भर सकते हैं।
बीते वर्ष तोड़ा था रिकॉर्ड- बता दें कि करनाल शहर को वर्ष 2010 में नगर निगम का दर्जा प्राप्त हुआ था। इस अवधि में अलग-अलग वर्षों में डिमांड के अनुसार जितना टैक्स हुआ, बीते वित्त वर्ष 2022-23 में उसका रिकॉर्ड टूटा, जिसमें 32 करोड़ रुपए से अधिक की राशि निगम के खजाने में आई थी। आयुक्त का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में भी नगर निगम का यह प्रयास रहेगा कि वह इस रिकॉर्ड तक अपनी पहुंच बनाए।
उन्होंने नगर निगम के सभी सम्पत्ति कर बकायादारों से अपील कर कहा है कि सरकार की इस घोषणा का लाभ उठाएं और ब्याज की छूट के बाद जो भी सम्पत्ति कर देय बनता है, उसे नगर निगम के खजाने में जमा करवाएं। उन्होंने कहा कि सम्पत्ति कर की अदायगी करना नागरिकों का कर्तव्य भी है। सम्पत्ति कर और निगम के अन्य आय स्त्रोतों से जो भी धनराशि इकठ्ठी होती है, वह शहर के विकास कार्यों पर ही खर्च कर दी जाती है। निगमायुक्त ने केन्द्र व राज्य सरकार के बकायादारों की श्रेणी में चल रहे विभागों से भी अपील करते कहा है कि वह भी इस सुनहरी छूट का लाभ उठाते हुए अपना बकाया सम्पत्ति कर नगर निगम के खजाने में शीघ्र जमा करवाएं।

## दुकान की दीवार तोडकर गल्ले में से नकदी चुराने वाला आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। थाना** सदर की टीम द्वारा 21 अप्रैल की रात को दनियालपुर गांव में स्थित एक करियाने की दुकान की दीवार तोडकर गल्ले से नकदी चोरी करने की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी विनोद कुमार पुत्र सुरजा वासी गांव दनियालपुर जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना के आधार पर दनियालपुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी द्वारा उपरोक्त वारदात को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। आरोपी ने



बताया कि वह स्मैक का नशा करने का आदि है और नशा पूर्ति के लिए रूपयों का इंतजाम करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी के खिलाफ पहले भी एक मामला इसी तरह की चोरी करने का दर्ज है। उस मामले में भी आरोपी फिलहाल फरार चल रहा था। उस मामले में आरोपी को आईंदा पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। आरोपी के कब्जे से पांच सौ रुपए की नकदी बरामद की गई है।

## मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत अब विदेशों तक पहुंचा योग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने योग का प्रचार प्रसार करते हुए इंडोनेशिया के बाली शहर में योग करवाया, जिसका वहां के निवासियों और पर्यटकों ने भरपूर फायदा उठाया। उनके साथ जेसीआई इंडिया से नंदन चावला, शैली चौधरी, अमित कंबोज और वरुण अरोड़ा मौजूद रहे।
दिनेश गुलाटी ने बताया कि भारतीय संस्कृति की पहचान योग के महत्व को आज विदेशी लोग भी समझ रहे हैं और योग का लाभ लेना चाहते हैं। आज योग केवल भारत में ही नहीं, अपितु विदेशों तक फैला है।



विदेशों से लोग भारत आकर योग सीख रहे हैं। योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का काम भलीभांति किया जा रहा है।
उन्होंने बाली के निवासियों और पर्यटकों को योग की विभिन्न विधाओं सूक्ष्म व्यायाम, आसन सूर्य नमस्कार और प्राणायाम करने की विधि समझाई और महत्व भी बताया। स्थानीय लोग और अन्य पर्यटक उत्साहपूर्वक योग करते नजर आए। उन्होंने कहा कि विदेशों में भी भारतीय योग प्रशिक्षकों की मांग बढ़ रही है, क्योंकि आज के व्यस्त जीवन में स्वस्थ, तंदुरुस्त और तनाव मुक्त रहने के लिए योग से बढकर कुछ नहीं।
दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग के महत्व को आज दुनिया का हर व्यक्ति पहचान रहा है। विदेशों में तो इसकी जरूरत और भी अधिक है, क्योंकि वहां की अति आधुनिक और व्यस्त जीवन शैली में तनाव अधिक होने के कारण कई तरह की बीमारियों उन्हें घेर लेती है। मोटापा, शुगर, बीपी एकोलेस्ट्रोल, दिल संबंधित बीमारियां बहुत ही आम है। योग द्वारा इन बीमारियों को नियंत्रण में रखा जा सकता है। उन्होंने तरह-तरह के आसन ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वीरभद्रासन और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया।

## अपहरण कर हत्या करने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना घरौंडा** की टीम ने 7 मई को रंजन वासी घरौंडा का अपहरण करके हत्या कर शव को सडक किनारे फेंकने की वारदात को अंजाम देने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम द्वारा इस मामले में दूसरे आरोपी सुजल वर्मा पुत्र जोगिन्द्र वर्मा वासी घरौंडा को न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया है।
आरोपी सुजल वर्मा ने 9 मई को न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था, जिसको पुलिस टीम



द्वारा आज गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में 9 मई को मुख्य आरोपी यक्षित पुत्र नरेन्द्र वासी गांव गगसीना जिला करनाल को गिरफ्तार किया गया था। दोनों आरोपियों को आज अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

## बुधवार को करनाल में मिला कोरोना कए नया मामला : डॉ. योगेश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सिविल** सर्जन डॉ.योगेश कुमार ने बताया कि बुधवार को जिला में कोरोना के एक नया पॉजिटिव केस मिला है, जबकि 16 व्यक्ति ठीक हुए है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 1089864 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 270 सैंपल लिए गए। लिए गए कुल सैंपलों में से अब तक 50714 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 50093 मरीज ठीक हो गए हैं। जिला में अब कोरोना वायरस के 17 एक्टिव पॉजिटिव केस हैं।

## ओम नमः शिवाय का किया गया सामूहिक जाप



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पिछले कई** वर्षो से चली आ रही परम्परा के मुताबिक सनातन धर्म मंदिर रामनगर में ओम नमः शिवाय जाप परिवार की ओर से ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप किया गया। श्रद्धालुओं ने पहले भोले बाबा को फूलों के श्रृंगार से सजाया, फिर संगीतमयी धुनों पर भोले की जय-जयकार की। संगीतमयी धुनों पर जब हरिओम नम शिवाय का जाप किया गया तो श्रद्धालु खुद को मस्त होने से रोक नहीं पाए और भोले की भक्ति में गोते लगाने लगे।
जाप परिवार के सेवक संजय टिक्का ने श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया और बताया कि पिछले कई वर्षो से जाप परिवार मंगलवार की रात्रि शिव भोले के मंत्र ओम नमः शिवाय का जाप करता आ रहा है। देर रात्रि होने वाले इस मंत्र जाप में भारी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूरी करते है। सर्वप्रथम गणेश वंदना से मंत्र के जाप की शुरूआत की जाती है। उसके बाद राम नाम की माला जपते-जपते श्रद्धालु वीर बजरंगी को भी रिझाते है। तत्पश्चात भोले के भजनों का दौर शुरू होता है। जो कि एक घंटे के अंतराल में भक्ति और शक्ति के साथ सम्पन्न होता है। मंत्र जाप के बाद जय-जयकार करते हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।
उन्होंने बताया कि हर मंगलवार के दिन श्रद्धालु सामूहिक जाप के दौरान अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं और शंकर भगवान के सामने नतमस्तक होकर खुद की श्रद्धा और विश्वास को समर्पित कर देते हैं। इसी तरह अब आगे सावन माह की तैयारियां शुरू हो गई है और जुलाई से लगातार कार्यक्रम की श्रृंखला चलेगी।
कार्यक्रम के दौरान गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के जन्मोत्सव पर 15 मई को होने वाले प्रेरणा उत्सव को लेकर भी श्रद्धालुओं को न्यौता दिया गया। इस दौरान जाप परिवार के समस्त सेवादार मौजूद रहे।

## डोडा पोस्त बरामदगी के मामले में नशा सप्लायर गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला पुलिस** की एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम द्वारा बीती देर रात नशा सप्लाई करने वाले एक सप्लायर उत्तर प्रदेश गांव पटनी में मैन रोड पर स्थित राणा वैष्णों पंजाबी ढाबा संचालक प्रवीन कुमार पुत्र टेकचंद वासी जागसी जिला सोनीपत हाल ज्योतिनगर करनाल को विश्वसनीय सूचना पर करनाल से गिरफ्तार किया गया।
पुलिस पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह उक्त ढाबे को किराये पर लेकर चलाता है।
उसके ढाबे पर काफी संख्या में



ट्रक ड्राईवर खाना खाने के लिए आते हैं, जिनमें से ज्यादातर नशे के आदि होते हैं। नशे की डिमाण्ड को देखते हुए आरोपी ने अपने ढाबे पर ही नशा बेचना शुरू कर दिया था। आरोपी ने बताया कि वह कुछ समय पहले मुजफ्फरनगर के पास से एक व्यक्ति से 40 किलोग्राम डोडा पोस्त खरीदकर लाया था, जिसमें से उसने दूसरे ढाबे पर जाकर आरोपी विशाल को दस किलोग्राम डोडा पोस्त तीस हजार रुपए में बेचा था और उसमें से थोडा-थोड़ा करके बाकी ट्रक ड्राईवरों को बेचता रहा।
इस मामले में 8 मई को 11 किलो 400 ग्राम डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किए गए आरोपी विशाल पुत्र सुरेश कुमार वासी अलावला जिला करनाल को रिमांड अवधि खत्म होने के पश्चात न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और कल गिरफ्तार किए गए ढाबा संचालक को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## द ग्रेट खली शिकायत लेकर पहुंचे जिला उपायुक्त के पास

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल** में द ग्रेट खली डीसी को शिकायत देने पहुंचे। खली ने डीसी से मुलाकात कर सामनाबाहु में उनकी रेसलिंग एकेडमी और ढाबे के पास बने पोल्ट्री फॉर्म से फैल रहे प्रदूषण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गंदगी की वजह से मच्छर मक्खियों का प्रकोप फैल रहा है। लोग ढाबे पर नहीं आ रहे, वहीं एकेडमी को भी खिलाड़ी छोडकर जा रहे हैं। आसपास के गांव के लोग भी इससे परेशान हैं।
खली ने डीसी को बताया कि जब उन्होंने एकेडमी को बनाया था, उस समय सरकार ने कहा था कि वह उनका भरपूर सहयोग करेगी ताकि हरियाणा मे रेसलिंग के खिलाड़ी तैयार हो सकें और खेल को बढ़ावा मिल सके। लेकिन पोल्ट्री फॉर्म से पहले लगातार पॉल्यूशन के कारण खिलाडि?ों का आना तो दूर जो खिलाड़ी एकेडमी में मौजूद हैं, वह भी एकेडमी को छोडकर जा रहे हैं। खली ने कहा कि पोल्ट्री फॉर्म से फैल रहे प्रदूषण की शिकायत उन्होंने पहले भी कई बार जिला प्रशासन को दी है, लेकिन उसके बावजूद भी जिला प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने पोल्ट्री फार्म के मालिक पर आरोप लगाते हुए कहा कि पोल्ट्री फॉर्म का मालिक प्रशासन व अधिकारियों को गुमराह कर रहा है। मालिक के पास लाइसेंस तथा सभी कागज उपलब्ध हैं या नहीं, इसकी भी जांच होनी चाहिए।

## बसपा ने पहलवानों के धरने के समर्थन में किया प्रदर्शन

### केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी, केंद्र सरकार पर लगाया बेटियों की अनदेखी का आरोप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**बहुजन समाज पार्टी** नेताओं एवं कार्यकत्राओं ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहलवानों के धरने के समर्थन में सीएम सिटी में प्रदर्शन किया। बसपा नेता एवं कार्यकत्रा सुबह पहले सेक्टर-12 पार्क में एकत्रित हुए। उसके बाद प्रदर्शन करते हुए जिला सचिवालय पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति के नाम प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।
प्रदर्शन कर रहे बसपा नेताओं ने कहा कि कई देशों में भारत का नाम रोशन करने वाले पहलवान इस समय आंदोलित हैं। महिला खिलाडि?ों ने डब्ल्यूएफआई के



अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर यौन शोषण जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोपी के खिलाफ एफआरआई भी दर्ज हो चुकी है, लेकिन बावजूद इसके भारत सरकार इस मामले में चुप है। पार्टी नेताओं ने कहा कि दुर्भाग्य इस बात का है कि बेटियों को बढ़ावा देने की बात कहने वाली सरकार देश के लिए मेडल जीतने वाले पहलवानों के आंदोलन को अनदेखा कर रही है। जबकि जनवरी में इसी मामले को लेकर आंदोलन कर रहे पहलवानों को केंद्र सरकार ने सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था।
लेकिन जब बेटियों को न्याय नहीं मिला तो उन्हें मजबूरन धरने पर बैठना पड़ा है।
बसपा नेताओं ने ज्ञापन देते हुए कहा कि आरोपी बृजभूषण को जल्द से जल्द पुलिस गिरफ्तार करे। अगर जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जाता तो वह सरकार के खिलाफ कड़ा फैसला लेने को मजबूर होंगे।

# संपादकीय

## जनता की सुरक्षित यात्रा से बेपरवाह सत्ताधीश

**मध्यप्रदेश** में मंगलवार की सुबह साढ़े पांच बजे के लगभग खरगोन में एक भयंकर सड़क हादसा हुआ। खरगोन जिले के डोंगरगांव में यात्रियों से भरी बस एक पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे सूखी हुई नदी में जा गिरी। इस हादसे में 15 से अधिक लोगों की मौत की खबर है, जबकि कई लोग घायल हैं। राज्य के गृहमंत्री के मुताबिक इस घटना में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। इस जांच के बाद ही दुर्घटना की सही वजह पता लगेगी। शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने हादसे में मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को 50 हजार रुपये और मामूली घायलों को 25 हजार रुपये बतौर मुआवजा देने का ऐलान किया है। अब गंभीर और मामूली घायलों को किस तरह अलग-अलग परिभाषित किया जाएगा, यह अलग सवाल है। वैसे इस बात पर किसी को शोध करना चाहिए कि एक साल में हमारी निर्वाचित सरकारें कितने लाख या करोड़ रूपए उन दुर्घटनाओं के लिए मुआवजे के तौर पर देती हैं, जिन्हें रोका जा सकता था। प्राकृतिक हादसों पर तो किसी का जोर नहीं, लेकिन भगदड़, दीवार या छत गिरना, सड़क दुर्घटना, जहरीली शराब ये सब सरकार-प्रशासन निर्मित दुर्घटनाएं हैं, जिनके लिए सरकारों को दंडित किया जाना चाहिए, मगर सरकारें जनता की गाढ़ी कमाई को मुआवजे के तौर पर देकर एहसान जताती हैं। चुनावों के वक्त घोषणापत्रों में तमाम तरह के वादे किए जाते हैं, भाषणों में हिंदू-मुसलमान के नाम पर बेशर्मी से वोट मांगे जाते हैं, लेकिन कभी कोई ये वादा नहीं करता कि इस तरह के हादसों को रोकने की ईमानदार कोशिश की जाएगी। इसमें पूरा दोष सरकारों पर नहीं डाला जा सकता। जनता भी इस तरह के हादसों को अपनी नियति मान चुकी है। इसलिए वह सरकार से जवाब नहीं मांगती, केवल सड़कों-पुलों के शिलान्यास पर ताली बजाने के लिए भीड़ के रूप में जुट जाती है। ऐसा एक दिन भी नहीं गुजरता जब देश में कहीं कोई सड़क दुर्घटना न हुई हो। किसी न किसी हिस्से में दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। अगर एक-दो लोगों की जान जाए, तो उसे अब लोग सामान्य खबर की तरह लेने लगे हैं और अगर अधिक लोग हताहत हों, तो थोड़ा बहुत अफसोस पीड़ितों के लिए किया जाता है, लेकिन सरकार से जवाबदेही मांगने जैसी कोई पहल कहीं दिखाई नहीं देती। वैसे भी सड़क हादसों में मरने वाले अधिकतर गरीब, निम्न मध्यमवर्गीय लोग होते हैं, जिनका जिंदा रहना राजनैतिक दलों के लिए इसलिए जरूरी है कि उनसे उन्हें वोट मिल जाते हैं, इससे अधिक उनकी जिंदगी की उपयोगिता नहीं मानी जाती है। अभी 4 मई को अजमेर जा रहे श्रद्धालुओं की एक कार पर टैंकर पलट गया तो 8 लोगों की मौत हो गई। इसी दिन छत्तीसगढ़ में धमतरी के पास नेशनल हाइवे पर सड़क हादसे में 10 लोग मारे गए। 6 मई को लखनऊ- बहराइच मार्ग के पास कैसरगंज कस्बे में एक ऑटो को दूसरे वाहन की टक्कर से ऑटो सवार 6 लोगों की मौत हो गई। 7 मई को मुरादाबाद में दलपतपुर-काशीपुर हाइवे पर दो वाहनों की भिड़ंत में 10 लोग मारे गए। यानी पिछले पांच-छह दिनों में अलग-अलग राज्यों में कम से कम 50 लोग सड़क हादसों का शिकार हो गए। इनमें एक-दो मृतकों वाले हादसों को शामिल ही नहीं किया गया है, वर्ना आंकड़ा और बढ़ जाएगा।

# कमजोरों के हथियार हैं आतंकवाद और धोखा !

सुनील कुमार महला

"आज पाकिस्तान की आर्थिक हालत बहुत ही खराब है और विश्व के किसी भी देश से छिपी नहीं है लेकिन बावजूद इसके पाकिस्तान आतंकवादियों व आतंकवाद को शरण देता रहा है और अपना उल्लू सीधा करता रहा है। विडंबना की बात है कि आज भी अमेरिका और चीन जैसे देश कहीं न कहीं पाकिस्तान को चोरी छिपे हथियारों की सप्लाई करते हैं और पाकिस्तान भारत से संबंध सुधारने की कवायद करता नजर आता है"

**हाल ही** में श्रीनगर जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़(एनकाउंटर) के दौरान आतंकियों ने आईडीडी से विस्फोट कर दिया। इसमें हमारे देश के पांच सैनिक शहीद हो गए, जबकि एक अधिकारी समेत चार जवान इसमें घायल हुए हैं। आतंकवाद की इस घटना में ब्लास्ट में दो जवान मौके पर ही शहीद हो गए, जबकि तीन ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हालांकि बताया जा रहा है कि इस मुठभेड़ में कुछ आतंकी भी मारे गए हैं, लेकिन इनकी संख्या नहीं बताई गई है। यह घटना उस समय हुई, जब सेना की टीम राजौरी के कंडी वन क्षेत्र में तलाशी अभियान चला रही थी। टीम को जम्मू क्षेत्र के तोता गली इलाके में सेना के ट्रक पर हमला करने वाले आतंकियों के बारे में जानकारी मिली थी और कंडी जंगल की गुफा में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना पर यह अभियान शुरू किया गया था। वास्तव में इसे आतंकियों की कायराना हरकत ही करार दिया जा सकता है। आतंकी रह-रहकर हमारे सुरक्षा बलों, सेना के जवानों को निशाना बनाते रहे हैं। यह पहली बार नहीं है जब आतंकियों ने हमारी सेना के जवानों, सुरक्षा बलों को निशाना बनाया हो, इससे पहले भी 20 अप्रैल 2023 की दोपहर राजौरी सेक्टर में भीमबेर गली और पुंछ के बीच हाइवे से गुजर रहे सेना के एक वाहन पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की थी,जिससे वाहन में आग लग गई थी और हमारे देश के पांच जवान शहीद हो गए थे। हालांकि ऐसा नहीं है कि सरकार आतंकवाद को कम करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रही है।सरकार कश्मीर घाटी ही नहीं अपितु संपूर्ण भारत में कहीं भी आतंकी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त से सख्त कदम उठा रही है। पिछले काफी समय से हमारे यहाँ इंटैलीजेंस ग्रिड को बढ़ाया और मजबूत किया गया है। समय समय पर आतंकियों के खिलाफ विभिन्न ऑपरेशंस, सख्त कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा हैं। रात में पेट्रोलिंग व सुरक्षा को बढ़ाया गया है। पिछले साल यानी कि वर्ष 2022 जुलाई में मॉनसून सत्र के दौरान लोकसभा में एक सवाल के जवाब में गृह राज्यमंत्री ने जानकारी दी थी कि वर्ष 2019 के बाद आतंकी हमलों और गतिविधियों में काफी हद तक कमी आई है। जम्मू और कश्मीर में वर्ष 2018 में 417 आतंकी हमले हुए थे, जो वर्ष 2021 तक घटकर 229 हो गए थे। बहरहाल, पिछले कुछ ही दिनों में कभी नक्सलवादियों तो कभी आतंकवादियों ने हमला कर यह दशार्ने की कोशिश की है कि



उनके इरादे खतरनाक हैं। हाल ही में हुए हमले दशार्ते हैं कि आतंकवादियों द्वारा कश्मीर के माहौल को रह-रहकर खराब करने की कोशिशें जारी हैं। पिछले महीने ही सेना के ट्रक पर हमले की जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई थी कि अफगानिस्तान के तालिबान से अमरीकी एम-16 राइफल और एम-4 कार्बाइन जैसे हथियार जम्मू-कश्मीर में सक्रिय पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए- मोहम्मद के पास पहुंच रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक अमरीका के वर्ष 2021 में अफगानिस्तान छोड़ने के बाद नाटो सेनाओं के कई हथियार और गोला-बारूद तालिबान के कब्जे में आ गए थे और वही अब पाकिस्तान के रास्ते जम्मू- कश्मीर पहुंच रहे हैं। यह बहुत ही संवेदनशील व गंभीर है। आशंका जताई गई है कि तालिबान से मिले हथियारों के जरिए ही सेना के ट्रक पर हमले को अंजाम दिया गया था। सच तो यह है कि आज पाकिस्तान भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व के लिए एक खतरा बनकर उभर रहा है और वह विश्व का एक खतरनाक देश बन चुका है जो लगातार आतंकवाद, आतंकियों को पनाह देकर उनके रहमोकरम पर ही पल रहा है। हाल ही में एस सी ओ यानी कि शंघाई सहयोग संगठन की पणजी, गोवा में बैठक के दौरान पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कश्मीर मुद्दे को अप्रत्यक्ष रूप से उठाया लेकिन भारत ने आतंकवाद के नाम पर पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई। यह काबिलेतारीफ है कि गोवा के पणजी में विदेश मंत्रियों के औपचारिक स्वागत के बाद बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर आतंकवाद पर उसे जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का पूरी तरह खात्मा नहीं हुआ है और इसके( आतंकवाद) के हर स्वरूप को आज रोकने की जरूरत है। उन्होंने कहा है कि आज आतंकवादियों की फंडिंग करने वालों पर भी रोक की जरूरत है। जानकारी देना चाहूंगा कि एससीओ( शंघाई सहयोग संगठन) की बैठक में आतंकवाद को रोकने पर सहमति है। इस बैठक में चीन, पाकिस्तान, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री शामिल हुए हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहाँ तक कहा है कि बिलावल आतंकवादी देश का प्रवक्ता बनकर इस बैठक में शामिल हुए थे। भारत के रूख से यह बिल्कुल साफ हो गया है कि भारत आतंकवादी, आतंकवाद के नाम पर आज पाकिस्तान को भाव देने के मूड में तो कम से कम नहीं है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह बात कही जा सकती है कि आतंक पर एक्शन के बिना अब भारत व पाकिस्तान के बीच बर्फ का पिघलना बहुत ही मुश्किल है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2019 से ही भारत व पाकिस्तान के आपसी रिश्ते बेहद खराब चल रहे हैं और भारत व पाक संबंधों पर अभी भी बर्फ जमी हुई है। पुलवामा हमले में भी पाकिस्तान का ही हाथ था। जानकारी देना चाहूंगा कि दिसंबर 2022 तक भारत-पाक में बातचीत का कोई माहौल नहीं था, क्यों कि 15 दिसंबर 2022 को यू.एन.एस.सी में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यह बात कही थी कि, 'जो देश अल-कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन का मेजबान हो सकता है और अपने पड़ोसी देश की संसद पर हमला करवा सकता है, उसे यू.एन. में उपदेशक बनने की कोई जरूरत नहीं है।' और इसके ठीक एक दिन बाद ही यानी कि 16 दिसंबर 2022, पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने न्यूयॉर्क में यू.एन.एस.सी के इतर यह बात कही थी कि , 'ओसामा बिन लादेन मर चुका है, पर बुचर ऑफ गुजरात जिंदा है और वो भारत का प्रधानमंत्री है। जब तक वो प्रधानमंत्री नहीं बना था, तब तक उसके अमेरिका आने पर पाबंदी थी।' कुल मिलाकर दिसंबर 2022 के ये दोनों बयान साफ इशारा कर रहे हैं कि उस वक्त दोनों देशों के बीच कितनी तल्खी थी। दोनों देशों के बीच बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं थी। सच तो यह है कि संयुक्त राष्ट्र में पाक विदेश मंत्री बिलावल के पीएम नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्द कहने के बाद से पाकिस्तान के साथ भारत के रिश्ते और बिगड़े हुए हैं। वास्तव में भारत हमेशा पंचशील के सिद्धांतों में विश्वास करता आया है और वह हमेशा हमेशा से शांति, संयय, धैर्य, अमन-चैन का पक्षधर रहा है। भारत का हमेशा से दो टूक संदेश यह रहा है कि पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद का खात्मा करे, उसके बाद ही वार्ता की बहाली संभव हो सकती है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के मंच से भी पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो, चीन और रूस के विदेश मंत्रियों की मौजूदगी में भारत ने यही आहवान किया है कि आतंकवाद से कड़ाई के साथ निपटने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि 'सीमापार आतंकवाद समेत इसके सभी स्वरूपों का खात्मा किया जाना चाहिए।' पाकिस्तान बात बात पर कश्मीर का राग अलापता रहता है लेकिन कभी भी आतंकवाद के खात्मे या सफाये की सीधी बात नहीं करता। भारत का कहना है कि वार्ता और आतंकवाद दोनों एक साथ नहीं चल सकते हैं। वार्ता तभी संभव है जब पाकिस्तान आतंकवादियों व आतंकवाद के खात्मे के प्रति प्रतिबद्ध और कृतसंकल्पित हो। वास्तव में, भारत आतंकवादियों व आतंक पर एक्शन के साथ ही अपने अभिन्न अंग पीओके( पाक अधिकृत कश्मीर) पर वार्ता चाहता है।

आज पाकिस्तान की आर्थिक हालत बहुत ही खराब है और विश्व के किसी भी देश से छिपी नहीं है लेकिन बावजूद इसके पाकिस्तान आतंकवादियों व आतंकवाद को शरण देता रहा है और अपना उल्लू सीधा करता रहा है। विडंबना की बात है कि आज भी अमेरिका और चीन जैसे देश कहीं न कहीं पाकिस्तान को चोरी छिपे हथियारों की सप्लाई करते हैं और पाकिस्तान भारत से संबंध सुधारने की कवायद करता नजर आता है।

# कविता

**रंग बिरंगी**
**तितलियां**
झील,झरने, नदियां
सब कुछ है उसके
नन्हे नन्हे हाथों में
लिपटे, समाए हुए,
नन्ही और बहुत नन्हीं
उंगलियां उकेरती
आसमान पर
इंद्रधनुष के सात रंग,
अनेक सुहाने सपनों
के
रेशमी धागे भी होते
उसकी निर्दोष, निर्मल
स्वच्छ किंतु छोटी
छोटी
आंखों में,
और होती है अनंत
ब्रह्म की खोज,
जो 9 माह गर्भ में
रह, नव जीवन में
प्रवेश पाया,
कोयल की कूक,
पंछियों का
कलरव,
नन्ही मछलियों की
चपलता,
बंदरों की उछल कूद
नर्म दूब पर
ताजा चमकती,
ओस की बूंदें,
सब के सब उस
नवागत के स्वागत
को आतुर,
नन्हे की किलकारियां
नवीन संसार की
रचना की अनुगूंज।
मासूम चेहरे से
मिलता जुलती
राग, द्वेष, लोभ,
कामना,
हिंसा से परे,
नव सृष्टि की
भोली परिकल्पना।

**संजीव ठाकुर**

## वृद्ध मां परिवार की बड़ी संपत्ति

**संजीव ठाकुर**

**मां शब्द** बड़ा ही वृहद और विराट है। पूरी सृष्टि इसमें समाहित होती है। मां ,धरती, जननी, धरा ,माते इतना पवित्र शब्द है कि संताने उनका ऋण कभी नहीं चुका सकती हैं । यूरोप और पश्चिम देश इतने अभागे हैं कि वे अपने माता और पिता को वृद्धा आश्रम में छोड़ आते हैं या उन्हें छोड़कर स्वयं संताने दूर चली जाती हैं। स्विजरलैंड जैसे खूबसूरत देश में बुजुर्ग दंपत्ति इच्छा मृत्यु लेकर अपना अंतिम समय व्यतीत करते हैं, पर भारत सांस्कृतिक संस्कारी रूप से समृद्ध है तथा मां-बाप संतानों के पास रहते हैं। कुछ प्रतिशत छोड़ दिया जाए महानगरों में संताने मां और पिता को वृद्ध आश्रम में रखने का उपक्रम करने लगे हैं। पाश्चात्य सभ्यता की यह अंधी नकल बुजुर्ग दंपतियों के लिए बड़ी ही मार्मिक और हृदय विदारक होती है। वृद्ध दंपतियों का अनुभव परिवार के विकास समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह विडंबना है मनुष्य अत्यंत अनुभवी परिपक्व,प्रबुद्ध शालीन हो जाता है तब उसके अनुभव कार्य की लगन सहनशीलताऔर परिपक्व मस्तिष्क का हम सदुपयोग नहीं करते उन्हें अवकाश प्रदान कर देते हैं यह भी इस सिक्के का दूसरा पहलू है कि ईस उम्र में शरीर में थकावट और वृद्धावस्था आ जाती है पर हम उन्हें सम्मान और यथा योग्य महत्व देकर उनके मार्गदर्शन और परामर्श का यथोचित लाभ लेकर अपने जीवन व्यवसाय अथवा नई नीतियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, पर अमूमन ऐसा होता नहीं है।
वृद्धावस्था को जीवन का अंतिम पड़ाव एवं समस्याओं से गिरी हुई अवस्था माना जाता है, क्योंकि इस अवस्था में वृद्धों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।समय की रफ्तार के साथ समाज में अनेक परिवर्तन होने लगे हैं। नवीन पीढ़ी के लोग पुराने विचारों के लोगों का उनके जीवन में हस्तक्षेप उचित ना समझ कर बर्दाश्त नहीं करते हैं,इसी कारण युवा पीढ़ी बुजुर्गों और वृद्धों के विचारों की गहन उपेक्षा करने लगते हैं और बुजुर्गों को लगता है कि उनकी समाज में उपयोगिता धीरे धीरे कम हो रही है। जीवन का सांध्य काल आने पर मनुष्य कई समस्याओं से घिर जाता है। सबसे बड़ी समस्या शारीरिक क्षमता में कमी आ जाने की है, शरीर की सभी इंद्रियां धीमी पड़ जाती हैं,अनेक प्रकार की व्याधियों से शरीर घिर जाता है और मनुष्य धीरे-धीरे शरीर पर नियंत्रण खोता जाता है। उम्र के वृद्धावस्था के पड़ाव पर अनेक शारीरिक बीमारियों के साथ-साथ मूल समस्या मानसिक व्याधि की होती है। सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों में वेतन भोगी कर्मचारी को एक निर्धारित आयु के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह व्यक्ति अब शारीरिक एवं मानसिक श्रम के योग्य नहीं रहा चाहे वह व्यक्ति स्वस्थ ही क्यों ना हो। इसके बाद उस व्यक्ति के जीवन में अनेक कठिनाई आने लगती हैं। जैसे ही व्यक्ति की आर्थिक उपयोगिता समाज में कम होने लगती है, वह समाज के लिए अनुपयोगी मान लिया जाता है और इस अवस्था में पहुंचने के बाद मानसिक तनाव की स्थिति बनने लगती है। लोगों के संपर्क में न रहना, सहयोगी तथा मित्रों की मृत्यु भी मानसिक तनाव का बड़ा कारण होती है।

# विचार

## दलित आदिवासी वोटों को साधने में जुटी है कांग्रेस

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**राजस्थान** में इसी साल के अंत तक होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी है। इसी के तहत कांग्रेस ने दलित, आदिवासी वोटों को साधने के लिए चुनावी रणनीति बनानी प्रारंभ कर दी है। प्रदेश में किसी भी पार्टी की सरकार बनाने में दलित व आदिवासी मतदाताओं की सबसे बड़ी भूमिका रहती है। अनुसूचित जाति (दलित समुदाय) के लिए प्रदेश में 34 विधानसभा सीट तथा अनुसूचित जनजाति (आदिवासी समुदाय) के लिए 25 विधानसभा सीटें आरक्षित हैं। इस तरह प्रदेश की 200 में से 59 विधानसभा सीटें इन समुदायों के लिए आरक्षित है। इन 59 सीटों पर जीतने वाले विधायक ही प्रदेश में सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसीलिए प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इन समुदायों को कांग्रेस से जोड़ने की दिशा में दिन रात लगे हुए हैं। राजस्थान में कभी अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के मतदाताओं को कांग्रेस का मजबूत वोट बैंक बना जाता था। मगर धीरे-धीरे भाजपा ने भी उनमें सेंध लगा ली। इस कारण बहुत से दलित, आदिवासी मतदाता कांग्रेस से दूर होते चले गए। उनको फिर से कांग्रेस में लाने के लिए ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश की आरक्षित सीटों पर विशेष फोकस कर रहे हैं। राजस्थान की 59 आरक्षित सीटों के अलावा करीबन दो दर्जन और ऐसी विधानसभा सीटें हैं जहां हार जीत का फैसला दलित, आदिवासी मतदाताओं के हाथ में रहता है। जिस तरफ इन मतदाताओं का झुकाव हो जाता है। उनकी जीत निश्चित मानी जाती है। चुनावी आंकड़ों को देखें तो 2018 के विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 34 सीटों में से कांग्रेस 19 सीटों पर व भाजपा 12 सीटों पर तथा अन्य 3 सीट पर जीते थे। चुनाव के बाद सरकार बनाते समय 3 सीटों पर जीते अन्य राजनीतिक दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी कांग्रेस को समर्थन कर दिया था। इस तरह कांग्रेस के पक्ष में अनुसूचित जाति की 22 सीटें हो गई थी। जबकि भाजपा के पास 12 सीटें ही रह गई थी। इसी तरह अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 25 सीटों में से कांग्रेस को 12 सीटें व भाजपा को 9 सीटें मिली थी। वही 4 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी विजय हुए थे। जिन्होंने बाद में कांग्रेस को समर्थन दे दिया था। इस तरह 2018 के विधानसभा चुनाव में 59 आरक्षित सीटों में से कांग्रेस को 38 विधायकों का समर्थन प्राप्त हुआ। जबकि भाजपा को 21 विधायकों का समर्थन मिला। पिछले विधानसभा चुनाव में यदि आरक्षित वर्ग की सीटों पर कांग्रेस को भारी बढ़त नहीं मिलती तो कांग्रेस की सरकार नहीं बन पाती। 2013 के विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति की 32 सीटें भाजपा ने जीती थी। जबकि कांग्रेस को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। वहीं अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 25 सीटों में से भाजपा ने 18 व कांग्रेस ने मात्र 4 सीटें जीती थी। उस चुनाव में आरक्षित 59 सीटों में से कांग्रेस को मात्र 4 सीटें ही मिली थी। जबकि भाजपा को 50 सीटें व अन्य को 5 सीटें मिली थी। मात्र 4 सीटों पर ही सिमट जाने के कारण कांग्रेस 2013 में 200 में से 21 सीटें ही जीत पाई थी और 50 आरक्षित सीटें जीतने वाली भाजपा ने बंपर बहुमत से सरकार बना ली थी। 2008 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अनुसूचित जाति की 18 अनुसूचित जनजाति की 16 सीटें यानी कुल 34 सीटों पर जीत हासिल की थी। जबकि भाजपा अनुसूचित जाति की 15 व अनुसूचित जनजाति की 2 सीटों पर यानी कुल 17 सीटें ही जीत पाई थी। 2008 के विधानसभा चुनाव में आरक्षित वर्ग की कुल 34 सीटें कांग्रेस व भाजपा मात्र 17 सीटें ही जीत सकी थी। उस समय आरक्षित 34 सीटें जीतने के कारण ही कांग्रेस ने जोड़-तोड़ कर प्रदेश में सरकार बना ली थी। क्योंकि उस समय कांग्रेस को पूर्ण बहुमत नहीं मिला था। मगर कांग्रेस ने बसपा के 6 विधायकों को पार्टी में शामिल कर प्रदेश में सरकार बना ली थी। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 25 सीटों में पहले मुख्य मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच होता था। मगर पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय ट्राइबल पार्टी के नाम से आदिवासी हकों की मांग को लेकर बनी नई पार्टी ने 11 सीटों पर चुनाव लड़ कर 0.72 प्रतिशत वोट हासिल कर दो सीटें जीत ली थी। इस बार फिर भारतीय ट्राइबल पार्टी आदिवासी भील प्रदेश की मांग तेज कर जोर शोर से चुनाव में उतरने की तैयारी कर रही है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## पैरों का स्थान

**राखी सरोज**

**वर्ण**-व्यवस्था की चर्चा धर्मशास्त्रों में व्यापक रूप से की जाती है। धर्म-शास्त्रों में वर्ण व्यवस्था समाज को चार वर्णों (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र) में विभाजित करती है। प्रत्येक वर्ण के लोगों को के लिए बतलाया गया है कि वहां ईश्वर के किस अंग से पैदा हुए हैं जैसे मुख के द्वारा ब्राह्मण, भुजाओं से क्षत्रिय, जाँघों से वैश्य और पैरों से शुद्र उत्पन्न हुए है। ईश्वर की सबसे निचले भाग से पैदा होने के कारण शूद्रों को अवसर करोड़ों वर्षों से भेदभाव और ऊंच-नीच का सामना करने के कारण समाज के अवसरों से दूर रखा गया है। यह मानकर की उन्हें यह मौका नहीं दिया जा सकता क्योंकि इस शब्द में पैदा होने वाले व्यक्ति समाज में किसी उचित स्थान पर कार्य करने के योग्य नहीं है। उन्हें सम्पत्ति इत्यादि से भी कभी रखने का अवसर नहीं दिया गया। आज हमारे समाज में डॉ अंबेडकर के कार्यों के कारण शुद्ध और अछूत कहलाए जाने वाले समाज के एक बहुत बड़े वर्ग को अधिकारों के नाम पर कुछ अवसर प्राप्त होते हैं। किंतु इसके बावजूद भी आज जाति व्यवस्था समाप्त हो गई है या हो जाएगी इस बात पर कोई भी टिप्पणी कर पाना बहुत मुश्किल लगता है, क्योंकि जिस समाज में हम रह रहे हैं आज जाति व्यवस्था उस समाज की हवाओं के साथ-साथ खून में भी बस चुकी है।

वर्तमान समय में जब हम मंदिर जाते हैं चाहे हम किसी भी समाज के हो या किसी भी धर्म के या किसी भी तपके से आते हो। जब हम ईश्वर के सामने नमन करते हैं तो क्या हम कभी भी ईश्वर के सर को कंधों को हाथ को या कमर को छूकर आशीर्वाद लेते हैं। सदैव आपने देखा होगा की प्रत्येक बड़े से बड़ा, चाहे व्यक्ति हो या छोटे से छोटा, अमीर से अमीर, गरीब से गरीब प्रत्येक व्यक्ति ईश्वर के पैरों को ही छूकर आशीर्वाद लेता है। यदि पर की स्थिति इतनी बेकार है कि सालों-साल वर्ण व्यवस्था में बांटे जाने के बाद उस वर्ण में पैदा होने वाले व्यक्तियों को उसकी कीमत चुकाते हुई, नरक से भरा हुआ जीवन जीना पड़ा और आज भी समझ में हजारों कानून बनने के बावजूद भी उसे जाति और वर्ण व्यवस्था को समाप्त करने की अवस्था अभी तक पूर्ण रूप से नहीं आ पाई है। शहरों में तो फिर भी उचित स्थान दिखता है, किंतु गांवों में तो स्थिति बहुत ही खराब है।

## सोशल मीडिया में महिलाओं की निजता के साथ खिलवाड़ क्यूँ

**पूजा गुप्ता**

**सोशल** मीडिया पर महिलाओं को गुमनाम लोगों की ओर से ब्लैकमेल करने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। उनकी निजी जानकारियां, तस्वीरें सोशल मीडिया साइट रेडिट पर साझा की जा रही हैं। आजकल मातृत्व चित्रण पर लोग उनकी न्यूड फोटो सोशल मीडिया में शेयर कर रहे है वह चित्र इतने भद्दे लगते हैं जिसे देखकर महिलाएं भी शर्मशार हो जाए। महिलाओं के गर्भावस्था के दौरान की कुछ फोटो शूट नग्नता के आधार पर पेश किए जा रहे हैं। तस्वीरों के नीचे पुरुषों के अश्लील कमेंट जिनमें रेप की धमकियां शामिल है। महिलाओं की सैंकड़ों प्रोफाइल सोशल मीडिया में मौजूद हैं जिसे शेयर किया जा रहा है और बेचा जा रहा है। इन सभी को बिना महिलाओं की इजाजत के यहां पोस्ट किया जाता है। तस्वीरों का साथ फोन नंबर समेत दूसरी जानकारियां भी लोग आपस में शेयर कर रहे हैं। इससे महिलाओं की निजता पर सवाल उठना लाजमी है। इंस्टाग्राम पर क्रॉप टॉप में महिलाओं की तस्वीरों को पोस्ट करने के बाद, उन्हें बलात्कार की धमकियां दी जाती है। ना जाने सोशल मीडिया में कितनी ऐसी अलग-अलग साइट्स है जहां पर सभ्य महिलाओं की भी तस्वीरें न्यूड तस्वीरों में बदलकर पेश कर दी जाती है। जब उन महिलाओं को यह सब पता चलता है तो वह शर्म के मारे आत्महत्या का रास्ता अपनाने लगती है। समाज की विडंबना है कि लोग अपने घर की बहू बेटियों को पर्दे में रखना चाहते हैं परंतु बाहर दूसरे के घर की बहू बेटियों के साथ अश्लील हरकत करते हुए नजर आते हैं। महिलाओं के नाम से फेंक अकाउंट बनाकर लोग अश्लील बातें करते हैं जिसमें उस महिला के नाम का दुरुपयोग होता है। अश्लीलता एक प्रकार का दिमागी प्रदूषण है और समाज को बड़े पैमाने पर प्रभावित करने वाली एक सामाजिक समस्या है। इसे किसी भी तस्वीर, फोटोग्राफ, आकृति, लेख, लेख, वीडियो, आदि के रूप में परिभाषित किया जा सकता है या एक सार्वजनिक कार्य जो मन को दूषित या भ्रष्ट करता है और जो कामचलाऊ हितों के लिए अपील करता है या जो स्वीकार्य सामाजिक नैतिक मानकों के खिलाफ है, उसे कहा जाएगा।
अश्लील और अश्लील। देर से ही सही, मीडिया ने अर्ध-नग्न विज्ञापनों, वीडियो-ग्राफी, सॉफ्ट-पोर्न के रूप में समाचार और बहुत कुछ के माध्यम से अश्लीलता को बढ़ावा देने में एक प्रमुख भूमिका निभाई है। वे थोड़े और प्रसार, पाठकों की संख्या, दर्शकों की संख्या और थोड़े और पैसे के लिए निश्चित रूप से एक पूरी पीढ़ी के मूल्यों को दांव पर लगा रहे हैं। 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने भी निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार माना है।

# पुलिस में भर्ती करवाने के मामले में 32 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**

पुलिस ने एकेडमी खोलकर पैसे लेकर भर्ती कराने के नाम पर धंधा करने वाले एक रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस बारे में बुधवार को पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक ने खुलासा किया। एकेडमी में गारंटी से भर्ती करवाने के नाम से बैच चलाया जाता था। इस बेच के लिए अलग से पैसे निर्धारित किए जाते थे। एकेडमी संचालक 12.15 लाख रुपए 2.3 किस्तों में लेते थे। इस बैच में एडमिशन लेने वाले बच्चों के परिवार वालों को भर्ती करवाने का पूर्ण आश्वासन दिया जाता था। एकेडमी संचालक पेपर हैकर और पेपर करवाने वाली कंपनी से संपर्क रखता था, पेपर हैक करके और पेपर में सीटर बैठाकर फर्जी पेपर करवाया जाता था।



पुलिस ने इस मामले में एक आरोपिता सरिता वासी भैहनी चंद्रपाल थाना महम हाल आबाद शास्त्री नगर रोहतक को गिरफ्तार किया गया, जिससे पूछताछ में पता लगाया कि उन्होंने दीक्षा डिफेंस एकेडमी रोहतक में खोल रखी है और आरोपित नरेश, अनिल भास्कर व प्रेमचंद भर्ती करवाने के सिलसिले से उनकी एकेडमी पर आते रहते थे। इनकी कृष्ण लैब पर ऑनलाइन भर्ती के पेपर होते थे। पुलिस ने मामले में हरियाणा पुलिस की भर्ती के समय बच्चों के फॉर्म वगरैह और आधार कार्डों में एडिटिंग करने वाले आरोपित दीपक वासी बडराई थाना झोझू कलां को 26 अप्रैल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दिनांक 26 अप्रैल को आरोपित जगदीश वासी तालु भिवानी की गिरफ्तार किया, आरोपित भर्ती के लिए बाहर से आए हुए सीटरों को रेलवे स्टेशन से लाता था और भर्ती सेंटरों पर छोड़कर आता था। इस मामले में पुलिस ने एक सीटर को भी गिरफ्तार किया, जो पेपर में दूसरे के स्थान पर बैठता था और बदले में पैसे लेता था, जिसकी पहचान राकेश उर्फ पटेल वासी पांची शेखपुर बिहार के रूप में हुई। आरोपित रेलवे विभाग में टेक्नीशियन के पद पर लगा हुआ है। मामले में पुलिस ने लैब में फिंगर प्रिंट बदलने वाले आरोपित प्रदीप वासी भीलवाड़ा अटेली को गिरफ्तार किया, आरोपित को हरियाणा पुलिस भर्ती में फिंगर प्रिंट बदलने के लिए कमीशन मिला था, लेकिन आरोपित फिंगर प्रिंट चेंज नहीं कर सके। पुलिस ने मामले में सीटर उपलब्ध करवाने वाले आरोपित गोपाल वासी आरा थाना नवादा जिला भोजपुर को गत 30 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया। गत 01 मई को गिरफ्तार आरोपित संदीप वासी जसौर खेड़ी थाना सदर बहादुरगढ़ और हरविंद्र उर्फ हैप्पी वासी कबूलपुर रोहतक को गिरफ्तार किया गया, आरोपित बच्चों को फर्जी तरीके से सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने का काम करते थे। मामले में गिरफ्तार आरोपिता सीमा वासी शास्त्री नगर रोहतक एकेडमी के अकाउंट का काम देखती थी और भर्ती के लिए आए हुए रुपयों को वेस्टीज व क्रिप्टोकरेंसी इत्यादि में लगाती थी। फिंगर प्रिंट बदलवाने का काम देखने वाले आरोपित जुगल किशोर वासी नीमगांव थाना गोरधन मथुरा को भी। पुलिस ने मामले में उसे भी गिरफ्तार किया।

**फिंगर प्रिंट बदलवाने का काम देखने वाले आरोपित जुगल किशोर वासी नीमगांव थाना गोरधन मथुरा को भी**

# विश्वविद्यालय कर्मी समेत तीन को निशाना बनाया, 18 लाख ठगे

## रोजाना जिले में 2 या तीन साइबर ठगी के मामले सामने आ रहे हैं, लोगों की नासमझी का फायदा उठा लूट रहें साइबर ठग

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सोनीपत में** साइबर ठगी का जाल फैलता जा रहा है। साइबर ठग लोगों को लगातार अपना निशाना बना रहे हैं। रोजाना जिले में 2 या तीन साइबर ठगी के मामले सामने आ रहे हैं। लोगों को झांसे में लेकर उनके बैंक खाते खाली किए जा रहे हैं। सोनीपत में अलग-अलग स्थानों पर विवि के प्रशासनिक विभाग में कार्यरत युवती समेत तीन लोगों को झांसे में लेकर 18 लाख की ठगी कर ली गई। युवती को झांसे में लेकर साइबर ठगों ने 16 लाख रुपये ऐंठ लिये। वहीं केवाईसी करने के नाम पर 98 हजार व आधार कार्ड का प्रयोग कर साइबर ठगों ने गोहाना की महिला के खाते से एक लाख रुपये निकाल लिये। साइबर थाना व गोहाना सिटी थाना पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से केरल फिलहाल राई थाना क्षेत्र के सेक्टर-35 स्थित युवती ने बताया कि वह राई क्षेत्र के विश्वविद्यालय में प्रशासनिक विभाग में कार्यरत हैं। वह मोबाइल पर ऑनलाइन जॉब तलाश रही थी। इसी बीच उन्हें टेलीग्राम से कुछ होटल की समीक्षा करने के बदले प्रति होटल 50 रुपये देने का मैसेज मिला। जिस पर उन्होंने होटल की ऑनलाइन समीक्षा शुरू कर दी। युवती का कहना है कि इसकी एवज में उनके खाते में 400 रुपये का भुगतान भी हुआ। इसके बाद उसे साइबर ठगों ने झांसे में ले लिया। उन्होंने समीक्षा के लिए होटल को पसंद करने के लिए 30 फीसदी कमीशन देने के बहाने और एक साथ भुगतान करने के नाम पर झांसे में लिया। उसके बाद उन्होंने उन्हें धमकी दी कि उनकी निर्वस्त्र फोटो बनाकर वह वायरल कर देंगे। उसके बाद उनसे अलग-अलग बैंक खातों में 16 लाख 6 हजार 435 रुपये जमा कराए गए।

युवती ने बताया कि उनसे 5 अप्रैल से 30 अप्रैल तक 18 बैंक खातों में राशि डलवाई गई। उन पर अब भी पैसे डालने का दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही निर्वस्त्र फोटो वायरल करने की धमकी दी जा रही है। जिस पर तंग आकर उन्होंने साइबर थाना में शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम अब बैंक खातों व मोबाइल नंबर के आधार पर साइबर ठगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

क्रेडिट कार्ड में केवाईसी अपडेट के नाम पर खाते से निकाले 98 हजार रुपये क्रेडिट कार्ड में केवाईसी अपडेट करने के नाम पर सेक्टर-12 निवासी व्यक्ति को झांसे में ले खाते से लगभग 98 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पंकज ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर 8 मई को एक नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने कहा कि एसबीआई के क्रेडिट कार्ड से संबंधित केवाईसी अपडेट कर लें। इसके लिए उनके मोबाइल पर एसबीआई की तरफ से वेब पेज का लिंक भी भेजा गया। यह हूबहू एसबीआई के पेज से मिलता हुआ था। कुछ देर बाद उसे खाते से रुपए कटने के 2 मैसेज मिले। उसके कार्ड से 97 हजार 920 रुपए निकाल लिए गए। साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आधार कार्ड का प्रयोग कर महिला के खाते से निकाले एक लाख रुपये गोहाना के उत्तम नगर की रहने वाली महिला के बैंक खाते से साइबर ठगों ने एक लाख रुपये निकाल लिये। मूलरूप से गोहाना की हुकम चंद मंडी फिलहाल उत्तम नगर निवासी वीना मित्तल ने सिटी थाना पुलिस को बताया कि उनका बैंक खाता गोहाना में इलाहाबाद बैंक की शाखा में है। वह 5 अप्रैल को बैंक खाते में रुपये जमा करवाने के लिए गई थीं।

**सोनीपत में अलग-अलग स्थानों पर विवि के प्रशासनिक विभाग में कार्यरत युवती समेत तीन लोगों को झांसे में लेकर 18 लाख की ठगी कर ली गई**

## न्यूज फ्लैश

### चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल सहित युवक को पकड़ा

**गन्नौर:** चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल सहित क्राइम ब्रांच गन्नौर यूनिट द्वारा गुप्त सूचना पर चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल सहित एक युवक को बुलेट मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने बिना किसी देरी के तत्परता दिखाते हुए नमस्ते चौक गन्नौर पर नाकाबंदी की तो इसी दौरान बिना नंबर की एक बुलेट मोटरसाइकिल पर युवक आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस पार्टी को देखकर युवक बाइक को दूसरी तरफ तेजी से घुमाने लगा ,लेकिन क्राइम ब्रांच के कर्मचारियों ने उसे धर दबोचा। पकड़े गए युवक की पहचान मोन्टी देवु रोड सोनीपत के रूप में हुई है। जांच अधिकारी अमित ने बताया कि ये युवक बिना नम्बर प्लेट की काले रंग की बुल्ट मोटरसाईकल रोहतक से चोरी करके लाया है और वह उसको बेचने के मकसद से गन्नौर मे आया था। पकड़े गए युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उससे पूछताछ की जा रही कि क्या किसी अन्य मामले में तो शामिल नही ।

### गन्नौर पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक युवक को पकड़ा

**गन्नौर:** गन्नौर पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की नई अनाज मंडी के पीछे एक युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। पुलिस ने तुरंत रेड करते हुए एक युवक को अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान अंकित कुमार वासी नोहर तहसील मतलोड़ा जिला पानीपत हाल निवासी किराएदार हरिनगर गन्नौर के रुप मे हुई है। पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ सस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### इनसो ने रोड़वेज टीएम पंकज पूनिया को सौंपा ज्ञापन

**पानीपत:** छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑगेर्नाइजेशन के छात्र नेता बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार के नेतृत्व में छात्रों ने राजकीय महिला कॉलेज मतलौडा में परीक्षाओं के दौरान बसे बंद ना करने की मांग को लेकर रोड़वेज ट्रैफिक मैनेजर पंकज पुनिया को ज्ञापन सौंपा। इनसो नेता बलराज देशवाल ने बताया की राजकीय महिला कॉलेज मतलौडा में करीब 50 से भी ज्यादा गांवों की छात्राएं पढने के लिए आती है और उनके आने जाने के लिए करीब 12 बसें विभिन्न गांवों के रुटो पर लगाई गई है जोकि सुबह 8 बजे गांवों से छात्राओं को लेकर कॉलेज जाती है और फिर दोपहर को छुट्टी के समय 2 बजे कॉलेज से छात्राओं को लेकर उनके गांवों तक छोड? के लिये जाती है। लेकिन परीक्षाओं के दौरान इन बसों को बंद कर दिया जाता है, जिससे छात्राओं को भारी परेशानी होती है। इनसो की मांग है कि इन बसों को परीक्षा के दौरान भी चलाया जाये। इस अवसर पर पंकज सिंह, राहूल पूनिया, राममेहर शर्मा, नीरज राठी, मुनीम खर्ब , रीतेश व रोहित आदि छात्र मौजूद रहे।



### बीसी ए को निकाय प्रकोष्ठ में आरक्षण देने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार



**पानीपत:** अखिल भारतीय जागरूक योगी समाज के अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि भाजपा एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल पिछड़ा वर्ग के सबसे बड़े हितैषी है और सदैव पिछड़ा वर्ग की चिंता करते रहते हैं। वहीं प्रदीप उपाध्याय ने स्थानीय निकाय चुनाव में बीसीए वर्ग को आरक्षण देने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए अपने देशराज कॉलोनी स्थित कार्यालय में बताया कि निकाय संस्थाओं में बीसीए को 8 प्रतिशत आरक्षण देकर समाज के इस बहुत बड़े वर्ग को उपकृत किया है।

इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए अखिल भारतीय जागरूक योगी, उपाध्याय समाज मुख्यमंत्री मनोहर लाल का हृदय से कोटि-कोटि आभार व्यक्त करता है। इस व्यवस्था से समाज में एक नई राजनीतिक चेतना पैदा होगी और लोग राजनीतिक रूप से सशक्त होंगे। यही नहीं शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में भी समाज प्रगति करेगा।

# बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किसानों ने पुतला जलाकर किया रोष प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**भाजपा** सांसद बृज भूषण की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने बुधवार को नमस्ते चोक से लेकर लघु सचिवालय तक रोष प्रदर्शन कर शव यात्रा निकाली। यात्रा लघु सचिवालय पहुँची ओर वहा बृज भूषण का पुतला जलाया। इसके बाद किसानों ने राष्ट्रपति के नाम एक मांग पत्र भी नायब तहसीलदार को सोपा है। यात्रा भारतीय किसान यूनियन के हल्का प्रधान बलजीत मलिक ने नेतृत्व में निकाली गई। इस दौरान



किसानों ने प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ रोष जताया। किसान जयभगवान मलिक ने बताया कि जंतर मंतर पर देश के पहलवान धरने पर बैठे है और न्याय की लड़ाई लड़ रहे है। वही केंद्र और प्रदेश की सरकार भाजपा सांसद की बचाने का काम कर रही है। एक तरफ सरकार क्राइम रोकने की बात कर रही है तो दूसरी तरफ पहलवानों को न्याय नही दिला पा रही है। किसानों का कहना है कि जब तक बृज भूषण की गिरफ्तारी नही होती तब तक किसानों का समर्थन पहलवानों के साथ रहेगा। इस मौके पर रोहतास बेनीवाल, सत्यवान, रणबीर, सरोज बाला, महेंद्र सिंह, राजपाल, राजेन्द्र सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/राई**

**श्री रामेश्वर** सेवा संस्थान द्वारा संचालित रेनू विद्या मंदिर व सुशील गुप्ता मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में श्री रामेश्वर सेवा संस्थान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रेनू विद्या मंदिर के संस्थापक व चैयरमेन नानक चंद गुप्ता के पिता स्वर्गीय रामेश्वर दयाल की 33वी पुण्यतिथि पर शिक्षकों व छात्रों ने उनकी फाटो पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर संस्था के प्रबंधक विजेंद्र कुमार डॉ रत्नेश सिंह (अस्सोसिएट प्रोफेसर) मनोज कुमार, दीपक, सीनू, नेहा चंद्रा, सुनील, ज्योति आदि ने उनके दिखाए मार्ग पर प्रकाश डाला। इस मौके पर पिंकी, शीतल, रंजू, कामिनी, अफसाना, आरती ,गीता, अंजलि, सविता, भावना, अर्चना, विकास, सुमन, काजल, सुनील गुप्ता आदि मौजूद थे।

# नपा शहर में 10 लाख रुपए की लागत से शहर में लगवाएगी 200 आरसीसी बेंच

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**ओपन** जिम स्थापित करने का टेंडर अलाट करने के बाद शहर के पार्कों में नगरपालिका द्वारा अब सभी वार्डों में करीब 200 आरसीसी बेंच रखवाने का टेंडर अलाट होने के बाद नगरपालिका ने आरसीसी बेंच रखने टेंडर अलाट करने के बाद एजेंसी से बेंचों के सैंपल भी मंगवा दिए गए हैं। सैंपल पास होने के बाद शहर के सभी सार्वजनिक स्थानों पर बेंच लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। नगरपालिका अभियंता राहुल मोर ने बताया कि शहर के जिन पार्कों में ओपन जिम नहीं है, उन पार्कों में ओपन जिम की व्यवस्था की जाएगी।



शहर के 3 पार्कों में ओपन जिम स्थापित की जाएगी। नगरपालिका की ओर से इनके लिए एजेंसी को टेंडर अलाट कर दिया गया है। जल्द ही ओपन जिम लगाने का काम शुरू करवा दिया जाएगा। इसके अलावा नगर पालिका सभी वार्डों में लगभग 200 आरसीसी बेंच रखे जाने है। वार्डों में जहां पर जरूरत है, वहां पर ये आरसीसी बेंच रखें जाएंगे। आरसीसी बेंच रखे जाने से जहां शहर के बुजुर्ग, महिलाओं व अन्य लोगों को धूप में आराम करने के लिए बैठने की व्यवस्था होगी।

# उप-मुख्यमंत्री आज गोहाना सहित विभिन्न गांवों का करेंगे दौरा


**सोनीपतः उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 11 मई को गोहाना शहर के विभिन्न स्थानों सहित कई गांवों का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि उप-मुख्यमंत्री अपने दौरे के दौरान सबसे पहले दोपहर 01 बजे गांव ठसका माहरा में पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर 01:15 बजे गोहाना स्थित सेक्टर-07 स्थित मकान नंबर-112 में, दोपहर 01:35 बजे सेक्टर-07 स्थित मकान नंबर-179 में, दोपहर 02 बजे गोहाना नई अनाज मण्डी स्थित दुकान नंबर-84 में, दोपहर 02:30 बजे गोहाना नई अनाज मण्डी स्थित दुकान नंबर-203 में, दोपहर 03 बजे गोहाना वार्ड नंबर-07 में जैन स्थानक वाली गली में पहुंचेंगे।

# गोवंशों का आतंक: संस्थाओं ने अभियान किया शुरू

## ठेकेदार द्वारा काम बंद करने के बाद अपने खर्चे पर पकड़वाने का लिया था फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**शहर की** विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं ने नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी की अध्यक्षता में शहर के गणमान्य लोगों की बैठक कर अपने खर्चे से आवारा पशुओं को पकड़ कर नंदीशालाओं में भिजवाने का निर्णय लिया था। जिसके बाद अब समाजसेवी संस्थाओं ने शहर में घूम रहे गोवंशो को पकड़वाने का काम शुरू कर दिया है। समाजसेवी संस्थाओं ने इसके लिए एक निजी एजेंसी को ठेका दिया है। एजेंसी द्वारा पशुओं को पकड़ कर नंदीशालाओं में भिजवाया जा रहा है। गोवंश जहां रात के समय



सड़कों पर बैठ कर दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन रहे है वहीं दिन के समय में ये गोवंश आपस में लड़ते हैं। आमजन और दुकानदार इनकी चपेट में आ जाते हैं। ऐसे में नगरपालिका द्वारा गोवंशो को पकड़वाने के लिए टेंडर अलाट कर दिया गया था। जिसके बाद एजेंसी ने काम भी शुरू कर दिया था, लेकिन एजेंसी ने काम बीच में रोक दिया। जिसके चलते अब समाजसेवी संस्थाओं ने शहर को इधर उधर विचरण कर रहे गोवंशों से शहर को मुक्त करवाना का बीड़ा उठाया है।

**नपा द्वारा टैगिंग न होने पर रोक दी थी पैमेंट**

**गोवंशो** को पकड़ने वाले ठेकेदार द्वारा गन्नौर शहर से आवारा पशुओं को पकड़ने का काम शुरू कर दिया था, लेकिन पशुपालन विभाग ने पकड़े गए पशुओं की पहचान करने के लिए उन्हें टैग लगाने से माना कर दिया। जिसके बाद ठेकेदार की नगरपालिका ने पेमेंट रोक दी, क्योंकि पशुपालन विभाग द्वारा पकड़े गए पशुओं को चिह्नित करने के बाद ही नगरपालिका द्वारा पेमेंट की जा सकती है। ऐसे में ठेकेदार ने आवारा पशु पकड़ने का काम बंद कर दिया है।

# बिना कारण बता हटाए गए ड्राइवरों के धरना प्रदर्शन में शामिल हुए पार्षद



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** आज नारनौल नगर परिषद में 9 ड्राइवर को बिना किसी कारण व बिना नोटिस दिए हटाए जाने पर ड्राइवर द्वारा दिए जा रहे धरने प्रदर्शन में काफी संख्या में नगर पार्षद गण भी पहुँचे। वार्ड न. 20 से पार्षद नितिन चौधरी एडवोकेट ने बताया की आज लगभग 20 पार्षद इस विरोध धरना प्रदर्शन में पहुँचे, जिसमें उपप्रधान संजीव यादव सहित संदीप बंटी जैन, टिंकू सैनी, रविन्द्र भांखर, मोहन शर्मा,कपिल यादव, संजय सैनी, मनोज सैनी, काशीराम, अजय सिंघल, अतर सिंह, पार्षद प्रतिनिधि रतन लाल अग्रवाल,अरुण यादव,सुमेर कांडा, धुपसिंह बहल आदि ने निलंबित चालको के पक्ष में धरना प्रदर्शन किया । कौशल विकास योजना के अंतर्गत के इन कर्मचारियों को पिछले साल नगर निकाय मंत्री कमल गुप्ता ने भी आश्वासत किया था की इनके साथी गलत नहीं होगा , जबकि आज इनके व इनके परिवार को भूखे मरने की नौबत आ गयी हैं ।

वही सभी पार्षद गणों का कहना था कि नये सफाई ठेके में बहुत सी कमिया व खामिया हैं जिसके कारण इन गरीब चालको के साथी गलत हुआ हैं । पार्षद गण ने मांग रखी हैं की उक्त ठेकेदार से नगर परिषद के 9 टेम्पो वापिस लेकर इन लोगो की नौकरी बहाल की जाए, जिससे इनके आश्रित परिवार का भरण पौषण हो सके।

पार्षदों का मत है कि नये ठेकेदार ने जो भी करार किये थे उसमे से अधिकतर पूर्ण नहीं किये ।

अनुबंध के आधार पर पूरे शहर में हर 2 मकान दूकान छोड़कर चिप लगनी थीं , ताकि सफाई का टेम्पो वहाँ से गुजरे तो वह चिन्हित हो जाय की यहाँ से कचरा इकठ्ठा कर लिया गया हैं । इतना ही नहीं ठेकेदार ने कूड़े के लिए ट्रीटमेंट प्लांट भी नहीं लगाया हैं और सभी गलियों में रोज टेम्पो जा कर कूड़ा इकठ्ठा भी नहीं कर रहे हैं ।वही इकठ्ठा हुए पार्षद गण ने नप की जेसीबी को ठीक करवाने को लेकर नप की चेयर पर्सन के नाम ज्ञापन दिया जिसमें सफाई के नये टेंडर को मौजूदा खामियों के चलते टेंडर खत्म करने की बता कही। वही दूसरी और नगर परिषद के रेस्ट हाउस को पार्षद साथिओं के लिए खाली करवाने की भी बात चली, बताया गया कि ये रेस्ट हाउस नप के अधिकारियो का घर नहीं हैं, इसे जल्द से जल्द खाली करवाया जाए।

# सुरेंद्र धौला ने जताया डिप्टी सीएम का आभार

## पानीपत जिला में सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर करेंगे संगठन को मजबूत: सुरेंद्र धौला

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**जननायक** जनता पार्टी के इसराना हलका के अध्यक्ष सुरेंद्र धौला को पार्टी हाईकमान ने पानीपत का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं वरिष्ठ नेता सुरेंद्र धौला के जजपा का जिला अध्यक्ष बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अनेकों स्थानों पर लड्डू बांटकर खुशी मनाई। जबकि सुरेंद्र धौला ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला व



प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह मलिक सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है। दूसरी तरफ नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुरेंद्र धौला एवं पानीपत जिला के अनेकों पार्टी पदाधिकारी चंड़ीगड़ में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के आवास पर पहुंचे और सुरेंद्र धौला को पानीपत जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर आभार व्यक्त किया। वहीं दुष्यंत चौटाला ने जिला अध्यक्ष सुरेंद्र धौला को कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को साथ में लेकर पानीपत जिला में संगठन को मजबूत करने का काम करे। चंडीगढ़ जाकर आभार व्यक्त करने वालो में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र धौला के अलावा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बहन फूलवती, प्रदेश संगठन सचिव देवेंद्र कादियान, शहरी हलका अध्यक्ष सोहन लाल बठला, सरदार गुरचरण सिंह, दयानंद उरलाना, अजय बिंझौल एडवोकेट आदि शामिल है।

# अमित शौनक राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**टीम एक्श इंडिया/सोनीपत**

**राष्ट्रीय** ब्राह्मण महासंस्था ने सोनीपत के निवासी और भारतीय जनता पार्टी के नेता पंडित अमित शौनक को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था के अध्यक्ष आदित्य मिश्रा जी ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। ब्राह्मण समाज के युवा और वरिष्ठ लोगों ने अमित शौनक को इस नियुक्ति के लिए बधाई दी है। इस नियुक्ति पर अमित शौनक ने कहा, "मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य मिश्रा , राष्ट्रीय प्रभारी योगेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष वरुण शर्मा का अत्यंत आभारी हूं। उन्होंने मुझे सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए यह जिम्मेदारी दी है। इसका मैं अच्छी तरह निर्वाह करूंगा। संगठन के प्रसार और ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए संगठन की ओर से चलाई जा रहे कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का प्रयास करूंगा। पिछले करीब 30 वर्षों से विश्व हिंदू परिषद और भारतीय जनता पार्टी में कार्यरत हैं पूर्व में ब्राह्मण समाज से जुड़ी सामाजिक गतिविधियों में अग्रणी रूप से भूमिका निभाते रहे हैं ।अमित शौनक पंडित को उनकी नियुक्ति पर राष्ट्रीय महासचिव योगेश शर्मा, प्रदेश प्रभारी विपिन वशिष्ठ, प्रदेश महासचिव अमित शर्मा, ज़िला अध्यक्ष हेमंत शर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष अमित शर्मा औरचिट्टाने वाली माता के मंदिर के प्रधान श्री महेश गोयल जी नरेश कुमार व ब्राह्मण उत्थान परिषद की ओर से अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश शर्मा , रवींद्र शर्मा, संदीप कोशिक, कपिल जमदग्नी व संस्था के तमाम लोगों ने बधाई दी है।

# पहलवानों की याचिका पर कोर्ट ने पुलिस से स्टेटस रिपोर्ट मांगी

**मांग पर कार्रवाई**

● बिना देरी किये इस मामले में शिकायतकर्ताओं के बयान अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत कोर्ट में दर्ज कराए जाएं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपक काण्डपाल**
**जंतर-मंतर** पर धरने पर बैठीं महिला पहलवानों ने अब ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज एफआईआर की जांच की निगरानी के लिए राऊज एवेन्यू कोर्ट का रुख किया है। महिला पहलवानों ने मांग की है कि कोर्ट पुलिस से अब तक की जांच को लेकर स्टेटस रिपोर्ट तलब करे। महिला पहलवानों की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 12 मई को होगी। याचिका में मांग की गई है कि बिना देरी किये इस मामले में शिकायतकर्ताओं के बयान अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत कोर्ट में दर्ज कराए जाएं। इससे पहले महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। कोर्ट के आदेश पर दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। इस मामले में सात महिला पहलवानों ने पुलिस ने बयान दर्ज कर लिया है, लेकिन इन महिला पहलवानों के बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज नहीं हुए हैं। जनवरी में विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया समेत कई पहलवानों और कोचों ने बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप लगाते हुए दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन दिया था। इसके बाद केंद्रीय युवा और खेल मंत्रालय ने आरोपों की जांच के लिए कमेटी का गठन किया था।

## जंतर-मंतर पर पहलवानों के समर्थन में पहुंच रहे लोगों के लिए लंगर शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के जंतर-मंतर** पर पहलवानों के धरना प्रदर्शन का बुधवार को 18वां दिन है। अब जंतर-मंतर पर भीड़ भी कम हो गई है। दूसरी तरफ पंजाब से आ रहे लोगों का समर्थन जंतर-मंतर पर पहलवानों को लगातार मिल रहा है। पहलवानों ने इस लड़ाई को लंबा लड़ने की तैयारी कर ली है।
पहलवानों की तरफ से साफ कहा जा रहा है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता तब तक वह धरना स्थल से नहीं हटेंगे।
दूसरी तरफ जंतर-मंतर पर खाने-पीने का इंतजाम भी अब होने लगा है। पहले खाना बाहर से आ रहा था, लेकिन अब खाना-पीना यहीं पर बन रहा है। जंतर-मंतर पर लंगर शुरू कर दिया गया है। जिस तरह किसानों ने स्थाई रूप से बॉर्डर पर कब्जा करके धरना प्रदर्शन किया था। ठीक उसी प्रकार अब जंतर-मंतर पर भी देखने को मिल रहा है। पहलवानों की तरफ से कहा जा रहा है कि जब तक हमें न्याय नहीं मिलता हम यहीं डटे रहेंगे। राजनीतिक दलों का भी यहां पर पहुंचने का सिलसिला जारी है और इन्हें समर्थन भी दिया जा रहा है।
पहलवानों का कहना है कि हमारी लड़ाई सिर्फ बृजभूषण शरण सिंह से है। हमारी सरकार से कोई लड़ाई नहीं है।

# ईडी की याचिका पर गौतम मल्होत्रा और राजेश को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपित गौतम मल्होत्रा और राजेश जोशी को ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दोनों आरोपितों को नोटिस जारी किया है। हाई कोर्ट ने कहा कि गौतम मल्होत्रा और राजेश जोशी को जमानत देते समय ट्रायल कोर्ट की टिप्पणियों का इस्तेमाल बाकी सह आरोपित दूसरी अदालती कार्रवाई में नहीं करेंगे। 6 मई को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दोनों आरोपितों को जमानत दी थी। ईडी ने राजेश जोशी की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि हवाला ऑपरेटर के मुताबिक हवाला का लेनदेन 26 नवंबर, 2021 और 10 नवंबर, 2021 को हुआ।

**आदेश**

● गौतम-जोशी को जमानत देते समय ट्रायल कोर्ट की टिप्पणियों का इस्तेमाल बाकी सह आरोपित दूसरी अदालती कार्रवाई में नहीं करेंगे

ईडी ने कहा था कि राजेश जोशी ने बड़ी संख्या में फर्जी बिल बनाया था। ईडी ने कहा था कि राजेश जोशी विजय नायर के इशारे पर काम कर रहा था। इस मामले में ईडी ने राजेश जोशी को 9 फरवरी को गिरफ्तार किया था।



जंतर-मंतर से मीडिया को संबोधित करते हुए पहलवान।

## गर्मी का सितम झेलने के लिए तैयार रहें दिल्ली वाले

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली-एनसीआर** में कई दिनों से मौसम सुहावना बना हुआ था, लेकिन अब लोगों को सप्ताह के अंत तक झुलसाने वाली गर्मी का सितम झेलना होगा। मौसम विभाग ने इस सप्ताह के अंत तक अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंचने की संभावना जताई है। हालांकि, 13 मई को एक-दो स्थानों पर बूंदाबांदी की संभावना है, लेकिन इससे तापमान पर कोई असर नहीं पड़ेगा। दिल्ली-एनसीआर में अप्रैल के तीसरे सप्ताह से ही मौसम सुहावना बना हुआ था। कई बार बारिश होने के कारण मई में भी तापमान 40 डिग्री से नीचे ही चल रहा है।

# दिवाला कार्यवाही को लेकर गो फर्स्ट की याचिका स्वीकार की

### पीठ ने कंपनी को किसी भी कर्मचारी की छंटनी नहीं करने के लिए कहा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संकटग्रस्त** एयरलाइंस कंपनी गो फर्स्ट की दिवालिया याचिका को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही अध्यक्ष न्यायमूर्ति रामलिंग सुधाकर और एलएन गुप्ता की पीठ ने कर्ज में फंसी कंपनी को चलाने के लिए अभिलाष लाल को अंतरिम पेशेवर नियुक्त किया है।
एनसीएलटी की पीठ ने बुधवार को अपने फैसले में गो फर्स्ट को किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से संरक्षण भी दिया। एनसीएलटी ने ऋण शोधन कार्यवाही के दौरान उसे चलाने के लिए निलंबित निदेशक मंडल से समाधान पेशेवर की मदद करने को कहा है। पीठ ने कंपनी को परिचालन में बनाए रखने और वित्तीय बाध्यताओं को पूरा करने के साथ किसी भी कर्मचारी की छंटनी भी नहीं करने को कहा है। इससे पहले न्यायाधिकरण ने वाडिया समूह की अगुवाई वाली एयरलाइन कंपनी तथा गो फर्स्ट को विमान पट्टे पर देने वाली इकाइयों की दलीलों को सुनने के बाद चार मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।
विमान पट्टे पर देने वाली कंपनियों ने याचिका का विरोध करते हुए अंतरिम सरंक्षण देने का आग्रह किया था। गो फर्स्ट एयरलाइन कंपनी ने 17 साल से अधिक समय पहले उड़ान भरना शुरू किया था। संकट की दौर से गुजर रही गो फर्स्ट पहले ही 15 मई तक टिकट की बिक्री निलंबित कर चुकी है, जबकि 19 मई तक की सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। कंपनी वित्तीय संकट के बीच तीन मई से उड़ानों का परिचालन रोक दिया है। एयरलाइन पर कुल देनदारी 11,463 करोड़ रुपये है। उसने स्वैच्छिक रूप से दिवाला कार्यवाही के लिए आवेदन देकर वित्तीय बाध्यताओं पर अंतरिम रोक का आग्रह किया था।




**स्वीकार किया**

● एनसीएलटी की पीठ ने बुधवार को अपने फैसले में गो फर्स्ट को किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से संरक्षण भी दिया

# तिमारपुर इलाके में युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तरी** दिल्ली के तिमारपुर इलाके में कुछ लोगों ने एक युवक की चाकू से घोंपकर हत्या कर दी। सभी आरोपित नाबालिग बताए जा रहे हैं। पुलिस ने इस संबंध में एक को हिरासत में लिया है। मृतक की पहचान कुणाल के रूप में हुई है। कुणाल तिमारपुर के एमएस फ्लैट का रहने वाला था। पीड़ित परिवार के मुताबिक, मंगलवार रात करीब 9 बजे कुछ युवक कुणाल को अपनी स्कूटी पर तिमारपुर थाने से कुछ ही दूरी पर स्थित केंद्रीय लोक निर्माण सेवा केंद्र के पास लेकर आये और उसे स्कूटी से उतारकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं, उसके साथ गाली-गलौच भी की। इसके बाद सभी आरोपितों ने चाकू गोदकर उसकी हत्या कर दी। सभी आरोपित नाबालिग बताए जा रहे हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि कुणाल की हत्या को अंजाम देने वाले आरोपित स्लम बस्ती के रहने वाले हैं, जिनमें से एक आरोपित की पहचान परिवार ने कर ली है। परिजनों का कहना है कि मृतक कुणाल अक्सर अपने घर में ही रहा करता था और जब कभी कहीं पार्टी इवेंट होते थे तो उनमें वेटर का काम करने जाता था। हालांकि परिजनों ने कुणाल की किसी के साथ लड़ाई या आपसी रंजिश को लेकर साफ इनकार किया है। डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि पुलिस को बीती देर रात करीब 10 बजे घटना की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

# सिसोदिया के खिलाफ चार्जशीट पर अगली सुनवाई 19 को

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में ईडी की ओर से मनीष सिसोदिया के खिलाफ दायर चार्जशीट पर सुनवाई टाल दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने 19 मई को सुनवाई करने का आदेश दिया। ईडी ने इस मामले में चौथी चार्जशीट 4 मई को दाखिल की थी। चौथी चार्जशीट में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आरोपित बनाया गया है। ईडी की चौथी चार्जशीट 21 सौ पेज की है। सिसोदिया इस मामले में 29वें आरोपित हैं। एक मई को कोर्ट ने ईडी की ओर से दाखिल तीसरी चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। स्पेशल जज एमके नागपाल ने तीसरी चार्जशीट में बनाए गए सभी आरोपितों को 10 मई को कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया है। ईडी ने 06 अप्रैल को तीसरी चार्जशीट दाखिल की थी। तीसरी चार्जशीट में तीन लोगों को आरोपित बनाया गया है। ईडी ने राजेश जोशी, राघव मगुंटा और गौतम मल्होत्रा को आरोपित किया है। ईडी ने कोर्ट को बताया कि गौतम मल्हौत्रा को 7 फरवरी, राजेश जोशी को 8 फरवरी और राघव मगुंटा को 10 फरवरी को गिरफ्तार किया था। ईडी ने कहा है कि करीब ढाई करोड़ रुपये पहले अमित अरोड़ा को दिए गए और फिर दिनेश अरोड़ा को दिए गए। आखिरकार ये रकम आप नेताओं को दिए गए। ईडी के मुताबिक आम आदमी पार्टी के कैंपेन को चलाने के लिए राजेश जोशी ने 77 लाख रुपये लिए। राजेश जोशी एक एडवरटाइजिंग कंपनी का प्रमुख था। छह जनवरी को ईडी ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दूसरी चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में 12 को आरोपित किया गया है। इसमें पांच व्यक्तियों और सात कंपनियों के नाम हैं। चार्जशीट में ईडी ने जिन लोगों को आरोपित बनाया उनमें विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, शरद चंद्र रेड्डी, विनय बाबू और अमित अरोड़ा हैं। इसके पहले कोर्ट ने 20 दिसंबर 2022 को ईडी की ओर से दाखिल पहली चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। ईडी ने 26 नवंबर 2022 को कोर्ट में पहली चार्जशीट दाखिल की थी।



**सुनवाई टाल दी**

● चौथी चार्जशीट में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आरोपित बनाया गया है

# स्पेशल 26 की तर्ज पर ज्वेलर्स से लूट, चार आरोपित गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हिन्दी** फिल्म स्पेशल 26 की तर्ज पर गले में सीबीआई का आईकार्ड पहने और हाथों में वॉकी टॉकी लेकर छह लोग धड़धड़ाते हुए ज्वेलरी की दुकान में घुसते हैं। अंदर आते ही दस्तावेज और गहनों की जांच शुरू कर देते हैं। यह सब इतना अचानक और तेजी से होता है कि दुकानदार को कुछ समझने का मौका ही नहीं मिलता है। पूछने पर सभी बताते हैं कि वे सीबीआई अधिकारी हैं और अवैध सोने के कारोबार की शिकायत मिलने पर जांच करने आए हैं। इसके बाद सौदेबाजी होती है और मामला 40 लाख रुपए और आधा किलो सोना पर खत्म होता है। जब सब चले जाते हैं तो पता चलता है की ज्वेलर्स से ठगी हुई है। शिकायत मिलने पर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कर्रवाई करते हुए चार आरोपितों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया, जिनकी पहचान द्वारका निवासी संदीप भटनागर, उत्तम नगर निवासी पवन गुप्ता, योगेश कुमार और हिमांशु उर्फ दिनेश उर्फ बबलू के रूप में हुई है। पुलिस इनके दो और साथियों की तलाश कर रही है। संदीप भटनागर इस गिरोह का सरगना है और वह हिंदी फिल्म स्पेशल 26 से काफी प्रभावित है और उसी तरह से वारदात करता है। आरोपितों से 11 लाख रुपए, 104 ग्राम सोने जैसी दिखने वाली पीली धातु का टुकड़ा, दो डीवीआर, पांच मोबाइल फोन बरामद हुआ है। अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हरप्रीत सिंह फर्श बाजार स्थित अपने घर के ग्राउंड फ्लोर पर ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को उनकी दुकान पर छह लोग आए। उनमें एक महिला भी शामिल थी। सभी लोगों ने अपने गले में सीबीआई के आई कार्ड पहन रखे थे। सबके हाथ में वॉकी टॉकी और कुछ फाइलें थी। दुकान में आते ही उन लोगों ने दस्तावेज और गहनों की तलाशी लेना शुरू कर दिया। उन्होंने खुद को सीबीआई ऑफिसर बताते हुए कहा कि उनके खिलाफ कई शिकायतें हैं कि वह सोने का अवैध कारोबार करते हैं।

**जांच जारी**

● यह सब इतना अचानक और तेजी से होता है कि दुकानदार को कुछ समझने का मौका ही नहीं मिलता

# हाई कोर्ट ने सांसद तिवारी के खिलाफ ट्रायल कोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली हाई कोर्ट से भा**जपा सांसद मनोज तिवारी को राहत मिली है। हाई कोर्ट ने मनोज तिवारी के खिलाफ दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की ओर से दाखिल आपराधिक मानहानि के मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। दरअसल, मनीष सिसोदिया ने मनोज तिवारी, विजेंद्र गुप्ता, मनजिंदर सिंह सिरसा, हरीश खुराना, हंसराज हंस और प्रवेश वर्मा के खिलाफ आपराधिक मानहानि का केस दायर किया है। 28 नवंबर, 2019 को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने इस मामले में तिवारी समेत छह नेताओं के खिलाफ समन जारी किया था। सिसोदिया की याचिका में कहा गया है कि मनोज तिवारी समेत छह नेताओं ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों की कक्षाओं के निर्माण में भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाए हैं। सिसोदिया ने कहा है कि इन नेताओं ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में झूठे आरोप लगाकर हमारी छवि खराब करने की कोशिश की। याचिका में कहा गया है कि इन नेताओं ने आरोप लगाया था कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों के कक्षाओं के निर्माण में दो हजार करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार किया गया है। मनोज तिवारी ने 1 जुलाई, 2019 को एक प्रेस कांफ्रेंस में एक आरटीआई के हवाले से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था।



## 'यूनिफॉर्म पहनने के बाद जातिधर्म सब एक हो जाता है'

**नई दिल्ली। झरौदा** कलां में बुधवार को आयोजित पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने कहा कि पुलिस की वर्दी पहनने के बाद सबकी जाति-धर्म एक हो जाती है और पुलिसकर्मी के लिए उसका यूनिफॉर्म ही सबकुछ होता है। यूपीएससी कंप्लीट करने के बाद ट्रेनिंग पूरी करके बुधवार को विधिवत रूप से दानिप्स के आठ पुलिस ऑफिसर पासिंग आउट परेड के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) के रूप में शामिल हुए हैं।

# पाक की युवती को दिल्ली पुलिस ने दिया जवाब

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस** ने पाकिस्तान की एक युवती की उस समय बोलती बंद कर दी, जब वह ट्वीट कर भारत के प्रधानमंत्री और भारतीय खुफिया एजेंसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रही थी। दरअसल, युवती ने ट्वीट कर पूछा था कि किसी के पास दिल्ली पुलिस का ऑनलाइन लिंक हो तो उसे उपलब्ध कराएं क्योंकि वह भारत के प्रधानमंत्री और भारतीय खुफिया एजेंसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाना चाहती है। उसका कहना था कि पाकिस्तान में आजकल जो हालात चल रहे हैं, उसके लिए प्रधानमंत्री और खुफिया एजेंसी ही जिम्मेदार है। पाकिस्तानी युवती ने लिखा कि अगर भारत का सुप्रीम कोर्ट स्वतंत्र है तो वह उसे न्याय जरूर देगा। इस पर दिल्ली पुलिस ने ट्वीट का जवाब देते हुए लिखा कि हमें डर है कि अभी तक पाकिस्तान में हमारा जूरिडिक्शन नहीं है। आगे दिल्ली पुलिस ने लिखा- वैसे हम यह जानना चाहते हैं कि जब आपके देश में इंटरनेट बंद कर दी गई है तो आप ट्वीट कहां से कर रही हैं? दिल्ली पुलिस के इस जवाब के बाद पाकिस्तानी युवती ने कोई जवाब नहीं दिया।

# 7 साल में 30 बच्चों का रेप कर मार डाला, 20 मई को होगी सजा

### बच्चों की तलाश में 40 किलोमीटर तक पैदल चलता था, आरोपी का नाम रविंदर है। वह एक सीरियल रेपिस्ट और किलर है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली की** रोहिणी कोर्ट ने 6 मई को 6 साल की लड़की के रेप और हत्या से जुड़े केस में एक व्यक्ति को दोषी ठहराया। आरोपी को 2015 में नाबालिग से रेप, अपहरण और हत्या के केस में गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट 20 मई को आरोपी की सजा को लेकर अपना फैसला सुनाएगी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी का नाम रविंदर है। वह एक सीरियल रेपिस्ट और किलर है। वह दिल्ली में मजदूरी करता था और नशे का आदि था। रविंदर ने 7 साल में 30 बच्चों का रेप किया और उन्हें मार दिया था। उसने ज्यादातर रेप दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी यूपी के इलाकों में किए थे। पुलिस के मुताबिक, रविंदर ने खुद अपना गुनाह कबूल किया था। उसने बताया था कि 2008 में वह उत्तर प्रदेश के कासगंज से दिल्ली आया था। उस समय उसकी उम्र 18 साल थी। उसके पिता प्लम्बर का काम करते थे और मां लोगों के घरों में खाना और साफ-सफाई का काम करती थी। दिल्ली आने के बाद वह शराब और ड्रग्स का आदि हो गया। साथ ही उसको पोर्न वीडियो देखने की लत लग गई। उसने बताया कि वह हर शाम शराब पीता या ड्रग्स लेता और फिर अपने टारगेट यानी नाबालिग बच्चों की तलाश में निकल जाता था। इसके लिए वो एक दिन में 40 किमी तक पैदल भी चल लेता था। सबसे पहले उसने 2008 में एक बच्ची का रेप कर उसे मार दिया था। पहली बार अपराध करके पकड़े नहीं जाने पर उसकी हिम्मत बढ़ गई। फिर यह उसका रोज का सिलसिला बन गया।

**बच्चों को पास बुलाने के लिए नोट और टॉफी का देता था लालच:** रविंदर ने बताया कि वह बच्चों को पास बुलाने के लिए 10 रुपए के नोट या टॉफी का लालच देता था। फिर उन्हें पकड़कर सुनसान इलाके में ले जाता था। वहां वह उनका रेप करता और बाद में उनकी हत्या कर देता। दोषी ने अपने बयान में बताया कि उसने 7 सालों में 6 से 12 साल की उम्र के बच्चों का रेप किया था।

**पुलिस ने आरोपी को दो बार पकड़ा था:** रवींद्र कुमार को पुलिस ने पहली बार 2014 में पकड़ा था। उस पर 6 साल के बच्चे के अपहरण, हत्या की कोशिश और शारीरिक शोषण का आरोप लगाया गया था।
हालांकि बाद में उसे छोड़ दिया गया था। इसके बाद 2015 में 6 साल की बच्ची के अपहरण के केस में जांच कर रही पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था।

**दरिंदा**

● रविंदर ने 7 साल में 30 बच्चों का रेप किया और उन्हें मार दिया था। रेप दिल्ली-एनसीआर, पश्चिमी यूपी के इलाकों में किए थे



# तिहाड़ का फैसलाः अब नहीं होगा सीसीटीवी फुटेज लीक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**तिहाड़** जेल का सीसीटीवी फुटेज अब लीक करना संभव नहीं होगा। तिहाड़ जेल में टिल्लू ताजपुरिया की हत्या का सीसीटीवी फुटेज के लीक होने के बाद जेल प्रशासन की काफी किरकिरी हुई है। उसके बाद जेल प्रशासन ने फैसला किया है कि अब जेल का सीसीटीवी फुटेज केवल दो ही स्तरों पर डाउनलोड होगा। जेल महानिदेशक कार्यालय की ओर से जारी आदेश के बाद या फिर जेल अधीक्षक की अनुमति से इसे डाउनलोड किया जा सकेगा। यह भी बताना होगा कि फुटेज को किस मकसद से डाउनलोड किया जा रहा है। तिहाड़ जेल के हाई सिक्योरिटी सेल में गैंगस्टर टिल्लू की हत्या के बाद दो सीसीटीवी फुटेज सामने आई। जिसमें जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लग गया। एक फुटेज में देखा गया कि किस तरह से विरोधी गैंग के बदमाशों ने टिल्लू ताजपुरिया की हत्या की। वहीं दूसरे फुटेज ने सबको झकझोर कर रख दिया। जिसमें साफ देखा गया कि तमिलनाडु पुलिस कर्मियों के सामने ही हमलावरों ने टिल्लू पर घातक हथियार से हमला करते रहे और पुलिसकर्मी मूकदर्शक बने रहे। इसके बाद जेल प्रशासन की ओर से फुटेज डाउनलोड करने के लिए एक फरमान जारी किया गया है। जेल सूत्रों का कहना है कि फुटेज डाउनलोड करने के लिए एक रजिस्टर पर सारी जानकारी मुहैया करवानी होगी। इसमें यह लिखना होगा कि अदालत या किस जांच एजेंसी के लिए फुटेज के किसी खास हिस्से को डाउनलोड करना है। इ



## न्यूज फ्लैश

### हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में हुई कंसेप्चूअल शो प्रतियोगिता

**गन्नौर: हैप्पी चाइल्ड** इंटरनेशनल स्कूल में कंसेप्चूअल शो प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा 4 से सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने गणित विज्ञान और अंग्रेजी विषय में विभिन्न प्रकरणों पर अपने विषय की प्रस्तुति दी। जिसमें कक्षा सातवीं की छात्राओं वंशिका, मन्नत,शैलवी, पलकक्षी, श्रेया, मंजन, मिताली आदि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी के विद्यार्थियों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य उषा मलिक ने सभी छात्रों की प्रशंसा करते हुए आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### चंद्रकांता को संगठनों, नागरिकों एवं राजनेताओं ने विनम्र श्रद्धांजलि दी

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)सैनी समाज** के सभागार में समाज के विभिन्न वर्गों, संगठनों तथा राजनेताओं ने ब्राह्मण एवं तीर्थोद्वार सभा की संरक्षक एवं अल्केश मौदगिल की माताश्री चंद्रकांता को विनीत श्रद्धांजलि दी। चंद्रकांता धर्मपत्नी स्वर्गीय प्यारेलाल शास्त्री का निधन 27 अप्रैल 2023 को एक अस्पताल में हो गया था। वे 90 वर्ष की थी। उनके परिवार में पुत्र अलकेश मौदगिल, अनिल शर्मा तथा पुत्री सहित भरा पूरा परिवार है। चंद्रकांता के परिजनों द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में थानेसर के विधायक सुभाष सुधा, साहिल सुधा, धर्मबीर मिजार्पुर, हरियाणा ब्राह्मण सभा के प्रधान पवन शर्मा पहलवान, जय नारायण शर्मा, अशोक शर्मा, पूर्व विधायक रमेश गुप्ता, पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के सुपुत्र, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट, जिला परियोजना समन्वयक संतोष शर्मा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार संजीव शर्मा, डॉ हिमांशु जैन, डॉ हिमांशु आनंद, आरडब्ल्यूए के प्रधान सुरेंद्र गुप्ता, डॉक्टर अनिल, डॉक्टर सुनील, अरुण आश्री, थानेसर खंड समिति के चेयरमैन राम मेहर शास्त्री, हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) के राज्य उपप्रधान डॉ तरसेम कौशिक, शीतल सिंह, रणबीर सिंह, अश्वनी कौशिक, जिला प्रधान बलराम शर्मा, राजेश सैनी, विजेंदर शर्मा, मोहन लाल अरोरा, रामपाल पत्रकार, राजन गुप्ता, नरेंद्र शर्मा निंदी, पंडित रामराज कौशिक, अनिल शर्मा सहित समाज के अग्रणी लोगों ने कतारबद्ध होकर श्रद्धांजलि दी। उनके पुत्र अलकेश मोदगिल ने श्रद्धांजलि सभा में अपनी माता के व्यक्तित्व के बारे में बताया कि वे सदैव सामाजिक कार्यों में रुचि रखती थी तथा उनका मानना था कि इस नश्वर संसार में व्यक्ति के अच्छे कार्य ही साथ जातें हैं। अतः उनका मानना था कि सभी को समाज हित में अपना योगदान देना चाहिये। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनके आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया तथा उनके परिजनों उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का आह्वान किया।

### वेस्टलाइफ फूडवर्ल्ड का वित्त वर्ष 23 में रिकॉर्ड प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** वेस्टलाइफ फूडवर्ल्ड लिमिटेड ("डब्ल्यूएफएल"), जिसे पहले वेस्टलाइफ डेवलपमेंट (इरए: 505533) ("डब्ल्यूडीएल") के नाम से जाना जाता था, ने वित्त वर्ष 2023 के प्रदर्शन की घोषणा की है। कंपनी ने सालाना आधार पर 44% की वृद्धि के साथ 22.7 अरब रुपये की अब तक की सर्वाधिक बिक्री हासिल की है। सालाना 36% की सेम स्टोर सेल्स ग्रोथ (एसएसएसजी) से कंपनी की रिकॉर्ड बिक्री में बढ़ोतरी हुई। कंपनी ने 2.5 अरब रुपये की रिकॉर्ड नकद पीएटी हासिल की, जो सालाना आधार पर 97% अधिक है। वेस्टलाइफ फूडवर्ल्ड लिमिटेड, पश्चिम और दक्षिण भारत में मैकडॉनल्ड्स रेस्टोरेंट का मालिक और परिचालक है। समीक्षाधीन तिमाही में, कंपनी ने चौथी तिमाही में 5.56 अरब रुपये की अब तक की सर्वाधिक बिक्री की है, जो सालाना आधार पर 22% अधिक है। एसएसएसजी में सालाना 14% की बढ़ोतरी हुई। यह डाइन-इन ग्राहकों में वृद्धि से प्रेरित था, जिससे ऑन-प्रिमाइसेस व्यवसाय सालाना 38% की दर से बढ़ने में सक्षम हुआ। कंपनी के अपने डिलीवरी चैनल, मैकडिलीवरी प्लेटफॉर्म के यूजर्स की संख्या में जबरदस्त वृद्धि देखी गई, क्योंकि एसओके (सेल्फ-ऑर्डरिंग कियोस्क) के नेतृत्व में डिजिटल बिक्री में 62% का सुधार हुआ। इस मजबूत राजस्व की वजह से कंपनी के रेस्टोरेंट ऑपरेटिंग मार्जिन में 34% की वृद्धि हुई, जो अब 1,364 मिलियन रुपये है। महंगाई के दबावों और वृहद आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हुए, कंपनी का परिचालन एबिटा बढ़कर 919 मिलियन रुपये हो गया, जो सालाना 26% से बढ़ा है। कंपनी ने तिमाही में 567 मिलियन रुपये का नकद पीएटी प्राप्त किया। वेस्टलाइफ की प्रति स्टोर औसत बिक्री (टीटीएम) वित्त वर्ष 22 के 49.8 मिलियन की तुलना में 66.2 मिलियन रुपये रही।
वित्त वर्ष 23 के परिणामों पर टिप्पणी करते हुए वेस्टलाइफ फूडवर्ल्ड लिमिटेड के वाइस-चेयरमैन अमित जटिया ने कहा, "वित्त वर्ष 23 वेस्टलाइफ फूडवर्ल्ड के लिए एक ऐतिहासिक वर्ष था। सभी माध्यमों के जरिए हमारी डिलीवरी की रणनीति, मेनू में नयापन, स्टोर के आधुनिकीकरण और लागत अनुकूलन रणनीतियों द्वारा दिया गया हमारा मजबूत प्रदर्शन, हमारी व्यापकता और मजबूती का वसीयतनामा है। हम न केवल अपने मूल्य प्रस्ताव को मजबूत करने में सक्षम थे। बल्कि अपने सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक सतत विकास को बढ़ावा देने में भी सक्षम थे। मेरा मानना है कि हम विकास की मजबूत राह पर हैं और अपनी प्रतिस्पर्धी ताकत की मदद से अपने व्यावसायिक लाभ को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे।

# कार्यकर्ताओं के साथ मेयर मदान ने मनाया जन्मदिन

## मेयर मदान ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मेयर निखिल** मदान ने बुधवार को अपना जन्मदिन पार्टी कार्यकर्ताओं और निगम क्षेत्रवासियों के साथ मेयर कार्यालय पर मनाया। मेयर निखिल मदान ने उनके जन्मदिन पर बधाई देने पहुंचे सीनियर डिप्टी मेयर, सभी निगम पार्षदों बड़े बुजुर्गों,युवा साथियों,पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताया। साथ ही शहर के विभिन्न वार्डों में पार्टी कार्यकर्ताओं और सामाजिक संस्थाओं द्वारा उनके जन्मदिन पर रखे गए कार्यक्रमों में शिरकत की। मेयर निखिल



मदान ने सेक्टर 12 में स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन,सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन,महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलम बाल्यान,जैनबाग कालोनी,भीम नगर, गढ़ शाहजहां,बाबा कालोनी,देव नगर के स्थानीय निवासियों द्वारा रखे गए अभिनंदन कार्यक्रमों में भाग लिया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि उनके जन्मदिन पर मिली शुभकामनाओं और असीम स्नेह के लिए वो सभी क्षेत्र वासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते है और सबको भरोसा दिलाते है कि सदैव जनहित के पथ पर चलेंगे और उनका विश्वास कायम रखेंगे। सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा,डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत,निगम पार्षद, सुरेंद्र नैय्यर, मोनिका नागर एडवोकेट,नवीन तंवर,नीतू दहिया,रेणु कपूर,राजेश दहिया, प्रवीण सैनी, सुरेश भारद्वाज,भले राम जांगड़ा, पूर्व पार्षद बिन्नी भारद्वाज, पूर्व पार्षद डॉ राकेश नरवाल, रोहित हुड्डा,अनिल आर्य नगर,लाजपत मुखी, दिनेश हुड्डा,राहुल शर्मा, संदीप मलिक,साहिल,प्रेम नारायण गुप्ता, अर्पित, राकेश, अशोक खत्री,अनिल सैन,गौरव सिंगल,सुजीत गहलावत, शुभम गर्ग,नरेश,वीरेंद्र दूहन,सौरभ सचदेवा,संदीप सूद, कृष्णा प्रजापत,बिजेंद्र,सोनू सुहाग, प्रवीन,जितेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

# दोहा और चौपाइयों में संगीत पर सुनी जा सकेगी गीता



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**संस्कृत भाषा** के 18 अध्याय 700 श्लोकों में समाई हुई गीता को अब सरल हिन्दी में दोहा और चैपाइयों में संगीत पर सुना जा सकेगा। गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में संगीतमय एलबम गीता स्कन्ध का विमोचन किया गया। गीता स्कन्ध का विमोचन कराने के लिए मुंबई से फिल्म निर्देशक लेखक रवि भाटिया, निमार्ता योगेश त्रिपाठी व सीके अरोड़ा गीता शोध संस्थान वृंदावन पहुंचे। यह विमोचन लेखक व निर्देशक रवि भाटिया, उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डॉ उमेश चंद्र शर्मा, अवकाश प्राप्त जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ एस पी गोस्वामी, गीता शोध संस्थान के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार, शोध समन्वयक डॉ रश्मि वर्मा आदि ने किया। इस संबंध में फिल्म लेखक व निर्देशक श्री भाटिया ने बताया कि गीता स्कन्ध में संपूर्ण गीता को संस्कृत से हिंदी में अनुवाद कर उसे दोहा और चैपाइयों के रूप में परिवर्तित कर प्रस्तुत किया गया है।

# मथुरा में 15 जून तक 24 नई गोशालाएं और खोलेगा प्रशासन

## सभी न्यायपांचातों को गौशाला से आच्छादित करने का है लक्ष्य

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**सभी न्याय** पंचायतों को गोशालाओं से आच्छादित करने का लक्ष्य तय किया गया है। जिन न्याय पंचायत में गोशाला नहीं हैं वहां खोली जा रही हैं। 15 जून तक 24 नई गोशालाएं और स्थापित की जाएंगी। आठ मोबाइल वेटरनरी यूनिट लगातार कार्य कर रही है, जो निरंतर विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सूचना मिलने पर स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करती है। जनपद में पशुओं के इलाज हेतु आप टोलफ्री नम्बर-1962 पर संपर्क कर सकते हैं। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में निराश्रित, बेसहारा गोवंश को गौ आश्रय स्थल में संरक्षित एवं उनके भरण पोषण की व्यवस्था के लिए जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक ली। सभी गोवंशों का शत प्रतिशत ईयर टैगिंग कराने के निर्देश दिये। 43 अस्थाई, 10 कान्हा एवं पांच बृहद गौशालाओं की समीक्षा बैठक करते हुए निर्देश दिये कि सभी गौशालाओं में गर्मी एवं लू के दृष्टिगत सभी प्रकार के बचाव प्रबंधन को सुनिश्चित किया जाये। बोरी, टाट, पानी, चारा, रखरखाव, शेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, जिससे गोवंशों को किसी प्रकार की परेशानी न आये।
श्री खरे ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन गौशालाओं में क्षमता के अनुसार कम गोवंश संरक्षित हैं उन गौशालाओं में और गोवंश लाया जाये। एक विशेष अभियान चलाकर गौशालाओं में अधिकाधिक बेसहारा गोवंशों को संरक्षित कराने का कार्य किया जाये, जिसके लिए प्रधान, सचिव, पशु चिकित्साधिकारी, ईओ, बीडीओ तथा उप जिलाधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए उक्त अभियान को सफल बनायें।

### बदमाशों की गोली से सिपाही की मौत, गांव में मातम

**मथुरा। उरई** में तैनात मथुरा के बलदेव क्षेत्र के गांव अकोस चैरम्बा निवासी सिपाही की रात के समय गोली मार कर हत्या कर दी गई। रात में ही मृतक सिपाही के परिजनों को घटना की सूचना मिल गई थी। 45 वर्षीय भेदजीत सिंह पहले सेना में थे। रिटायर्ड होने के बाद वह पुलिस में कांस्टेबल पद पर भर्ती हो गये थे। वर्तमान में उनकी तैनाती उरई की हाईवे चौकी पर थी। घटना मंगलवार की रात लगभग डेढ़ बजे तब हुई जब ड्यूटी पर तैनात सिपाही पर मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने फायर झोंक दिया। परिजन सिपाही का पार्थिव शरीर लेने के लिए उरई के लिए रवाना हो गए थे। देर शाम तक ग्रामीण शव के गांव पहुंचने का इंतजार कर रहे थे। परिजनों को बताया गया कि मंगलवार की रात को 45 वर्षीय भेद जीत सिंह ड्यूटी पर थे।

# श्रद्धांजलि सभा में चरण सिंह जादौन के कार्यों को किया याद

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**प्रताप मांटेसरी** स्कूल के प्रबंधक चरण सिंह जादौन के स्वर्गवास पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन प्रताप मार्ग स्थित प्रताप मांटेसरी स्कूल पर किया गया। इसमें स्व. चरण सिंह जादौन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिवदत्त चतुवेर्दी ने कहा की जादौन जी संवेदनशील अटूट देशभक्त, प्रगतिशील चेतना वादी, राजनीतिक सचेतक रहे हैं। वह 1975, 76 में यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष। रहे हैं। मथुरा महानगर आपातकाल में कांग्रेस का जलवा था। वे अगर चाहते सरकार से महत्वपूर्ण लाभ ले सकते थे, परंतु कोई भी लाभ नहीं लिया और सादगी से अपना



जीवन व्यतीत किया। नटवर नागर ने कहा कि चरण सिंह जादौन साहित्यकार रचनाकार, शिक्षा विद, समाज सेवी, कांग्रेस के प्रति निष्ठावान परंपरावादी उनकी जीवन परिदृश्य में आता है। इतनी सारी खूबियां किसी एक व्यक्ति में मिलना बड़ा मुश्किल है। उन्होंने स्वतंत्र संग्राम स्वर्ण जयंती ग्रंथ का संपादन किया। प्रताप स्कूल की स्मारिका का संपादन किया। एक पुस्तक धुँधलकों के पार के पार का भी संपादन किया था। एक और पत्रिका जो छपने के लिए दे रखी है। वह भी बहुत जल्द आपके सामने आ जाएगी। इतना प्रभावशाली व्यक्तित्व होना गौरवमई बात है। इनके स्वर्ग सिधारने पर मथुरा के साहित्य जगत में अधूरापन आ गया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि चरण सिंह जादौन प्रतिभाशाली कर्तव्यनिष्ठ कांग्रेसी के थे। उन्होंने अपने आदर्शों की छवि पूरी कांग्रेस पर छोड़ी है।

# महाराणा प्रताप जयंती पर उपद्रव, 50 से अधिक पर केस दर्ज

## आन्यौर में महाराणा प्रताप जयंती रैली के दौरान हुआ था पुलिस टीम पर हमला, पुलिस पर जानलेवा हमला करने वालों को किया गया नामजद

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**पुलिस टीम** पर जानलेवा हमला और परिलोक शांति के आरोप में थानाध्यक्ष ने चार नामजद सहित 50 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। पुलिस ने दो उपद्रवियों को हिरासत में भी ले लिया है। प्रकरण की जांच के लिए इंस्पेक्टर क्राइम को नामित किया गया है। मंगलवार को गोवर्धन के आन्यौर में महाराणा प्रताप की जयंती पर कुछ लोग डीजे साउंड के साथ गांव में रैली निकाल रहे थे। निकाय चुनाव की आचार संहिता में बिना अनुमति भीड़ जुटाकर रैली निकालने पर पुलिस ने लोगों से कहा सुनी की। इससे गुस्साए लोगों ने पुलिस टीम पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। सरकारी वाहनों को छोड़कर पुलिस कर्मियों ने इधर उधर भाग कर बमुश्किल अपनी जान बचाई। उपद्रवियों ने पुलिस के दो चेतक वाहन तोड़ दिए। मारपीट में हल्का इंचार्ज उप निरीक्षक सुधीर मलिक घायल हो गए। जिन्हें थाना पुलिस ने गोवर्धन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस मजामत की सूचना पर जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। एसडीएम कमलेश गोयल, सी ओ राम मोहन शर्मा, एस पी ग्रामीण त्रिगुण विसेन अतिरिक्त पुलिस बल के

> **अन्यौर** में बिना अनुमति के गैर परंपरागत जुलूस निकालने का प्रयास लोग कर रहे हैं, इस सूचना पर पुलिस वहां पहुंची। पुलिस ने पीए सिस्टम से रैली स्थगन करने के लिए कहा। कुछ अराजक तत्वों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। वाहन क्षतिग्रस्त कर दिए। दो पुलिस कर्मी घायल हुए हैं। केस दर्ज कर उपद्रवियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है।
> **-शैलेश कुमार पांडेय, एसएसपी**

साथ मौके पर पहुंचे। सी ओ राम मोहन शर्मा ने भूरा पहलवान सहित एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में ले लिया।

**थानाध्यक्ष ओम हरि वाजपेई की तहरीर पर केस दर्जः** प्रशासन की बिना अनुमति लिए महाराणा प्रताप की जयंती निकाल कर परिलोक शांति भंग एवं आचार संहिता उल्लंघन कर पुलिस टीम पर जानलेवा हमला और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने की सुसंगत धाराओं में थानाध्यक्ष ओम हरि वाजपेई की तहरीर पर रैली के आयोजक भूरा पहलवान, पिंटू, विकास, माधव निवासीगण आन्यौर सहित 40 से 50 उपद्रवियों के खिलाफ गोवर्धन थाने में केस दर्ज किया गया है। केस की जांच के लिए इंस्पेक्टर क्राइम को नामित किया गया है।

**भूरा पहलवान के खिलाफ एक माह में पांचवा केस दर्जः** भूरा पहलवान के खिलाफ नगर निकाय चुनाव के शुरूआत से अब तक अलग अलग पांच केस दर्ज हो चुके हैं। चुनाव प्रचार से पहले भूरा पहलवान के खिलाफ महिला पत्रकार ने छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने तीन केस आचार संहिता उल्लंघन में पुलिस ने दर्ज कराए, और अब पुलिस मजामत के आरोप में केस दर्ज कर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

# लाइफबॉय ने हैण्डवाश स्टेशंस बनाने के लिये मेटावर्स में 'गिफ्ट ऑफ द गंगा' लॉन्च किया

**लाइफबॉय ने हमेशा साबुन और हाथों की स्वच्छता के महत्व पर चर्चा को शुरू करने से बढ़कर काम करने में विश्वास रखा है**

**करनाल।** यूनिसेफ की एक हाल में आई रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में लगभग 818 मिलियन (81.8 करोड़) बच्चों को उनके स्कूलों में हाथ धोने की मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलती है और इसलिए उन्हें कोविड-19 तथा दूसरे संचारी रोग होने का जोखिम बढ़ जाता है। खासकर बच्चों के बीच, हाथ धोने सम्बंधी व्यवहार को सुधारने के अपने वैश्विक मिशन में आगे बढ़ते हुए, हिन्दुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के नंबर वन हाइजीन सोप ब्राण्ड लाइफबॉय ने मेटावर्स में सबसे बड़ा वर्चुअल हाइजीन ड्राइव गिफ्ट ऑफ द गंगा शुरू किया है। इस अनूठे माइनक्राफ्ट बिल्ड का लक्ष्य कीटाणुओं के प्रजनन वाले प्रदूषण को कीटाणुओं से सुरक्षा में बदलना है, मतलब बुरे प्रदूषण को कीटाणुओं से अच्छी सुरक्षा में बदलना। ह्यगिफ्ट ऑफ द गंगाह्ल में गेमर्स मेटावर्स में रिक्रियेट की गई पवित्र नदी से प्लास्टिक का प्रदूषण हटाने के लिये आमंत्रित हैं। बदले में लाइफबॉय असली नदी से उतना ही या ज्यादा कचरा निकालेगा। यूनिलीवर के ग्लोबल ब्राण्ड डायरेक्टर श्री पर्निल सरीन के अनुसार, हर प्रकार के प्रदूषक बीमारी पैदा करने वाले कीटाणुओं को प्रजनन का मौका देते हैं। रोजाना उचित अवसरों पर हाथों की स्वच्छता के अभाव में इससे बच्चों को रोकथाम के योग्य कई बीमारियाँ होती हैं। लाइफबॉय ने हमेशा साबुन और हाथों की स्वच्छता के महत्व पर चर्चा को शुरू करने से बढ़कर काम करने में विश्वास रखा है।

### प्राणायाम व ध्यान साधना के साथ योग शिविर संपन्न

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**
**भारतीय योग संस्थान** (पंजीकृत) की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र योग जिला द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित योग प्रशिक्षण शिविर आज सफलतापूर्वक संपन्न हो गया । यद्यपि प्रारंभ में यह योग शिविर 5 दिन का रखा गया था परंतु विद्यालय के प्रिंसिपल श्री सचिन्द्र कुमार के अनुरोध पर इसकी अवधि 2 दिन बढ़ाकर इसे सात दिवसीय कर दिया गया था । शिविर के अंतिम दिन आज विद्यार्थियों को विभिन्न आसनों व प्राणायाम तथा ध्यान साधना के लाभ बता कर योग साधना करवाई गई । विद्यार्थियों को ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, वृक्षासन, कटिचक्रासन, पश्चिमोत्तानासन, पद्मासन, वज्रासन, भुजंगासन, तिर्यक भुजंगासन, साइकिलिंग, शवासन, गहरे लंबे श्वास, अनुलोम विलोम प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र, शांति पाठ इत्यादि का अभ्यास करवाया गया।

# बाल विवाह निषेध अधिकारी ने रुकवाई नाबालिग लड़की की शादी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल । जिला** संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा की टीम ने आज जिला के गांव थनवास में नाबालिक लड़की की शादी रुकवाई। उन्होंने अभिभावकों को समझा कर नाबालिक लड़की की शादी टलवाई।
श्रीमती शर्मा को आज गुप्त जानकारी मिली कि गांव थनवास में आज एक 17 साल की नाबालिक लड़की की शादी होने जा रही है। सूचना मिलते ही जिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी अपनी टीम को लेकर मौके पर पहुंची।



वहां पहुंचने पर पता चला कि राजस्थान के सरूंड गांव से बारात आएगी तथा शादी होने ही वाली है। बारात शाम को आने वाली थी। इस पर उन्होंने तुरंत शादी को रोकने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्कूल में जाकर लड़की का रिकॉर्ड निकलवाया जिसके अनुसार अभी वह 17 साल की थी।
इसके बाद उन्होंने सरपंच सहित मौजूद लोगों को एकत्रित किया तथा लड़की के पिता को समझाया। काफी समझाने के बाद सभी के सामने यह फैसला किया गया कि एक साल तक यह शादी टाल दी जाए। टीम के सामने ही शादी के लिए लगाया गया टेंट आदि भी उखाड़ दिया।
लड़की के पिता ने भी लिख कर दिया है कि वह लड़की की उम्र 18 साल होने के बाद ही शादी करेंगे।
इस विवाह को रुकवाने में मौजूद लोगों का भी काफी अच्छा सहयोग रहा। सभी के समझाने के बाद आखिरकार लड़की के पिता ने इस शादी को टाल दिया। जिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी के साथ उनकी टीम में मनजीत व विक्रम भी शामिल थे।

# 27 जून से 4 जुलाई तक होगा 'करोडी मुडिया मेला'

## प्रशासन ने शुरू की मेला की तैयारियां, उत्तर भारत के बडे धार्मिक आयोजनों में शुमार है मेला

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**उत्तर भारत** का प्रसिद्ध करोड़ी मुडिया मेला का आयोजन इस साल 27 जून से 4 जुलाई तक होगा। जिला प्रशासन ने मेला की तैयारियां शुरू कर दी हैं।
जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजकीय मुड़िया पूनो मेला की व्यवस्था के संबंध में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण के अधिकारियों से कहा कि सड़कों को गड्ढा मुक्त कर लिया जाये, वॉच टावर, बैरीकेटिंग, पार्किंग में रैम्प का कार्य ससमय कराना सुनिश्चित करें। मानसी गंगा, कुसुम सरोवर, कृष्ण कुंड एवं राधा कुंड के चारों ओर बैरीकेटिंग का कार्य पूर्ण करा लिया जाये। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि सीएचसी गोवर्धन में पर्याप्त मात्रा में जनशक्ति की पूर्ति कर ली जाये तथा हर प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं को दुरूस्त कर लिया जाये। जिस पर जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि 17 स्थानों पर कैंप लगाए जाएंगे, विभिन्न स्थानों पर

**राजकीय मुड़िया पूनो मेला की व्यवस्था के संबंध में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली**

डॉक्टरों की तैनाती की जायेगी तथा 13 एम्बुलेंस एवं मोटर साइकिल एम्बुलेंस की भी व्यवस्था रहेगी।

**रोडवेज की 1500 बसों का किया जाएगा इंतजामः** जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों से कहा कि मेला के लिए 1500 बसों की व्यवस्था की जाए और बसों के मार्गों को पहले से ही चयनित किया जाये, जिससे जाम की समस्या उत्पन्न न हो। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि परिक्रमा मार्ग में चेकिंग करते रहें और खराब पदार्थ प्रत्येक स्थिति में न बेचा जाए, जिससे श्रद्धालुओं को स्वादिष्ट एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ मिले।

**सुरक्षा के भी होंगे पुख्ता इंतजामः पुलिस** अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि मेला क्षेत्र में वॉच टावर, पार्किंग स्थल, खोया पाया केंद्र, सीसीटीवी कैमरे, विभिन्न स्थानों पर अस्थाई पुलिस चौकी एवं कंट्रोल रूम की व्यवस्था की जायेगी।
पार्किंग के लिए स्थान चयनित करने का कार्य प्रारम्भ हो गया है तथा शीघ्र ही कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। पार्किंग में रैम्प, लाईट, पब्लिक टॉयलेट, पेयजल तथा बैरीकेटिंग का कार्य संबंधित विभाग के अधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्य करायें। भण्डारे के लिए स्थान निर्धारित कर लें तथा अनुमति देने से पहले सभी प्रकार की औपचारिकताएं पूर्ण कर लें।

# नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को किया पुनीत राई ने सम्मानित

**कबड्डी खिलाड़ी व उनकी टीम का कुमासपुर गांव में पहुंचने पर नोटो की माला पहनाकर स्वागत किया**



**टीम एक्शन इंडिया/राई**
**गोवा के** मापुसा शहर के पेडल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में सब जूनियर व सीनियर युथ नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को समाजेसवी एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने हरियाण की टीम में शामिल कबड्डी खिलाड़ी व उनकी टीम का कुमासपुर गांव में पहुंचने पर नोटो की माला पहनाकर स्वागत किया। इसमें हरियाणा की टीम ने आन्ध्र प्रदेश की टीम को 42-12 के अंतर से पराजित किया। सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में बेस्ट रेडर रितिक, मैन आफ दा मैच विजय को अवार्ड मिला। मैन आफ दा मैच आदित्य कौशिक को अवार्ड मिला। सब जूनियर में बेस्ट रेडर आदित्यग, बेस्ट डिफेंडर विकास, मैच ऑफ द मैच भूपेंद्र, सीनियर एम बेस्ट रेडर रितिक और बेस्ट डिफेंडर कृष्ण और मैन ऑफ द मैच नितिन को अवार्ड मिला। इसके अलावा अन्य खिलाड़ी आदित्य, आशु, देव, तनिश, विकास, भूपेंद्र। (सब जूनियर)में, खिलाड़ी कृष्ण, नितिन, गोविंदा, समीर, विकास, वंश का स्वागत किया।

# पाकिस्तान आतंकवादियों का अड्डा: पम्मा




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशलन** अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें पम्मा ने कहा कि पाकिस्तान में एक तरफ तो भारत से दोस्ती का नाटक करता है और दूसरी तरफ आईएसआई के जरिए भारत के खिलाफ कार्य करने वालों को वहां शरण देकर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहा है और सभी जानते हैं कि आतंकवादी पाकिस्तान में स्थित हैं और उन्हें पाकिस्तान सुरक्षा एजेंसी दवारा सुरक्षा और प्रोटोकॉल दिया जा रहा है।

पाकिस्तान इन मुद्दों पर जबरदस्त अंतरराष्ट्रीय दबाव में रहा है बिलावल भुट्टो जरदारी की हाल की यात्रा और बाद में भारतीय विदेश मंत्री के बयान के दौरान पाकिस्तान के लिए अपना चेहरा साफ करना उचित हो गया था। आतंकवादी अब पाकिस्तान के लिए बोझ बन गए हैं। परमजीत सिंह पंजवार की हालिया हत्या पाकिस्तान सुरक्षा एजेंसी द्वारा दो लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए की गई एक कार्रवाई है, एक देनदारी से छुटकारा पाने के लिए और इसकी कलंकित भूमि को साफ करने के लिए दूसरा यह आरोप लगाना कि भारत के सुरक्षा एजेंसी ने ऐसा किया है, जो सीमा पार हत्याओं को प्रायोजित करने में भारत का हाथ दिखाता है। पम्मा ने कहां हमें आशंका है पाकिस्तान को अब यह अहसास हो गया है कि वाधवा सिंह, रणजीत सिंह नीता, लखवीर सिंह रोडे जैसे पुराने और वरिष्ठ खालिस्तानी आतंकवादी पाकिस्तान सुरक्षा एजेंसी के लिए महत्वहीन और दायित्व बन गए हैं क्योंकि हरविंदर सिंह रिंदा जैसे अन्य युवा खालिस्तानी आतंकवादी पाकिस्तान सुरक्षा एजेंसी के लिए काम कर रहे हैं और भारत में ड्रग्स भेज रहे हैं। पाकिस्तान सुरक्षा एजेंसी ने अब खालिस्तान आतंकवादी के पुराने गुर्गों से छुटकारा पाने की योजना बनाई है। पंजवार की हत्या पाकिस्तान सुरक्षा एजेंसी की इस तरह की पहली कार्रवाई है भविष्य मे पाकिस्तान सुरक्षा एजेंसी इसी तरह की कार्रवाई कर सकता है। पम्मा ने कहां अल्पसंख्यकों के ऊपर आए दिन लगातार हमले हो रहे हैं और वहां की बच्चियों को उठा कर ले जाकर आगे बेच देते हैं।




गाजियाबाद के वार्ड-19 में कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी सुमन हितैषी के साथ ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के पदाधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना भाई ढिकोलिया, अनिल कुमार, दीपक बग्गा, दिनेश कुमार, जगदीश कुमार, विजय कुमार, सोनू व अन्य।

# आदेश जैन ने विद्यालय में लगाया वाटर कूलर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मॉडल टाउन इलाके के एमसीडी कॉलोनी के विद्यालय में मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के मुख्य परामर्शदाता आदेश जैन के सहयोग से एक वाटर कूलर एमसीडी कॉलोनी के विद्यालय में बच्चों को ठंडा पानी पीने हेतू समर्पित किया गया।

इस मौके पर मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के मुख्य परामर्शदाता आदेश जैन के अलावा मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के प्रधान व प्रमुख समाजसेवी प्रेमचंद गुप्ता, बृजमोहन गोटे वाले, पवन अग्रवाल एडवोकेट, प्रवीन कांत सीए, अरविन्द जैन, अरूण जैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर समाजसेवी प्रेमचंद गुप्ता ने कहा कि आज मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के मुख्य परामर्शदाता आदेश जैन के द्वारा बड़े ही पुण्य का कार्य किया गया है। इस प्रकार के पुण्य के कार्य में सभी को भागीदार बनना चाहिए और अपने-अपने इलाके में ऐसे सेवा और पुण्य के कार्य अधिक से अधिक करने चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के स्टाफ के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# वजीरपुर: धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** स्थित वजीरपुर जेजे कॉलोनी में भारतीय जनता युवा मोर्चा वजीरपुर मण्डल द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में माल्यार्पण का कार्यक्रम मण्डल अध्यक्ष अमन ढिका की अध्यक्षता में युवा मोर्चा अध्यक्ष शेखर कोली के नेतृत्व में सम्पन्न किया गया।

जिसमें युवा मोर्चा के सभी साथी और जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा आदित्य गांधी एवं संघ परिवार से जिला धर्म जागरण प्रमुख सतवीर, प्रमोद, अजय, बलवीर, नवीन, रिषी, दीपक, राहुल, मनीष, नानक, हर्ष और युवा मोर्चा एवं नव युवक उज्व्वल मंच संस्था से सत्यभान सिकरवार, संजीव राजावत, मानव तोमर, प्रमोद चौहान एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर नव युवक उज्व्वल मंच के अध्यक्ष सुमित चौहान ने कहा कि दर्द कहां तक पाला जाएं, युद्ध कहा तक ताला जाएं, तु भी हैं राणा का वंशज, फेंक जहां तक भाला जाएं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद भी किया।

# मॉडल टाउन: प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गोयल देवराहा ने लगाया आधार कार्ड कैम्प








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल** टाउन इलाके के गुड़मंडी के आर्य समाज मंदिर में भाजपा दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गोयल देवराहा ने आधार कार्ड कैंप का आयोजन किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गोयल देवराहा के अलावा मॉडल टाउन के समाजसेवी प्रेमचंद गुप्ता, अजय आनन्द, वीरेन्द्र आहूजा, राजेश्वर छाबड़ा, मुकेश अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, सुरेन्द्र सिंह नरूखा, अमन गुलयानी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर अशोक गोयल देवराहा ने बताया कि आज गुड़मंडी के आर्य समाज मंदिर में आधार कार्ड कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान नए आधार कार्ड, कार्ड में जन्मतिथि में सुधार, पता बदलना और फोटो में बदलाव के अलावा आधार कार्ड में मोबाईल नम्बर अपडेट किया गया।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गोयल देवराहा ने बताया कि आज लगाये गये कैंप में बहुताय की संख्या में लोगों ने भाग लिया और आधार कार्ड नये बनवाये और आधार कार्ड में सुधार भी करवाया। इस अवसर मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के प्रधान व मॉडल टाउन क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी प्रेमचंद गुप्ता ने कहा कि अशोक गोयल देवराहा बड़ा ही अच्छा कार्य कर रहे है इस प्रकार के कार्य सभी को अपने-अपने क्षेत्र में करने चाहिए। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखे।

# शालीमार गांव में शिव चर्चा का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके शालीमार गांव के गली नम्बर-7 में शिव चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक समाज सेविका ज्योति सैनी ने बताया कि हमारा प्रयास है कि हम क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर शिव चर्चा का आयोजन करें और लोगों को धर्म व भारतीय संस्कृति की जानकारी दे। ज्योति सैनी ने आगे बताया कि सभी को अपने-अपने क्षेत्र में शिव चर्चा का आयोजन करना चाहिए और लोगों को धार्मिकता के महत्व की जानकारी देनी चाहिए। ज्योति सैनी ने आगे कहा कि आज शिव चर्चा के कार्यक्रम में बहुताय की संख्या में महिलाएं मौजूद रही और प्रभु शिव के भजन गाये।

समाजसेविका ज्योति सैनी ने कहा कि जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करें। इस मौके पर रूकमणी, पिंकी गुप्ता सहित कई महिलाएं मौजूद रही।



उत्तरी-पश्चिमी जिला भाजपा की संगठन बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा दिल्ली प्रदेश संगठन मंत्री पवन राणा।




केजरीवाल ने अपने राजमहल पर जनता की गाढ़ी कमाई का 45 करोड़ रूपए खर्च करने के विषय पर पोल-खोल अभियान के तहत 'झूठा कहीं का' की ये कहानी केजरीवाल की जुबानी वाली एलईडी वैन जिलाध्यक्ष राजकुमार भाटिया के नेतृत्व में शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 55, शालीमार बाग में चलाई गई। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, मंडल अध्यक्ष श्रीकृष्ण यादव, मंडल महामंत्री वीरेंद्र सिंह पिंटू, मंडल महामंत्री राजेश गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

# हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन



**तीरथ राज /नई दिल्ली**
**शिवाजी** कॉलेज की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयुक्त तत्वावधान में तथा कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शिव कुमार सहदेव के मार्गदर्शन एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ अपर्णा जैन, सह संयोजक डॉ जितेंद्र अग्रवाल और राजभाषा कार्यान्वयन समिति की संयोजिका डॉ ज्योति शर्मा के कुशल निर्देशन में राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन की दशा और दिशा विषय पर 10 मई को शिक्षण एवं गैर शिक्षण कर्मचारियों के लिए हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता नगर राजभाषा समिति में सचिव राजबीर ने कार्यशाला में बताया कि आधुनिक समय में हम कैसे और क्यों तकनीकी शब्दों का अधिकाधिक हिंदी में प्रयोग करें।

हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं अभिमान भी है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी जड़ों को खोखला नहीं मजबूत करना चाहिए।

कार्यशाला में शिवाजी महाविद्यालय के शिक्षण एवं गैर शिक्षण कर्मचारियों ने अति उत्साह के साथ भाग लिया। उनकी उपस्थिति ने न केवल इस कार्यशाला की गरिमा में वृद्धि की बल्कि इसके आयोजन से हिंदी प्रयोग के व्यावहारिक पक्ष को और अधिक बल मिला और सभी इससे लाभान्वित हुए।

# डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में हुई एनजीटी के केसों की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में एनजीटी के केसों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण के केसों का निपटान अधिकारी गंभीरता से करें। वहीं डीसी विक्रम ने एनजीटी के केसों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। डीसी विक्रम सिंह ने राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण के केसों समीक्षा बैठक की अध्यक्षता में करते हुए कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण के केसों का निपटान अधिकारी समयबद्ध तरीके से धरातल पर निरीक्षण करके पूरा करें। उन्होंने एनजीटी की हिदायतों के अनुसार कहा कि जिस विभाग की



जो भी जिम्मेदारी है। उसे निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। वहीं उन्होंने बैठक में एनजीटी के सभी केसों की एक एक करके विभागवार समीक्षा भी की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल प्राधिकरण एनसीआर में गंभीरता से कार्य कर रहा है। इसलिए एनजीटी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में नियमों की पालना करना सुनिश्चित करें। बता दें विगत 18 अक्टूबर 2010 को राष्ट्रीय हरित अधिकरण की स्थापना राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम 2010 के तहत पर्यावरण बचाव और वन संरक्षण और अन्य प्राकृतिक संसाधन सहित पर्यावरण से संबंधित किसी भी कानूनी अधिकार के प्रवर्तन और क्षतिग्रस्त व्यक्ति अथवा संपत्ति के लिए अनुतोष और क्षतिपूर्ति प्रदान करना और इससे जुड़े हुए मामलों का प्रभावशाली तथा तीव्र गति से निपटारा करने के लिए किया गया है। यह एक विशिष्ट निकाय है, जो कि पर्यावरण विवादों बहु-अनुशासनिक मामलों सहित, सुविज्ञता से संचालित करने के लिए सभी आवश्यक तंत्रों से सुसज्जित है।

यह अधिकरण 1908 के नागरिक कार्यविधि के द्वारा दिए गए कार्यविधि से प्रतिबद्ध नहीं है। लेकिन प्रकृतिक न्याय सिद्धांतों से निर्देशित है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण से संबंधित सभी मामलों के तहत सुनवाई कर सकता है। वन अधिनियम 1980, वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981,जल अधिनियम 1974, जल उपकरण अधिनियम 1977, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986, जैव विविधता अधिनियम 2002 शामिल हैं। एनजीटी का न्यायिक क्षेत्र बहुत अधिक विस्तार है। इसे सिविल न्यायालय की शक्तियां की प्राप्त है और दंड के रूप में अधिकतम 3 वर्षों की सजा तथा ?10 करोड़ रुपये की धनराशि के आर्थिक दंड दे सकता है। समीक्षा बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जिला अधिकारी स्मिता कनोडिया ने एक-एक करके विभाग वार एनजीटी की हिदायतों के अनुसार केसों वास्तविक स्थिति बारे बारीकी से जानकारी दी।

# एडीसी ने ऊर्जा कुशल सौर पंप अपनाने के लिए किसानों को किया प्रेरित

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** एडीसी अपराजिता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सौर ऊर्जा को घर-घर तक लेकर जाने का है। उन्होंने कहा कि गर्मियों के मौसम में हमें नवीन ऊर्जा का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करना चाहिए जिससे हमारे प्राकृतिक संसाधन बच सके। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने आज बुधवार को गांव मोहना गांव की पंचायत वाटिका में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि सिंचाई उद्देश्य के लिए ऊर्जा कुशल सौर पंप अपनाने के लिए किसानों एवं स्वयं सहायता समूह के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा द्वारा



प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान के तहत 75 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पम्प के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं । इस योजना में केवल वही आवेदक पात्र होंगे जिन्होंने वर्ष 2019 से 2021 में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में 1 एच.पी. से 10 एच.पी. के बिजली आधारित पंप के लिए आवेदन किया था। एडीसी अपराजिता ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में हरियाणा सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि इन आवेदनकर्ताओं को अब 75 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पम्प दिये जाएँगे।

## संक्षिप्त खबरें

### 1. रेस्टोरेंट से हजारों रुपये की नकदी चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर बहालगढ़ के पास स्थित रेस्टोरेंट का दरवाजा तोड़कर चोर हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ले गया। रेस्टोरेंट संचालक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस को लग सके। सेक्टर-18 स्थित ओमेक्स सिटी निवासी राजकुमार ने बताया कि वह बहालगढ़ चौक के पास श्री मुरली वाला के नाम से तीन साल से रेस्टोरेंट चलाते हैं। उन्होंने बताया कि रात को चोर ने उनके रेस्टोरेंट में घुसकर कैश काउंटर से 15 हजार रुपये चोरी कर लिये। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई है। उन्होंने बताया कि उनके रेस्टोरेंट में इससे पहले भी दो बार चोरी की वारदात हो चुकी है। उन्होंने चोर का पता लगाकर गिरफ्तार करने की मांग की है। जिससे वह आगे चोरी की वारदात न कर सके। बहालगढ़ थाना पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**सीसीटीवी में कैद हुई वारदात**-चोरी करने वाला युवक सीसीटीवी में साफ दिख रहा है। वह चाइनीज काउंटर के सहारे छत पर पहुंचता है। वहीं रेस्टोरेंट में पहुंचकर अपनी शर्ट को उतारकर चेहरे पर बांध लेता है, जिससे पहचाना नहीं जा सके। पुलिस का मानना है कि चोरी की घटना करने वाला युवक आसपास का ही रहने वाला हो सकता है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। सीसीटीवी को कब्जे में ले लिया है। जल्द मामले का पटाक्षेप कर दिया जायेगा।

एसआई नरेश, जांच अधिकारी।

### विवि में प्रशासनिक विभाग में तैनात युवती से लाखों रुपये की नकदी ऐंठी, साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू

**सोनीपत:** जिले में साइबर ठगी का जाल फैलता जा रहा है। साइबर ठग लोगों को लगातार अपना निशाना बना रहे है। लोगों को झांसे में लेकर उनके बैंक खाते खाली किए जा रहे हैं। सोनीपत में अलग-अलग स्थानों पर विवि के प्रशासनिक विभाग में कार्यरत युवती समेत एक अन्य को झांसे में लेकर लाखों की ठगी कर ली गई। युवती को झांसे में लेकर साइबर ठगों ने 16 लाख रुपये ऐंठ लिये। वहीं केवाईसी करने के नाम पर 98 हजार रुपये निकाल लिये। साइबर थाना पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पहला मामला- युवती पर दबाव बना खाते में डलवाए 16 लाख रुपये-**
मूलरूप से केरल फिलहाल राई थाना क्षेत्र के सेक्टर-35 स्थित युवती ने बताया कि वह राई क्षेत्र के विश्वविद्यालय में प्रशासनिक विभाग में कार्यरत हैं। वह मोबाइल पर ऑनलाइन जॉब तलाश रही थी। इसी बीच उन्हें टेलीग्राम से कुछ होटल की समीक्षा करने के बदले प्रति होटल 50 रुपये देने का मैसेज मिला। जिस पर उन्होंने होटल की ऑनलाइन समीक्षा शुरू कर दी। युवती का कहना है कि इसकी एवज में उनके खाते में 400 रुपये का भुगतान भी हुआ। इसके बाद उसे साइबर ठगों ने झांसे में ले लिया। उन्होंने समीक्षा के लिए होटल को पसंद करने के लिए 30 फीसदी कमीशन देने के बहाने और एक साथ भुगतान करने के नाम पर झांसे में लिया। उसके बाद उन्होंने उन्हें धमकी दी कि उनकी निर्वस्त्र फोटो बनाकर वह वायरल कर देंगे। उसके बाद उनसे अलग-अलग बैंक खातों में 16 लाख 6 हजार 435 रुपये जमा कराए गए। युवती ने बताया कि उनसे 5 अप्रैल से 30 अप्रैल तक 18 बैंक खातों में राशि डलवाई गई। उन पर अब भी पैसे डालने का दबावा बनाया जा रहा है। साथ ही निर्वस्त्र फोटो वायरल करने की धमकी दी जा रही है। जिस पर तंग आकर उन्होंने साइबर थाना में शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम अब बैंक खातों व मोबाइल नंबर के आधार पर साइबर ठगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

मामला नंबर-2 क्रेडिट कार्ड में केवाईसी अपडेट के नाम पर खाते से निकाले 98 हजार रुपये क्रेडिट कार्ड में केवाईसी अपडेट करने के नाम पर सेक्टर-12 निवासी व्यक्ति को झांसे में ले खाते से 98 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पंकज ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर 8 मई को एक नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने कहा कि एसबीआई के क्रेडिट कार्ड से संबंधित केवाईसी अपडेट कर लें। इसके लिए उनके मोबाइल पर एसबीआई की तरफ से वेबपेज का लिंक भी भेजा गया। उन्होंने उस पर क्लिक किया तो उनके खाते से दो बार में 48960-48960 रुपये कुल 97 हजार 920 रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित का आरोप है कि अब दूसरे नंबर से फिर से लिंक भेजकर उसे अपलोड करने का दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही व्हाट्सअप पर कॉल कर लिंक को डाउनलोड करने की धमकी दी जा रही है। डाउनलोड नहीं करने पर उन्हें उनके परिवार के निर्वस्त्र फोटो वायरल की धमकी दी जा रही है। जिस पर साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वर्जनसाइबर ठगी की शिकायतें मिली है। इस संबंध में मुकदमें दर्ज कर लिए है। मामलों की गंभीरत से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द मामलों का पटाक्षेप कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। **राजीव सिंह, प्रभारी साइबर थाना।**

# प्रदेश में महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई का रही है अनेकों योजनाएं : सुनीता

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव**
आज भाजपा जिला कार्यालय 'अटल कमल पर नवनियुक्त प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्षा सुनीता दांगी का प्रवास रहा और उन्होंने प्रदेश महिला मोर्चा पदाधिकारियों और जिला महिला मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ एक बैठक की । इस अवसर पर महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्या नंदा डगला, प्रदेश उपाध्यक्षा व जिला प्रभारी प्रवीण जोशी, जिला अध्यक्षा राज बाला सरदाना मुख्य तौर पर उपस्थित रही। प्रदेश अध्यक्षा सुनीता दांगी ने बैठक के दौरान कहा कि 23 जनवरी 2015 को हरियाणा प्रदेश की धरती पानीपत से माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने बेटियों के हित के लिए और बेटियों को समाज में सामान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक युद्ध का ऐलान करते हुए "बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी। बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान की सफलता पुरे देश में गूंज रही है । आज हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा में माननीय मुख्यमन्त्री मनोहर लाल के सकारात्मक और अथक प्रयासों से इस अभियान ने रंग दिखाया है और आज देश व दुनिया इसकी सफलता देख रही है । हरियाणा सरकार ने अनेकों योजनाएँ जैसे लाड़ली योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मातृत्व



वन्दन योजना इत्यादि अनेकों योजनाओं को लागू कर, प्रोग्रामों की मोनिटरिंग कर, महिलाओं व किशोरियों को शिक्षा के माध्यम से जागृत करना आदि योजनाओं से लिंगानुपात सुधार में मदद मिली है। देश में बेटियों को बचाने का यह प्रयास मानवता का एक बेमिसाल उदाहरण है। महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्या नंदा डगला ने कहा कि मातृशक्ति और आधी आबादी की 'संपूर्ण भागीदारी' के बगैर देश और समाज तरक्की नहीं कर सकता । आज महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपने आप को साबित किया है। ऐसे में भाजपा महिला मोर्चा की सभी बहनों का योगदान भी इस संगठन को वैश्विक बनाने में अतुलनीय है । देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी ने महिलाओं के कल्याण के लिए जन कल्याण कारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सशक्त करने का कार्य किया है । भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती सुनीता दांगी ने कहा कि महिला मोर्चा द्वारा महिला सशक्तिकरण और कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों के विषय में अवगत करवाया ।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समर्द्धि योजना, उज्जवला योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, फ?ी सिलाई मशीन योजना आदि कल्याणकारी योजनाओं से महिलाएँ सशक्त हुई हैं । श्रीमती दांगी ने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करवाने के लिए कटिबद्ध हैं। बैठक में अर्चना ठाकुर, आशा हुड्डा, राजराना बालियान, गीता रक्सवाल, अंजु भडाना, अनीता शर्मा, चित्रा शर्मा, चन्द्रान्शु नेहवाल, सुभलेश मलिक, संदीप कौर, आशा रानी, ममता राघव, अलका भाटिया, पिंकी शर्मा,गीता सिंह, डॉ एकता शर्मा,मेघना श्रीवास्तव और महिला मोर्चा की मण्डल अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रही ।

# ऑनलाइन पोर्टल पर आई सीएम विंडो और अन्य शिकायतों का समय अनुसार करें निपटारा: सीटीएम

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव** फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)। सीटीएम अमित मान ने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल पर आई सीएम विंडो और अन्य शिकायतों का समय अनुसार निपटारा करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के जिला एचओडी ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली को अपडेट रखें। सीटीएम अमित मान ने आज बुधवार को सेक्टर-12, लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम पोर्टल पर प्राप्त हुई शिकायतों के



निपटान की समीक्षा बैठक कर विभाग वार मॉनिटरिंग कर रही थी। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम पर आई शिकायतों का समाधान नियमित रूप से जल्द से जल्द करें। एडीसी ने कहा कि सभी विभागों के उनके विभाग से संबंधित जिला अधिकारी सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम सहित अन्य प्राप्त हुई शिकायतों का गंभीरता के साथ निर्धारित समय पर डेलीबेसिज निपटारा करना सुनिश्चित करें।

### सेक्टर 14 में मिला युवती का शव

**हिसार।** शहर के सेक्टर-14 में बनी झुग्गियों के पास संदिग्ध अवस्था में एक युवती का शव मिला है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि शव के हाथ व पैरों पर चोट के निशान हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। आस-पास के लोगों में चर्चा है कि युवती का मोरी गेट के रहने वाले एक लड़के से अफेयर था। वह उसके पास अक्सर आता-जाता रहता था। किसी बात को लेकर करीब 10-15 दिन पहले इनका आपस में झगड़ा भी हुआ था। उसके बाद उसकी मां अपने मायके यूपी चली गई थी। बीती देर शाम युवक का भांजा और एक लड़की युवती से मिलने के लिए झोपड़ी में आई थी।

# पहलवान बेटियों के समर्थन में इनेलो ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव**
सैक्टर 12 जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर इनेलो व बेटी बचाओ अभियान ने जंतर-मंतर पर बैठी पहलवान बेटियों के समर्थन में धरना दिया व जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में डब्ल्यूएफआई प्रमुख ब्रृज भूषण को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का व उन्हें डब्ल्यूएफआई प्रमुख से हटाने की माँग रखी गई। इनेलो नेता महिला जिला अध्यक्ष जगजीत कौर ने कहा कि सरकार बृजभूषण को इस गुनाह से बचा रही है। उन्होंने कहा कि इतना घौर अपराध लगने के बाद बृजभूषण सरकार की सहायता से अभी भी डब्ल्यूएफआई प्रमुख पद पर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पुलिस जल्द से जल्द बृजभूषण को गिरफ्तार करे और सरकार उन्हें डब्ल्यूएफआई प्रमुख पर से हटाए नहीं तो हम पूरे जिले में सडकों पर उतरकर रोष प्रकट करेगें। उन्होंने कहा कि इनेलो प्रमुख माननीय ओम प्रकाश चौटाला व अभय चौटाला के इन बेटियों को समर्थन देने के बाद से यह आन्दोलन पूरे प्रदेश में चलेगा। बेटी बचाओ अभियान के राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि जब देश की दो पहलवान बेटियों ने ब्रृज भूषण पर गलत तरीके से छाती छूने और गले लगाने के गम्भीर आरोप लगाये और उस पर एफआरआई भी दर्ज हो गई है तो उन्हें सांसद व डब्ल्यूएफआई प्रमुख पर रहने का कोई मतलब ही नहीं रह जाता। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था पिछले 20 वर्षो से बेटियों के हकों की लड़ाई लड़ रही है यह तो देश की होनहार बेटियों के यौन शौषण का मामला है इस पर देश के प्रत्येक नागरिक को सडकों पर उतर आना चाहिये। हरीश आजाद ने उन भाजपा नेताओं का आभार व्यक्त किया है जो अब खुलकर पार्टी के इस विषय का विरोध कर रहे हैं और भाजपा नेता चौ. विरेन्द्र सिंह ने तो पहलवान बेटियों के समर्थन में आने का ऐलान कर दिया है जिसका हमारी संस्था स्वागत करती है।

# मानव रचना में 'अवलोकन फिल्म फेस्टिवल का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
**मानव** रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज के स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज एंड ह्यूमेनिटीज, पत्रकारिता और जनसंचार विभाग की ओर से वार्षिक फिल्म फेस्टिवल 'अवलोकन- द क्रिएटिव काइट्स 2023 का आयोजन हुआ। सोनी एंड वुडपेकर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल एंड फोरम के साथ आयोजित हुए इस समारोह में लघु फिल्म श्रेणी के तहत एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन की फिल्म 'लिपस्टिक और डॉक्यूमेंट्री श्रेणी में एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड



टेलीविजन की 'साह जर्नी ऑफ चायइ को सर्वश्रेष्ठ फिल्म चुना गया। फिल्म फेस्टिवल का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्यूमेंट्री फिल्म निमार्ता श्री विजय एस जोधा ने कहा कि देश के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। इस तरह के आयोजन छात्रों को उनकी रचनात्मकता दिखाने को मंच प्रदान करते हैं। एमआरईआई के डायरेक्टर जनरल श्री एनसी वाधवा ने कहा कि फिल्में भावनाओं का प्रदर्शित करने का रचनात्मक तरीका हैं। कार्यक्रम में ज्यूरी सदस्यों के तौर पर श्री राम नरेंद्र यादव और श्री विजय लोकपल्ली शामिल हुए। इस दौरान संस्थान के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल श्री आरके आनंद, फैकल्टी ऑफ मीडिया स्टड़ीज एंड ह्यूमेनिटीज की डीन डॉ. मैथिली गंजू, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग प्रमुख डॉ. किरण बाला भी उपस्थित रहे। फिल्म फेस्टिवल में आईआईएमसी, एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन , बेनेट यूनिवर्सिटी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, वाईएमसीए, एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन सहित देशभर से करीब 70 संस्थानों ने भाग लिया।

# अग्रवाल महविद्यालय के अर्थशास्त्र, प्रबंध व विभागों द्वारा दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव**
अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में अर्थशास्त्र, प्रबंध और वाणिज्य विभागों के तत्वावधान में चेंजिंग सिनेरियो ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड: गेन्स एंड चैलेंजेस फॉर इंडिया विषय पर दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा अनुमोदित था। जिसका आज 10 मई को समापन समारोह हुआ। इस सम्मेलन को कुल 8 तकनीकी सत्रों में विभाजित किया गया जिसमें से 4 तकनीकी सत्रों का आयोजन पहले दिन अर्थात 9 मई 2023 को किया गया था। अगले



4 तकनीकी सत्रों का आयोजन 10 मई 2023 को किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020: चैलेंजेस एंड अपॉरच्युनिटी शीर्षक किताब का विमोचन भी किया गया। दूसरे दिन पांचवें सत्र की अध्यक्षता डॉ. विजित चतुर्वेदी एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा द्वारा की गई, आमंत्रित वार्ता प्रोफेसर एस.के. चक्रवर्ती, फॉर्मर हेड डीन एकेडमिक्स एनआईटी, कुरुक्षेत्र द्वारा दी गयी, उन का विषय था डब्ल्यू .टी.ओ. एडवांटेज एंड डिसएडवांटेज। उन्होंने वार्ता में इकोनॉमिक्स और फिजिक्स को जोड़कर ईकोनोफिजिक्स शब्द का प्रयोग किया और आगे इसी पर शोध करने की आवश्यकता को उजागर किया उन्होंने वीडिओज के माध्यम से बड़े ही रोमांचित तरीके से डब्ल्यू.टी.ओ. के फायदे और नुकसानों को बताया। पांचवें सत्र का मंच संचालन डॉ. डिंपल द्वारा सुचारू रूप से किया गया। छठे सत्र में अध्यक्ष की भूमिका डॉ. रेनू अग्रवाल, जे.सी. बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, फरीदाबाद ने निभाई तथा आमंत्रित वार्ता डॉ. विजित चतुर्वेदी, एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा द्वारा दी गई। उनकी थीम स्ट्रेटेजिक एंड ट्रांसफोर्मेटिव पोजिशनिंग ऑफ इंडिया एज ए ग्लोबल डेस्टिनेशन आप फ्यूचरिस्टिक आस्पेक्ट। उन्होंने हमारे देश के विभिन्न विभागों जैसे रक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बैंकिंग और बीमा व शोध विभाग के विकास के बारे में बताया तथा यह भी बताया कि ये विभाग कैसे आत्मनिर्भर बन रहे हैं। इसी सत्र में दूसरी आमंत्रित वार्ता डॉ. प्रगति चौहान, विभागाध्यक्ष एम.बी.ए, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज द्वारा दी गयी। जिनका विषय कैपिटलाइज ऑन आवर स्ट्रेंथ्स टू बिल्ड इन्क्लूसिव एंड रेजिलिएंट इकॉनमी रहा। इन्होंने अपनी वार्ता में संभार तंत्र के विषय पर बात की तथा यह भी बताया कि व्यापार को आसानी से कैसे किया जा सकता है। इसके अलावा इन्होंने आयात तथा निर्यात की महत्त्वता को बताते हुए उसके संतुलन पर भी प्रकाश डाला।

सातवें सत्र में अध्यक्ष की भूमिका अग्रवाल महविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत जी ने निभाई। इस सत्र की आमंत्रित वार्ता डॉ. प्रियंका सिंह द्वारा दी गई। उनकी वार्ता का विषय द इंपैक्ट ऑफ डिजिटल मार्केटिंग ऑन इंटरनेशनल ट्रेड रहा। उन्होंने बताया कि पहले व्यापार करना आसान नहीं था, लेकिन डिजिटल मार्केटिंग की मदद से नए बजारो में प्रवेश पाना आसान हुआ है। इसी सत्र में दूसरी आमंत्रित वार्ता डॉ. मनोज शुक्ला हेड डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स को ऑर्डिनेटर आई.क्यू.ए.सी, अग्रवाल महविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा दी गई। उनका विषय था इंटरनेशनल ट्रेड चैलेंजेज एंड अपॉर्च्युनिटीज। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के फलस्वरूप किसी भी अर्थव्यवस्था को होने वाले लाभों और चुनौतियों के बारे में बताया। आठवें सत्र के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर जयप्रकाश यादव, वाइस चांसलर इंदिरा गाँधी यूनिवर्सिटी, मीरपुर, रेवाडी रहे। मुख्य अतिथि ने बताया कि अगर कोई देश अपनी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाना चाहता है तो उसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाना होगा इसके अलावा उन्होंने अंतरराष्ट्रीय व्यापार के बदलते हुए स्वरूप के बारे में भी बताया। उन्होंने महाविद्यालय को इस तरह के विषयों पर आगे भी सम्मेलन कराने के लिए प्रोत्साहित किया क्योंकि इस तरह के विषय आज के समय की मांग है।इस समापन समारोह की अध्यक्षता महाविध्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी ने की, उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार देश के औद्योगिक विकास में भी सहायक होता है उद्योगों के विकास हेतु जो साधन देश में उपलब्ध नहीं है उनका विदेशों से आयात किया जा सकता है और जो संसाधन देश के पास अधिक मात्रा में है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group
Fro- t Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 11 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

## न्यूज फ्लैश

### वध के लिए लायी गई गायों को मुक्त कराया

**हरिद्वार।** गौकशी के मकसद से चुराकर जंगल में लाई गयी गायों को समय रहते भगवानपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुक्त कराया और उन्हें गौशाला भिजवा दिया। पुलिस के आने की भनक लगते ही आरोपित मौके से भाग गए। बुधवार तड़के भगवानपुर पुलिस को सूचना मिली कि गौशाला से चुराकर 2 गाय ग्राम खेड़ी के जंगलों में अज्ञात व्यक्तियों ने बांध रखी हैं, जिन्हें रात में काटा जा सकता है। सूचना पर तुरन्त हरकत में आई पुलिस ने मौके पर पहुंच दोनों गायों को मुक्त कराया, जिन्हें गौकशी के मकसद से आरोपितों ने बांध रखा था।

### सुसवा नदी में चलाया स्वच्छता अभियान

**ऋषिकेश।** स्वजल परियोजना देहरादून की ओर से नमामि गंगे ग्राम पंचायत लिगेसी वेस्ट मैनेजमेंट कार्यक्रम के दौरान गंगाजी की सहायक सुसवा नदी में स्वच्छ्ता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिलाधिकारी देहरादून की अध्यक्षता में गठित जिला गंगा सुरक्षा समिति के नामित सदस्य पर्यावरण सचेतक विनोद जुगलान ने स्वयं नदी में प्रवेश कर छात्रों के साथ स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। कार्यक्रम में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहरी माफी के छात्र छात्राओं स्वच्छता अभियान से पूर्व जनजागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित पर्यावरण सचेतक विनोद जुगलान ने गोहरी माफी में गंगाजी की सहायक नदियों में आसपास के ग्रामीणों के कूड़ा विसर्जित किये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे योजना के तहत सम्मिलित ग्राम पंचायतों में इस तरह नदियों में प्लास्टिक और अन्य कूड़ा फेंका जाना न केवल जलीय जीवों के जीवन के प्रति संकट को उत्पन्न करता है बल्कि गंगाजी के प्रति श्रद्धा रखने वाले करोड़ों लोगों की आस्था को आहत करने वाला दण्डनीय अपराध भी है। ग्राम पंचायतों को कूड़ा निस्तारण के लिए स्थानीय लोगों को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि जागरूकता के बावजूद भी गंगाजी की सहायक नदियों को कूड़ा डालकर गन्दा करने वालों का चालान काटने की व्यवस्था स्थानीय प्रशासन को करनी चाहिए। गंगा नदी मात्र नदी हमारी सांस्कृतिक विरासत भी हैं। इसकी सहायक नदियां जल संवाहिकाएं हैं जो हमें जल जीवन प्रदान करती हैं। गाड़ गदेरे बचेंगे तो सदानीरा गंगा का अस्तित्व बचा रहेगा। उन्होंने कहा कि गांवों की स्वच्छता में ग्राम प्रधान और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता जनजागरूकता में प्रमुखता से आगे आना चाहिए।

### सपा विधायक ने भाजपा उम्मीदवार के पति की पीटा

**अमेठी।** समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक राकेश प्रताप सिंह का एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें वह गौरीगंज कोतवाली के अंदर भाजपा से नगर पालिका उम्मीदवार रश्मि सिंह के पति दीपक सिंह को पीटते नजर आ रहे हैं। इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो में साफ-साफ दिख रहा है कि सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह अपने समर्थकों के साथ मिलकर दीपक सिंह को पीट रहे हैं। पुलिस ने बीच-बचाव भी किया, लेकिन समर्थक दीपक को पीटने में अमादा रहे। किसी तरह मामले को शांत कराया गया है। पिटाई का यह वीडियो किसी ने सोशल मीडिया में सार्वजनिक कर दिया है।

# पाक में अस्थिरता पर भारत की नजर

## इमरान खान की गिरफ्तारी पर नहीं की कोई टिप्पणी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्व** पीएम इमरान खान की गिरफ्तारी के साथ ही पाकिस्तान लंबे समय तक राजनीतिक अस्थिरता की जाल में फंसता दिख रहा है। खास तौर पर मौजूदा अस्थिरता को जिस तरह से पाकिस्तानी सेना के साथ जोड़कर देखा जा रहा है, उसके दूरगामी असर की बातें कही जा रही है।

**पड़ोसी मुल्क पर भारत की पैनी नजर:** अपने पड़ोसी देश में चल रही राजनीतिक उठापटक पर भारत की पैनी नजर तो है ही साथ ही वह सीमा की चौकसी व कश्मीर की आतंरिक सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी बेहद सतर्क है। आधिकारिक तौर पर भारत ने इमरान खान की गिरफ्तारी पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन इस बात की सूचना मिली है कि परमाणु संपन्न इस पड़ोसी देश के हर पल के हालात की लगातार निगरानी की जा रही



है। पाकिस्तान को लेकर विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने हाल ही में बताया था कि वहां जब तक राजनीतिक स्पष्टता नहीं आएगी तब तक रिश्ते सुधारने की कोई बात करने का मतलब नहीं है। यही वजह है कि वर्ष 2018 में जब इमरान खान पाकिस्तानी सेना की मदद से सत्ता में दाखिल हुए थे तब भी भारत ने उनकी सरकार के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने की कोई कोशिश नहीं की। उल्टा जब भी पाकिस्तान समर्थित आंतकवादियों ने भारत में कोई घटना को अंजाम दिया तो भारत ने उसका करारा जवाब दिया था। यहां तक पिछले हफ्ते गोवा में शंघाई सहयोग संघठन के दौरान पाकिस्तान के विदेश मंत्री

### दूरगामी असर

**सीमा की चौकसी व कश्मीर की आतंरिक सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी बेहद सतर्क है**

बिलावल भुट्टो को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जो कड़ा बयान दिया उसके पीछे भी यही सोच है कि मौजूदा हुक्मरानों के साथ रिश्ते सुधारने की कोशिश करने का कोई भविष्य नहीं है। भारत ने पूर्व में पाकिस्तान के साथ रिश्ते सुधारने के तभी कदम उठाये हैं जब वहां सत्ता को लेकर निश्चितता रही है। चाहे पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की तरफ से लाहौर बस यात्रा हो या पूर्व सैन्य तानाशाह परवेज मुशर्रफ के साथ वाजपेयी और बाद मे मनमोहन सिंह सरकार की पहल हो या वर्ष 2015 में पीएम नरेन्द्र मोदी की तरफ से नवाज शरीफ की सरकार के साथ दोस्ती का हाथ बढ़ाने की पेशकश हो, लेकिन जबसे शरीफ सरकार को वर्ष 2017 में बेदखल किया गया उसके बाद से भारत की तरफ से द्विपक्षीय रिश्तों को सुधारने को लेकर कोई रूचि नहीं दिखाई गई है।

**"सेना के निशाने पर हैं इमरान खान":** वजह बताते हुए देश के प्रमुख रणनीतिक विशेषज्ञ ब्रह्मा चेलानी का कहना है कि इमरान खान कभी पाकिस्तान सेना के सबसे पसंदीदा राजनेता रहे हैं। उसकी मदद से ही वह सत्ता हासिल किये थे। अब वह सेना के निशाने पर हैं और इस वजह से ही उनकी गिरफ्तारी हुई है। यह गिरफ्तारी इमरान खान की तरफ से एक खुफिया अधिकारी के खिलाफ आरोप लगाने और इस आरोप को पाक सेना की तरफ से खारिज किये जाने के एक बाद हुई है।

# द केरल स्टोरी' के निर्माताओं ने खटखटाया 'सुप्रीम' दरवाजा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**फिल्म** 'द केरल स्टोरी' को लेकर विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। पश्चिम बंगाल में फिल्म पर पाबंदी के खिलाफ निर्माताओं ने राज्य सरकार के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट 12 मई को सुनवाई करेगा।

**सत्य पर आधारित है 'द केरल स्टोरी':** पश्चिम बंगाल में 'द केरल स्टोरी' पर लगाए बैन पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक ने कहा कि इस फिल्म को बंगाल में भी हर सिनेमाघर में दिखाना चाहिए। ममता बनर्जी को हर बात में राजनीति दिखाई देती है। 'द कश्मीर फाइल्स' भी सत्य पर आधारित थी और 'द केरल स्टोरी' भी सत्य घटना पर आधारित है।

**'हम हर दिन पैसे गंवा रहे हैं':** फिल्म निर्माताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने तत्काल लिस्टिंग के लिए याचिका का उल्लेख किया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ 12 मई को इस पर सुनवाई करने के लिए तैयार हो गई। हरीश साल्वे ने कहा, 'हम हर दिन पैसे



गंवा रहे हैं और अब एक और राज्य है जो फिल्म को बैन कर रहा है।'

**पश्चिम बंगाल में बैन की गई फिल्म:** बता दें कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 'घृणा और हिंसा की किसी भी घटना से बचने और राज्य में शांति बनाए रखने के लिए' राज्य में फिल्म के प्रदर्शन पर तत्काल प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। निमार्ताओं ने तर्क दिया कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा सार्वजनिक रूप से देखने के लिए प्रमाणित फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की राज्य सरकार के पास कोई अधिकार नहीं है। फिल्म निर्माताओं की दलील में कहा गया है कि राज्य सरकार फिल्म के प्रदर्शन को रोकने के लिए कानून और व्यवस्था के मुद्दों का हवाला नहीं दे सकती है,यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा।

# इजरायल में मिलेगा 42 हजार भारतीयों को रोजगार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आने** वाले दिनों में बड़ी संख्या में भारतीय कुशल कामगारों को इजरायल में अस्थाई तौर पर नौकरी मिलने की राह खुल गई है। दोनों देशों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुआ है, जिससे शुरूआत में ही 42,000 भारतीय कामगार इजरायल में निर्माण और नर्सिंग के क्षेत्र में काम करने का मौका मिलेगा। उम्मीद है कि भारत से कामगारों को जोड़ने से इजराइल में रहने की बढ़ती समस्या से निपटने में मदद मिलेगी और नर्सिंग देखभाल के लिए इंतजार कर रहे हजारों परिवारों को मदद मिलेगी। इजरायल की तरफ से बताया गया है कि 34 हजार श्रमिकों को निर्माण क्षेत्र में और अन्य आठ हजार को नर्सिंग जरूरतों के लिए लगाया जाएगा। भारत के दौरे पर पहुंचे एलि कोहेन ने पीएम नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ अलग-अलग मुलाकात की। भारतीय नेताओं के साथ उनकी वार्ता में दोनो देशों ने मौजूदा द्विपक्षीय रिश्तों की विस्तार से समीक्षा की है और रणनीतिक रिश्तों को ज्यादा प्रगाढ़ बनाने के उपायों पर बात की है। इस क्रम में ही भारतीय मजदूरों को इजरायल में अस्थाई रोजगार देने से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर हुआ है। इसका आगे काफी विस्तार हो सकता है।

**इजरायल चाहता है मुक्त व्यापार समझौता:** अपनी मुलाकात के दौरान इजरायल के विदेश मंत्री भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते करने को लेकर काफी वकालत की। जबकि रक्षा मंत्री सिंह ने कोहेन के माध्यम से इजरायल की रक्षा कंपनियों को भारत में निवेश बढ़ाने व संयुक्त निर्माण शुरू करने की पेशकश की है।

# कर्मचारियों का कौशल भी निखारेंगी निजी कंपनियां

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश** में इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने निवेशकों को तमाम तरह के प्रोत्साहन और सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। खासतौर पर उन निवेशकों को और अधिक प्रोत्साहित किया जाएगा, जो कर्मचारियों के कौशल विकास को महत्व देंगे। इसके लिए ईवी मैन्युफैक्चरिंग एंड मोबिलिटी पॉलिसी में प्राविधान किए गए हैं। पॉलिसी के क्रियान्वयन से संबंधित नियमावली में कौशल विकास के लिए वित्तीय प्रोत्साहन के बारे में स्पष्ट जानकारी प्रदान की गई है। इसके अनुसार प्रदेश में ईवी



मैन्युफैक्चरिंग में निवेश करने वाली कंपनियों को कौशल विकास सब्सिडी प्रदान की जाएगी। यही नहीं, किसी वर्ष विशेष में कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए अलग से वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक कार्यक्रम में प्रदेश में निवेश करने वाली कंपनियों से अपील की थी कि वे प्रदेश में निवेश के साथ-साथ युवाओं के कौशल विकास का भी प्रयास करें, ताकि भविष्य के लिए एक कुशल मैनपावर का सृजन किया जा सके। इसके लिए उन्होंने सरकार की ओर से हर संभव मदद देने का भी आश्वासन दिया था।

### कौशल विकास

**खासतौर पर उन निवेशकों को और अधिक प्रोत्साहित किया जाएगा, जो कर्मचारियों के कौशल विकास को महत्व देंगे**

**कर्मचारियों का होगा लाभ:** विभागीय अधिकारी बताते हैं कि ईवी पॉलिसी में कौशल विकास सब्सिडी का उल्लेख किया गया है। इसके अनुसार सभी परिभाषित विनिर्माण परियोजनाओं के लिए स्टाइपेंड की प्रतिपूर्ति के रूप में अधिकतम 50 कर्मचारियों को प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष पांच हजार रुपये की दर से एक बार सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

# कर्ज से परेशान किसान ने खुदकुशी की

**जालौन।** एट कस्बे के ग्राम सतोह में एक किसान ने बुधवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा। किसान के बैंक कर्ज और आर्थिक तंगी के चलते आत्महत्या करने की बात कही जा रही है। ग्राम सतोह निवासी 38 वर्षीय किसान वीर बहादुर प्रजापति ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी ने पति का शव फंदे से लटका देखा तो चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना पर एट थाना पुलिस पहुंची और शव को लेकर पूछताछ की। परिवार के लोगों ने बताया कि दिवंगत किसान दो भाई थे।

# 'एमपी में भी बजरंग दल पर लगेगा प्रतिबंध'

**टीम एक्शन इंडिया/रतलाम**
**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। अब इस मुद्दे को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री और झाबुआ विधायक कांतिलाल भूरिया का विवादित बयान सामने आया है। रतलाम आए भूरिया ने कहा कि यदि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आती है तो यहां भी बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाया जायेगा। कांतिलाल भूरिया द्वारा बजरंगदल को लेकर दिए गए बयान के बाद देर शाम को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अपना विरोध अलग तरीके से जताया।



**हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बुधवार को उनके आवास संत कबीर कुटीर पर केंद्रीय इस्पात और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने शिष्टाचार भेंट की।**




## नारी शक्ति

**राष्ट्रीय आजीविका मिशन ने नारी शक्ति को एक नई पहचान और दिशा दी है**

# .....तो ग्रामीण महिलाएं तेजी से होने लगी आत्मनिर्भर

**टीम एक्शन इंडिया/ पटना/बेगूसराय**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने आजीविका मिशन को राष्ट्रीय मिशन बनाकर ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का मंत्र दे दिया है। अवसरों का सृजन कर गरीबी दूर करने की दिशा में पहल बन चुकी दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय आजीविका मिशन करोड़ों ग्रामीण परिवारों की समृद्धि का श्रोत बन गया। राष्ट्रीय आजीविका मिशन ने नारी शक्ति को एक नई पहचान और दिशा दी है। इसके साथ ही छोटे-छोटे समूहों के माध्यम से प्रशिक्षित, प्रेरित, मार्गदर्शित हुई महिलाएं स्वावलंबन की नई राह पर



आगे बढ़ रही हैं। 2011 में शुरू राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के परिवारों को लक्ष्य समूह बनाकर दायरे में रखा गया था। 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी सरकार ने योजना का आकलन किया तो उसका दायरा भी बढ़ाया। नाम बदलकर दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) किया। अब सामाजिक आर्थिक और जातिगत जनगणना 2011 के डेटाबेस के अनुसार कम से कम एक तरह के अभाव वाले सभी परिवारों को मिशन के लक्ष्य समूह में शामिल कर लिया गया। इससे महिला स्वयं सहायता समूहों की संख्या तेजी से बढ़ी। तब से अपने नाम और लक्ष्य को चरितार्थ कर रहा यह मिशन समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है। आर्थिक प्रगति के कारण महिलाएं और उनका परिवार गरीबी से बाहर आने लगा है, उनके जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार हो रहा है। मिशन की आधारशिला समुदाय आधारित है और ग्रामीण महिलाएं इसके मूल में हैं।